✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



पूर्व मंत्री छेदी राम ने अपने पुत्र राकेश राम के साथ थामा कांग्रेस का दामन

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 78 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 13 अगस्त 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

### 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने के बाद सीएम मुख्यमंत्री ने उपभोक्ताओं से लिया फीडबैक

# सौर उर्जा को भी दिया जा रहा बढ़ावा : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को राज्यभर के उपभोक्ताओं से सीधा संवाद करते हुए 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना और ऊर्जा क्षेत्र में हुए सुधारों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज जो महत्वपूर्ण और अच्छा काम हुआ है, उसका श्रेय ऊर्जा विभाग के निरंतर प्रयासों को जाता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने सभी घरेलू उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली देने का निर्णय लिया है। इसे लागू भी कर दिया गया है। इससे सभी उपभोक्ताओं में खुशी का माहौल है। पुराने दौर की स्थिति को याद करते हुए उन्होंने कहा कि आप तो जानते ही हैं कि साल 2005 से पहले कोई काम नहीं होता था। बिजली की हालत यह थी कि राजधानी पटना में भी सिर्फ सात-आठ घंटे ही बिजली मिलती थी। उन्होंने बताया कि 24 नवंबर 2005 को सरकार संभालने के बाद बिजली सुधार पर विशेष जोर दिया गया और ऊर्जा विभाग का बजट बढ़ाया गया। नीतीश कुमार ने कहा कि 2015 में 'सात निश्चय' योजना के तहत हर घर बिजली देने का निर्णय लिया गया था और 2018 तक यह काम पूरा कर लिया गया। शुरू से ही लोगों को बेहद कम दरों पर बिजली उपलब्ध कराई गई और अब 1 करोड़ 89 लाख परिवारों को मुफ्त बिजली दी जा रही है। उन्होंने बताया कि राज्य में सौर ऊर्जा को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। जैसे सरकारी भवनों पर सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं, वैसे ही अगर लोग चाहेंगे तो उनके घर की छत पर भी इसे लगवाया जाएगा। सबसे पहले मेरे सीएम हाउस में सोलर पैनल लगाया गया था, फिर अन्य जगहों पर भी यह काम किया गया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम से जुड़े 16 लाख उपभोक्ताओं को बधाई दी। ऊर्जा विभाग के मंत्री विजेंद्र यादव के काम की तारीफ करते हुए कहा कि विभाग की जिम्मेदारी शुरुआत से उन्हीं के पास है। वे लगातार बेहतरीन काम कर रहे हैं। ऊर्जा मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा बिहार के बंटवारे के समय ऊर्जा उत्पादन की स्थिति बेहद कमजोर थी। तब केवल 110 मेगावाट के दो यूनिट बरौनी में और एक यूनिट मुजफ्फरपुर में थे। मंत्री ने कहा कि नीतीश कुमार के कार्यभार संभालने के बाद बिजली उत्पादन में बड़ा बदलाव आया। मुख्यमंत्री ने 2000 मेगावाट क्षमता वाले नेवी नगर प्लांट, 500 मेगावाट के बरौनी प्लांट और 400 मेगावाट के मुजफ्फरपुर प्लांट को शुरू कराया। आज बिहार की बिजली क्षमता 8500 मेगावाट से आगे पहुंच चुकी है। संवाद के दौरान सुपौल से जुड़ीं कोमल कुमारी ने कहा, मैं मुख्यमंत्री को धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने 125 यूनिट बिजली मुफ्त करने का निर्णय लिया। इस योजना से जो पैसा बचेगा, उसे मैं अपनी बेटी के खाते में जमा करूंगी। नालंदा जिले की नीता कुमारी ने कहा, आपकी वजह से हमें 125 यूनिट मुफ्त बिजली मिल रही है। अब इस बचत को मैं बच्चों की पढ़ाई पर खर्च करूंगी। मुजफ्फरपुर की गुड़िया खातून ने बताया कि पहले 125 यूनिट के लिए उन्हें लगभग 700 का रिचार्ज करना पड़ता था। लेकिन, अब यह पूरी तरह मुफ्त हो गया है। मुख्यमंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद। इस महीने मेरा बिजली बिल जीरो आया है।



# सजा पूरी कर चुके कैदियों को तुरंत रिहा करें : सुप्रीम कोर्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक अहम निर्देश में कहा है कि जो भी कैदी अपनी सजा पूरी कर चुके हैं, उन्हें तुरंत रिहा किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के गृह सचिवों को निर्देश दिया है कि वे इस बात की पुष्टि करें कि सजा पूरी कर चुका कोई कैदी अभी भी जेल में तो बंद नहीं है। अदालत ने ये भी कहा कि अगर कोई ऐसा कैदी पाया जाता है, जिसकी सजा पूरी हो चुकी है और वह किसी अन्य मामले में वांछित नहीं है तो उसे तुरंत रिहा किया जाए। जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस के वी विश्वनाथन की पीठ ने 2002 के नीतीश कटारा हत्याकांड में दोषी पाए गए सुखदेव यादव उर्फ पहलवान की रिहाई का आदेश देते हुए यह निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि यादव को इस साल मार्च में बिना किसी छूट के 20 साल की सजा पूरी कर ली है। पीठ ने कहा, 'इस आदेश की प्रति रजिस्ट्री द्वारा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के गृह सचिवों को भेजी जानी चाहिए ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या कोई आरोपी या दोषी सजा की अवधि से अधिक समय तक जेल में तो बंद नहीं है।' सुप्रीम कोर्ट ने आदेश की एक प्रति राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव को भी भेजने का भी निर्देश दिया ताकि इसे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विधिक सेवा प्राधिकरणों के सभी सदस्य सचिवों को भेजा जा सके और जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों को इस बारे में सूचित किया जा सके। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि यादव को अपनी सजा पूरी करने के बाद रिहा किया जाना चाहिए था। पीठ ने कहा, '9 मार्च, 2025 के बाद अपीलकर्ता को और अधिक कारावास में नहीं रखा जा सकता। 10 मार्च, 2025 को ही अपीलकर्ता को उसकी सजा पूरी करने के बाद रिहा किया जाना चाहिए था।

## संक्षिप्त समाचार

### बाढ़ के पानी में डूबने से बुजुर्ग की मौत

**आरा(भोजपुर)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शोभी डुमरा गांव में बाढ़ के पानी में डूबने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। वे बैंक से पैसा निकालने के लिए गए थे। घर लौटते समय पानी में डूब गए। ग्रामीणों से हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। पानी से बाहर निकाला। तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मृतक की पहचान तीमर पासवान के तौर पर हुई है।

### बेहोशी की हालत में मिले युवक की मौत

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** खगड़िया जिले के ओपी क्षेत्र में 5 अगस्त को बेहोशी की हालत में मिले सांखू गांव निवासी अरविंद कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद लाश गांव पहुंचते ही परिजन व ग्रामीण आक्रोशित हो गए। गांव के नजदीक ही बखरी-खगड़िया सड़क को जाम कर यातायात ठप कर दिया है। सड़क जाम की सूचना पर गंगौर ओपी की पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन लोगों ने उसे खदेड़ कर भगा दिया।

### लापता युवक का मिला शव

**बक्सर(नबिटा ब्यूरो)।** इटाढ़ी थाना क्षेत्र में रक्षाबंधन के दिन लापता हुए युवक का शव मंगलवार को ठोरा नदी से बरामद हुआ है। मृतक की पहचान इटाढ़ी निवासी छोटू कुमार कुशवाहा के रूप में हुई है। छोटू 9 अगस्त को अचानक लापता हो गया था। परिजनों ने उसी दिन इटाढ़ी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मृतक के पिता लक्ष्मण सिंह कुशवाहा का आरोप है कि जमीन के रास्ते के विवाद में पाटीदार श्रीराम और रामबचन कुशवाहा ने उनके बेटे का अपहरण कर हत्या कर दी। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पेड़ से लटकी मिली मां-बेटी रेप के बाद हत्या की आशंका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सीतामढ़ी।** बाजपट्टी थाना क्षेत्र के पटदौरा गांव में मंगलवार की सुबह मां-बेटी का शव आम के पेड़ से लटका मिला है। हालांकि, दोनों की पहचान नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों ने रेप के बाद हत्या की आशंका जताई है। मृतक महिला की उम्र लगभग 35 साल और बच्ची की उम्र करीब 7 साल बताई जा रही है। गांव की कुछ महिलाएं मंगलवार की सुबह मवेशियों के लिए चारा लेने खेत गई थीं। इसी दौरान इन महिलाओं ने पेड़ से लटका शव देख तो ग्रामीणों को सूचना दी। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। फिर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद बाजपट्टी थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हत्या कर शव लटकाया लग रहा है। दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सीतामढ़ी सदर अस्पताल भेज दिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। एक ही साड़ी के दोनों छोड़ से मां-बेटी के गले में फंदा लगा है। महिला के शरीर पर कपड़े नहीं थे थानाध्यक्ष सुखविंद्र नैन ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। शवों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। शुरुआती जांच में रेप के बाद हत्या करने की आशंका है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण सामने आएगी। फिलहाल, आसपास के थानों की मदद से शव की पहचान की जा रही है।

# रिश्वत लेते राजस्व कर्मचारी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पटना से आई निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने एक राजस्व कर्मचारी को 20 हजार की रिश्वत लेते मंगलवार को धर दबोचा। गिरफ्तार राजस्व कर्मचारी प्रमोद कुमार ओबरा अंचल कार्यालय में पदस्थापित है। मामले में निगरानी की टीम आगे की कार्रवाई में जुटी है। रिश्वतखोर राजस्व कर्मचारी को गिरफ्तार करने वाली निगरानी की टीम के नेतृत्वकर्ता पुलिस उपाधीक्षक विकास श्रीवास्तव ने बताया कि ओबरा थाना के मानिकपुर गांव निवासी उदय कुमार ने निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के पटना स्थित कार्यालय आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि ओबरा अंचल के राजस्व कर्मचारी प्रमोद कुमार द्वारा दाखिल खारिज करने के नाम पर रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत के आलोक में मामले को लेकर निगरानी थाना में प्राथमिकी संख्या-60/2025 दर्ज किया। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद शिकायत के सत्यापन की जिम्मेदारी निगरानी के पुलिस अपर निरीक्षक राहुल कुमार को सौंपी गई। उन्होंने ओबरा पहुंचकर शिकायत का सत्यापन किया।



सत्यापन में राजस्व कर्मचारी के खिलाफ शिकायत सत्य पाया गया। इसके बाद आगे की कार्रवाई के लिए निगरानी की छह सदस्यीय टीम गठित की गई। टीम मंगलवार की सुबह कार्रवाई के लिए पटना से चली। तय रणनीति के अनुसार शिकायतकर्ता उदय कुमार 20 हजार की रिश्वत देने ओबरा अंचल कार्यालय स्थित राजस्व कर्मचारी प्रमोद कुमार के कक्ष में गए, जहां उनके द्वारा रिश्वत की रकम लेकर आने की बात कही गई। इसके बाद राजस्व कर्मचारी ने अपना जूट का लंच बैग आगे करते हुए कहा कि रकम बैग के खाली लंच बॉक्स में रख दे, काम हो जाएगा। इसके बाद शिकायतकर्ता लंच बॉक्स में 20 हजार की रिश्वत की रकम रखने के बाद राजस्व कर्मचारी के कक्ष से बाहर निकला और पहले से सादे वेश में घात लगाए निगरानी की टीम को इशारा किया। इशारा मिलते ही निगरानी की टीम कक्ष में घुसी और राजस्व कर्मचारी को धर दबोचा। राजस्व कर्मचारी को दबोचने के बाद निगरानी की टीम आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के लिए उसे लेकर औरंगाबाद सर्किट हाउस आई, जहां टीम द्वारा राजस्व कर्मचारी को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार करने की विस्तृत जानकारी दी गई। निगरानी की टीम के साथ मौजूद शिकायतकर्ता उदय कुमार ने बताया कि अपनी जमीन का दाखिल खारिज कराने के लिए उन्होंने परिमार्जन प्लस पोर्टल पर आवेदन किया था। आवेदन करने के बाद पिछले छः माह से उसका लंबित रहा। इसे लेकर उन्होंने जब राजस्व कर्मचारी से संपर्क किया तो, उनके द्वारा 1.70 लाख की रकम रिश्वत के रूप में मांगी गई।

# केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में 18541 करोड़ की योजनाओं को मंजूरी

### देश में चार नए सेमीकंडक्टर परियोजना बनाने पर लगी मुहर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में मंगलवार को तीन बड़े फैसले लिए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 18,541 करोड़ रुपये की योजनाओं को मंजूरी दी गई। केंद्रीय मंत्रीमंडल ने देश में चार नए सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं पर करीब 4,594 रुपये खर्च किए जाएंगे। ये परियोजनाएं ओडिसा, पंजाब और आंध्र प्रदेश में शुरू होंगी। कैबिनेट ने दूसरा बड़ा फैसला लखनऊ मेट्रो के बारे में लिया है। केंद्रीय कैबिनेट ने 5,801 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले लखनऊ मेट्रो के फेज वन बी परियोजना को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही सरकार ने 8,146 करोड़ की लागत वाली क्लीन ग्रोथ: टाटो-दो हाइड्रोइलेक्ट्रिक परियोजना को मंजूरी दे दी है। यह परियोजना 700 मेगावाट बिजली पैदा करेगी। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को केंद्रीय कैबिनेट में लिए गए इन फैसलों की जानकारी दी। केंद्रीय मंत्रीमंडल ने भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत चार और सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन पर लगभग 4,600 करोड़ रुपये का खर्च किया जाएगा। इन परियोजनाओं में 2034 कुशल पेशेवरों को रोजगार मिलेगा। यह प्रोजेक्ट लेक्ट्रॉनिक विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देगा। इसके असर से कई अप्रत्यक्ष नौकरियां भी पैदा होंगी। देश में आईएसएम के तहत अब कुल 10 स्वीकृत परियोजनाएं हैं। केंद्रीय कैबिनेट ने लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के चरण-1बी को मंजूरी दे दी है। इसके तहत 12 स्टेशनों के साथ 11.165 किलोमीटर लंबा गलियारा तैयार किया जाएगा। परियोजना के तहत सक्रिय मेट्रो रेल नेटवर्क को 34 किलोमीटर तक विस्तारित करने की योजना है। इस परियोजना का लक्ष्य पुराने लखनऊ के प्रमुख क्षेत्रों को मेट्रो नेटवर्क में शामिल करना है। इन इलाकों में शामिल हैं- अमीनाबाद, यहियागंज, पांडेगंज और चौक जैसे वाणिज्यिक केंद्र। इस परियोजना के बाद मेट्रो नेटवर्क से किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (मेडिकल कॉलेज) व प्रमुख पर्यटक आकर्षण, जैसे इमामबाड़ा, छोटा इमामबाड़ा, भूल भुलैया, घंटाघर और रूमी दरवाजा भी जुड़ जाएंगे। शहर की समृद्ध और ऐतिहासिक खान-पान की संस्कृति के लिए प्रसिद्ध पाककला स्थल भी मेट्रो के नए फ़ेज से जुड़ जाएंगे। इस परियोजना पर करीब 5,801 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अरुणाचल प्रदेश के शि योमी जिले में 700 मेगावाट की ताती-दो जल विद्युत परियोजना के निर्माण को मंजूरी दी है। इस परियोजना पर 8146.21 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और इसे 72 महीने की अवधि में पूरा किया जाएगा।



# गवाही से कतराने वाले पुलिसकर्मी होंगे निलंबित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में बिगड़ती कानून-व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए पुलिस मुख्यालय ने सख्ती का मन बना लिया है। अब अगर कोई भी पुलिसकर्मी अदालत में गवाही देने से कतराएगा या अनावश्यक विलंब करेगा तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। यह फैसला खुद बिहार के डीजीपी विनय कुमार ने लिया है। उनका कहना है कि इस कदम का मुख्य उद्देश्य कन्विक्शन रेट (दोषसिद्धि दर) को बढ़ाना है ताकि अपराधियों को समय पर सजा मिल सके और वे बेल पर बाहर आकर दोबारा अपराध न कर सकें। पुलिस मुख्यालय ने साफ निर्देश दिया है कि अगर कोई पुलिसकर्मी पहली बार गवाही में बिना उचित कारण के अनुपस्थित रहता है, तो उसकी वेतन रोक दी जाएगी। वहीं, दूसरी बार भी अगर वह कोर्ट में गवाही देने नहीं पहुंचा, तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई होगी, जिसमें निलंबन तक शामिल है। डीजीपी विनय कुमार का मानना है कि गवाही में लापरवाही सीधे तौर पर कानून-व्यवस्था पर असर डालती है। जब पुलिसकर्मी समय पर गवाही नहीं देते, तो आरोपी को बेल मिलने की संभावना बढ़ जाती है। बेल पर बाहर आने के बाद वही आरोपी अक्सर फिर से गंभीर अपराधों को अंजाम देते हैं, जिससे जनता में असुरक्षा की भावना पैदा होती है। पुलिस मुख्यालय को उम्मीद है कि इस सख्ती से न सिर्फ कन्विक्शन रेट में सुधार होगा, बल्कि अपराधियों के मन में भी कानून का डर कायम होगा। साथ ही, यह कदम उन पीड़ितों के लिए भी भरोसे का संदेश होगा, जो न्याय के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाते हैं।

# बिहार प्रशासनिक सेवा के 54 अधिकारियों का तबादला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने बड़े प्रशासनिक फ़ेरबदल में बिहार प्रशासनिक सेवा के 54 अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इसमें अपर सचिव, संयुक्त सचिव, अपर समाहर्ता, उप सचिव और मूल कोटि के अधिकारी शामिल हैं। इस संबंध में मंगलवार को सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी की। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उप सचिव ज्ञान प्रकाश को समस्तीपुर नगर आयुक्त बनाया गया है। औरंगाबाद निवासी सुशील कुमार मिश्रा को उप निदेशक, खाद्य दरभंगा प्रमंडल के पद पर पदस्थापित किया गया है। वह अब तक पदस्थापन की प्रतीक्षा में थे। इसी तरह पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहे टेस लाल सिंह को कैमूर का वरीय उपसमाहर्ता नियुक्त किया गया है। कुमार आलोक, अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, फारबिसगंज से वरीय उपसमाहर्ता मधुबनी बनाए गए हैं। सुनंदा कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी गोगरी (खगड़िया), अब औरंगाबाद की नई जिला परिवहन पदाधिकारी होंगी। राकेश कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी मोहनिया (कैमूर), को रोहतास का जिला परिवहन पदाधिकारी बनाया गया है। राहुल सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी शेखपुरा, को नालंदा जिला परिवहन पदाधिकारी का दायित्व मिला है। डॉ. संजीव कुमार सज्जन, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी कैमूर, अब सुपौल के जिला परिवहन पदाधिकारी होंगे। जनार्दन प्रसाद अग्रवाल, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अरवल, को संयुक्त आयुक्त सह सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मगध प्रमंडल, गया के पद पर पदस्थापित किया गया है।

### औरंगाबाद के जिला परिवहन पदाधिकारी बदले

# संस्कृत भाषा के विकास से समृद्ध होगी हमारी संस्कृति : उपमुख्यमंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

पटना। बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड द्वारा मंगलवार को रविन्द्र भवन संस्कृत दिवस समारोह का आयोजन किया गया। दो सत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के 650 प्रस्वीकृत संस्कृत विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित हुए। दोपहर एक बजे से प्रथम सत्र में प्रधानाध्यापकों का कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस.सिद्धार्थ, कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. लक्ष्मीनिवास पाण्डेय एवं बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने संयुक्त रूप से किया। अपने उद्बोधन में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मंगल पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हृदय में शिक्षकों के प्रति सम्मान की भावना है। संस्कृत में संस्कार, चेतना



एवं ज्ञान का भंडार है। पाठ्यक्रम में रामायण एवं गीता जैसे महान ग्रंथों को जो समावेश किया गया है। इससे ज्ञान के अलावा छात्रों में संस्कार बढ़ेगी। वहीं संस्कृत दिवस समारोह के द्वितीय सत्र में बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष सह विधान पार्षद डॉ.दिलीप जायसवाल, कुलपति प्रो. लक्ष्मीनिवास पाण्डेय एवं बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने संयुक्त रूप से वेबसाइट एवं पोर्टल का लोकार्पण किये। अपने उद्घाटन संबोधन में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने संस्कृत भाषा की वैज्ञानिकता को प्रतिपादित करते हुए कहा कि यूपीएससी परीक्षाओं में भाषा के रूप में संस्कृत रखकर ही तैयारी करनी चाहिए। संस्कृत सरल एवं सुगम है। संस्कृत से हमारी परंपरा अक्षुण्ण रहेगी। संस्कृत बढ़ेगी तो हमारी संस्कृति समृद्ध होगी। सरकार बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के सभी समस्याओं के समाधान के लिए कृतसंकल्पित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने कहा कि अध्यक्ष पद पर आसीन होने के बाद लगभग 26 जिलों का दौरा कर संस्कृत विद्यालयों की समस्याओं से अवगत हुआ। जिसमें विद्यालयों में आधारभूत संरचना का अभाव, कन्टिंजेंसी मद का अभाव, कर्मियों का सेवांत लाभ, शिक्षकों के वेतन वृद्धि आदि समस्याएं प्रमुख हैं। इस दिशा में सरकार को लिखित अवगत करा दिया गया है। शीघ्र ही सभी समस्याओं का समाधान हमें देखने को मिलेगा। कार्यक्रम में आगत अतिथियों का स्वागत एवं प्रास्ताविक क्रमशः निवेदिता सिंह एवं दुर्गेश राय ने की। विषय प्रवेश बोर्ड के सदस्य चन्द्रकिशोर कुमार, पाठ्यक्रम की विशेषता संयोजक अरुण कुमार झा ने प्रस्तुत किया।

### बिहार के वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में सड़क संपर्क के लिए 19 करोड़ स्वीकृत

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बिहार राज्य के लिए वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के लिए सड़क संपर्क परियोजना के तहत पहली किस्त के रूप में 19 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इस केंद्रीय सहायता का उद्देश्य वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में ग्रामीण सड़क बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है, जिससे पहुंच में सुधार होगा और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। स्वीकृत राशि में 18.57 करोड़ रुपये कार्यक्रम निधि और 0.43 करोड़ रुपये प्रशासनिक निधि शामिल हैं। मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बिहार राज्य के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत केंद्रीय सहायता के रूप में पहली किस्त के रूप में 500 करोड़ रुपये भी स्वीकृत किए हैं। इस आवंटन का उद्देश्य ग्रामीण संपर्क को मजबूत करना और राज्य में बाजारों, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा तक पहुंच में सुधार करना है। स्वीकृत राशि में 489 करोड़ रुपये कार्यक्रम निधि और 11 करोड़ रुपये प्रशासनिक निधि शामिल हैं।

# मुख्यमंत्री संवाद कार्यक्रम में जिले के 44 हजार उपभोक्ताओं ने लिया भाग

## 4 लाख 14 हजार घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 125 यूनिट मुफ्त बिजली मिलने लगी : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राज्य भर के विद्युत उपभोक्ताओं के साथ मंगलवार को सीधा संवाद कार्यक्रम किया गया। इसी क्रम में रोहतास जिला के समाहरणालय परिसर के डीआरडीए सभागार में संवाद कार्यक्रम सहित जिले के 87 संवाद स्थलों पर संवाद कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। डीआरडीए सभाकर में यह कार्यक्रम जिला के प्रभारी मंत्री सह बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री जयंत राज के उपस्थिति में आयोजित की गई जिसमें जिलाधिकारी उदिता सिंह एवं उप विकास आयुक्त विजय कुमार पांडे भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में 4 लाख 14 हजार घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट मुफ्त बिजली मिलने लगी है। यह योजना न केवल लाखों उपभोक्ताओं के बिजली बिल का बोझ कम करेगी बल्कि राज्य के ऊर्जा के क्षेत्र में पारदर्शिता और दक्षता को एक नई दिशा देगी। पटना में यह कार्यक्रम एक अणे मार्ग स्थित संकल्प से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रसारित किया गया। मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के अंतर्गत सभी घरेलू उपभोक्ताओं के 125 यूनिट मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यक्रम के दौरान ऊर्जा विभाग की उपलब्धियां पर एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। संवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विद्युत उपभोक्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम में शामिल होकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। राज्य सरकार ने सभी घरेलू उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने का निर्णय लिया है तथा इसे लागू भी कर दिया गया है जिससे बिजली के घरेलू उपभोक्ताओं में काफी खुशी देखने को मिल रही है। मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए उपभोक्ताओं से बताया कि वर्ष 2005 में हमारे बिहार में बिजली का काफी बुरा हाल था। राजधानी पटना में भी 7 से 8 घंटा से ज्यादा बिजली नहीं रहती थी। 24 नवंबर 2005 के बाद हम लोग की सरकार बनने के बाद बिजली में सुधार हेतु बड़े पैमाने पर काम किया गया। ऊर्जा विभाग का बजट बढ़ाया गया तथा बिजली आपूर्ति भी बढ़ायी गयी। इसके बाद राज्य के सभी गांव एवं मोहल्ले में बिजली पहुंचाने का काम किया गया। वर्ष 2015 में सात निश्चय योजना के तहत हर घर बिजली निश्चय की शुरुआत कर हर घर को बिजली देने का काम निर्धारित समय से दो माह पूर्व अक्टूबर 2018 में पूरा कर लिया गया। उसके बाद जो भी नया घर या टोला बना उन सभी को बिजली पहुंचा दिया गया। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि हम लोग शुरू से हैं राज्य के सभी लोगों को सस्ती दरों पर बिजली उपलब्ध कराते रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य के 1 करोड़ 89 लाख घरेलू उपभोक्ताओं का इस योजना का लाभ मिलने लगा है। सरकार द्वारा सौर ऊर्जा के क्षेत्र में बढ़ावा दिया जा रहा है तथा सभी सरकारी भवनों के छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाया जा रहा है। अब हमने यह अभी तय किया है कि सभी इच्छुक घरेलू उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा का लाभ दिया जाएगा।

## डिहरी नगर थाना में शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना परिसर में चेहल्लुम एवं जन्माष्टमी को लेकर मंगलवार की शाम शांति की बैठक अनुमंडल पदाधिकारी निलेश कुमार की अध्यक्षता में हुई। वहीं संचालन पुलिस निरीक्षक सह डिहरी थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार ने किया। बैठक में एसडीएम ने लोगों से सरकार के दिशा निर्देश के आलोक में त्योहार को मनाने की अपील करते हुए कहा कि गाइड लाइन का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। चेहल्लुम एवं जन्माष्टमी पर्व को सौहार्दपूर्ण शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील लोगों से की। साथ ही लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। साथ ही कहा कि किसी भी तरह की कोई अफवाह की सूचना तुरंत थाना को दी जाए जिससे समय रहते कार्रवाई की जा सकेगी।

## जीविका दीदियों के सात दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** तिलौथू प्रखंड क्षेत्र में संचालित सत्यमेव जीविका महिला संकुल संघ के अंतर्गत महिला ग्राम संगठनों से जुड़ी 25 दीदियों के लिए सात दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को सत्यमेव सीएलएफ के मीटिंग हॉल में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्रामीण बैंक की शाखा प्रबंधक सुप्रिया श्री एवं जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक सैयद साकिब उल्लाह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं परियोजना प्रबंधक ने बताया कि यह पहल ग्रामीण महिलाओं को हुनरमंद बनाने के साथ-साथ भविष्य में एक बड़े प्रोडक्शन हाउस की नींव रखेगी जहां वे अपने कौशल की दम पर परिवार के कमाऊ सदस्य के रूप में पहचान बनाएंगी।

## वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी व कुर्की जब्ती की कार्रवाई में तेजी लाने का एसपी ने दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को मासिक अपराध गोष्ठी में एसपी रौशन कुमार ने जिले के पुलिस अधिकारियों को विधान सभा चुनाव को ले कई आवश्यक निर्देश दिया। शान्तिपूर्ण व निष्पक्ष विधान सभा चुनाव को ले असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी में तेजी लाये। पुलिस अधीक्षक ने मासिक अपराध गोष्ठी में आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए मुख्य रूप से अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था संधारण पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी थाना प्रभारियों को चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त ढंग से सम्पन्न कराने हेतु प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्हें मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट की जानकारी भी दी गई। उन्होंने चुनाव के मद्देनजर सभी फरार व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी व कुर्की जब्ती की कार्रवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करने व उसका वोल्नेरबिलिटी मैप तैयार करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिला के गम्भीर अपराध में शामिल अपराधियों पर सीसीए के तहत वांछित अपराधियों को गिरफ्तार करने में तेजी लाये। एसपी ने नियमित बाइक चेकिंग अभियान व बैंकों की सुरक्षा को ले विशेष निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस गश्त तेज करने व शराब समेत अन्य अवैध कारोबार की रोकथाम को लगातार अभियान चलाने का भी निर्देश दिया। बैठक में एएसपी अतुलेश झा, सभी एसडीपीओ, मुख्यालय डीएसपी, पुलिस निरीक्षक व थानाध्यक्ष शामिल थे।

## नारायण मेडिकल कॉलेज में रैगिंग के विरुद्ध किया गया जागरूक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** रैगिंग निषेध सप्ताह के अवसर पर नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार में चिकित्सा शिक्षा के छात्रों के बीच कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें रैगिंग के विरुद्ध जागरूक किया गया। राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद के दिशा निर्देश के आलोक में 12 से 18 अगस्त तक आयोजित होने वाले रैगिंग निषेध सप्ताह के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्राचार्य डॉ हीरा लाल महतो ने उपस्थित छात्राओं से अपील की कि अपने परिसर में रैगिंग जैसी कोई भी शिकायत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने रैगिंग को कानूनी अपराध घोषित किया है। इसलिए उसे किसी भी प्रकार से रोकना या विरोध करना हम सभी का कर्तव्य है।

## वाणिज्य संकाय में नवप्रवेशी छात्रों के आगमन पर 'दीक्षारंभ' कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय में 12 अगस्त को नवप्रवेशी छात्रों के आगमन पर 'दीक्षारंभ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संकाय अधिष्ठाता प्रो. डॉ. आशुतोष द्विवेदी ने अपनी टीम के साथ दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया। उन्होंने सभी छात्रों का उत्साहपूर्वक स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर संकाय के शिक्षक डॉ. विशाल कुमार, डॉ. मयंक कुमार राय एवं डॉ. नवेंदु निधान ने छात्रों से संवाद स्थापित करते हुए विभाग से संबंधित विभिन्न गतिविधियों, शैक्षणिक अवसरों तथा सरकारी एवं गैर-सरकारी क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार संभावनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय के सूरज कुमार द्वारा नौ छात्रों के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें विभाग के सभी शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया जिसमें शिक्षक वर्ग में डॉ. मयंक कुमार राय ने जीत दर्ज की। छात्र वर्ग में प्राची कुमारी, अभिनंदन कुमार सहित कई छात्रों ने विजय प्राप्त की। अंतिम चरण में प्राची, आरती, खुशी, हरिद्वार, सूरज एवं अभिनंदन ने सभी छात्रों को कैंपस भ्रमण कराया। कार्यक्रम का संचालन गोरी श्रीवास्तव ने किया।

## वाहन चेकिंग के दौरान दो पियक्कड़ धराए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** स्थानीय पुलिस ने शहर के आरओबी के पास वाहन चेकिंग के दौरान दो पियक्कड़ को पकड़ लिया जिनको कुदरा अस्पताल में मेडिकल जांच के बाद भभुआ न्यायालय भेज दिया गया। धराये पियक्कड़ों में भोजपुर जिला के पिरो थाना के पिरो निवासी वीर पांडेय पिता ब्रह्मेश्वर पांडेय व कैमूर जिला के कुदरा थाना के चकिया निवासी सुरेश राम पिता बंशलोचन राम शामिल हैं।

## एक नजर

### लावारिस 66 लीटर देशी शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि आरपीएफ डिहरी ऑन-सोन के उप निरीक्षक मनोज कुमार साथ प्रधान आरक्षी संतोष कुमार, आरक्षी अभिमन्यु सिंह, आरक्षी नंदलाल राम सोननगर स्टेशन क्षेत्राधिकार में गश्त कर रहे थे। उसी दौरान डिहरी ऑन-सोन- सोननगर के बीच किलोमीटर संख्या 549/28-30 के पास लावारिस हालत में दो प्लास्टिक बोरा में कुछ वजनी सामान रखा हुआ दिखाई दिया जिसके पास जाकर उक्त दोनों बोरा को चेक करने पर 220 अदद टनाका देसी मसाला शराब, कुल 66 लीटर बरामद हुआ जिसका अनुमानित कीमत 12100/-रूपये है जिसे मौके की सभी आवश्यक कार्रवाई करते हुए लावारिस शराब को जब्त कर उप निरीक्षक मनोज कुमार के द्वारा एक लिखित शिकायत पत्र देकर अग्रिम कार्रवाई वास्ते राजकीय रेल थाना सोननगर को सुपुर्द किया गया।

### भागवत कथा में कृष्ण मोहन दास के मधुर वचनों से गूंजा पूरा क्षेत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** तिलौथू प्रखंड क्षेत्र के चन्दनपुरा गांव में भागवत कथा का आयोजन किया गया जिसमें प्रख्यात कथा वाचक कृष्ण मोहन दास महाराज ने अपने मधुर और ज्ञानवर्धक वचनों से पूरा गांव को भक्ति के रस में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान कथा सुनने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा पंडाल हरि नाम के कीर्तन, भजन और आध्यात्मिक ऊर्जा से झूम उठा। कथा श्रवण के दौरान मानो समय थम सा गया हो और श्रोतागण कृष्ण भक्ति में लीन होकर खूब आनंद लिया। कृष्ण मोहन दास ने श्रीकृष्णलीला, गोपियों के संग प्रेम और धर्म, सत्य व भक्ति के महत्व को इतने भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया कि हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया।

### 17 आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 17 आरोपितों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में हत्या, अपहरण, डकैती, वारंटी, शराब तस्कर शामिल है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से 155लीटर देशी व 15 लीटर अंग्रेजी शराब, एक स्कार्पियो बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में 48 हजार रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

### अतिक्रमण मामले में ग्रामीण मिले अंचलाधिकारी से

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नासरीगंज (रोहतास)।** नासरीगंज मौना चौक स्थित सिंचाई विभाग के 15.63 एकड़ भूमि अतिक्रमण को ले अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी के समक्ष 12 अगस्त को अपना पक्ष रखने को ले पहुंचे। उक्त गांव के सैकड़ों लोग अपना पक्ष रखने के लिए अंचलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। ग्रामीण सह पैक्स अध्यक्ष छोटू खान, पूर्व जाप जिलाध्यक्ष विशाल कुशवाहा, जितेश गुप्ता इलियास अंसारी, कामेश्वर सेठ, विश्वनाथ साह समेत अन्य ने बताया कि उक्त भूमि को लेकर 150 लोगों पर अतिक्रमण का नोटिस निर्गत हुआ है, लेकिन थाने में सिंचाई विभाग द्वारा मात्र 47 लोगों पर ही प्राथमिकी हुई है। कमजोर एवं गरीब लोगों पर प्राथमिकी हुई है जो उक्त भूमि पर ठेला, गुमटी व खोमचा लगाकर अपनी जीविका चलाते हैं और अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं।

### चेहल्लुम व जन्माष्टमी पर शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** चेहल्लुम व जन्माष्टमी त्योहारों को लेकर आयरकोठा थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक आयोजित। वही बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष कुसुम कुमार केसरी ने की। बैठक के दौरान थानाध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी दोनों त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाएंगे। वहीं बैठक में मौजूद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कहा कि इस बार चेहल्लुम पर कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जायेगा। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। साथ ही कहा कि किसी भी तरह की अफवाह की सूचना तुरंत थाना को दी जाए।

## तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय के नारे से गूंजा नुआंव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नुआंव(कैमूर)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश व्यापी तिरंगा यात्रा अभियान के तहत रामगढ़ विधान सभा के विधायक अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह देखा गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं के भारत माता की जय, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के गगन भेदी नारो से पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग से सराबोर हो गया था। यात्रा भाजपा पार्टी कार्यालय से मुख्यमार्ग होते हुए नुआंव बाजार का भ्रमण किया। बाद में जगदेव मार्ग के पास जुलूस एक समारोह में तब्दील हो गया। जुलूस में नुआंव मंडल अध्यक्ष संदेश चौधरी, पार्टी के जिला महामंत्री राजीव श्रीवास्तव, भाजपा सोशल मीडिया संयोजक रामगढ़ विधान सभा नमोनारायण चतुर्वेदी, नुआंव प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि संतोष सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्रीराम राय, सुमित कुमार राय रिंकू, नुआंव पूर्वी मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता, पार्टी के जिला प्रवक्ता रामाकांत सिंह, रामगढ़ विधान सभा के संयोजक कृपाशंकर चौबे, कमलाकर चौबे, पार्टी के मंडल महामंत्री संजय जायसवाल, पार्टी के जिला प्रवक्ता बबलू राय, चांदेश पंचायत के मुखिया जयप्रकाश राय, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष शिवजनम सिंह, देवानंद मौर्य ,मंजूर खा, राजेश कुशवाहा, जिला पार्टी मत्स्यजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक श्यामनारायण बिंद, प्रमोद सिंह, सच्चिदानंद पाठक, रामगढ़ विधान सभा प्रभारी विजय चौरसिया, नुआंव मंडल प्रभारी अखलेश कुमार, बीरेंद्र गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, बबलू वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा,दीनदयाल यादव, विजय शर्मा,रामदुलार चौबे, विमल राय, अरुण सिंह, दिनेश उपाध्याय, अरुण चौबे, विशंभर बिंद, विनीत राय, बलि राम, दीनानाथ सिंह, सत्यप्रकाश मिश्रा, रविशंकर राय, उपेन्द्र यादव, मुना कुशवाहा, धीरेन्द्र सिंह, ब्रजेश तिवारी सहित सैकड़ों का हुजूम यात्रा में चल रहा था।

## सीएम संवाद से 1.71 लाख घरेलू विद्युत उपभोक्ता लाभान्वित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भभुआ।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के विस्तार के अंतर्गत भभुआ प्रमंडल के 1 लाख 71 हजार घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को अगस्त माह से प्रतिमाह 125 यूनिट तक निःशुल्क बिजली का लाभ मिल रहा है। यह ऐतिहासिक पहल ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उपभोक्ताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है। इस योजना की पारदर्शिता और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज 12 अगस्त 2025 को राज्य के विद्युत उपभोक्ताओं से सीधे संवाद किया। यह विशेष कार्यक्रम वीडियो कांफ्रेंसिंग और लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से आयोजित किया गया जिसमें कैमूर जिले के 50 स्थानों से हजारों उपभोक्ता सीधे जुड़े। कार्यक्रम के दौरान अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान ने उपभोक्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि राज्य सरकार अगले तीन वर्षों में रूफटॉप सोलर योजना लागू करने जा रही है। इसके तहत सभी गरीब उपभोक्ताओं के घरों की छत पर सरकारी खर्च पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। अन्य उपभोक्ताओं को सोलर पैनल लगाने हेतु सरकार द्वारा सब्सिडी प्रदान की जाएगी। सोलर पैनल से होने वाले विद्युत उत्पादन का सीधा लाभ उपभोक्ताओं को मिलेगा। जिलाधिकारी कैमूर सुनील कुमार ने मुख्यमंत्री का संदेश विस्तारपूर्वक सभी उपस्थित उपभोक्ताओं तक पहुंचाया और उन्हें योजना की कार्यप्रणाली, पात्रता एवं लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## बिहार बदलाव यात्रा के तहत चेनारी पहुंचे प्रशांत किशोर, जनसभा को किया संबोधित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी (रोहतास)।** प्रशांत किशोर ने लालू यादव पर हमला बोला। अपने बच्चों की चिंता करना लालूजी से सीखिए वे अपने 9वीं फेल बेटे को सीएम बनाना चाहते हैं। चेनारी की जनता से प्रशांत किशोर ने बड़ा वादा किया। कहा इस बार अपने बच्चों का चेहरा देखकर वोट दीजिए। छठ के बाद युवाओं को बिहार में ही मिलेगा 12 हजार रुपये तक का रोजगार। जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर अपनी 'बिहार बदलाव यात्रा' के तहत लगातार अलग-अलग जिलों और प्रखंडों में लोगों से संवाद कर रहे हैं और स्थानीय पत्रकारों से भी बात कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज उन्होंने रोहतास जिला के चेनारी विधानसभा अंतर्गत रामदुलारी गंगा उच्च विद्यालय में आयोजित बिहार बदलाव सभा को संबोधित किया। प्रशांत किशोर ने जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी, सीएम नीतीश कुमार और राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव पर जोरदार हमला किया।

## पंचायत स्तर पर योजनाओं की गुणवत्ता और समयबद्धता पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** उप विकास आयुक्त, कैमूर की अध्यक्षता में पंचायत राज विभाग के अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा एवं आवश्यक दिशा-निर्देश देने हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायतीराज विभाग के सभी संबंधित पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में षष्ठम एवं 15वें वित्त आयोग की योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन, पंचायत एवं पंचायत समिति के माध्यम से संचालित सभी योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही उपलब्ध धनराशि का नियमानुसार एवं पारदर्शी ढंग से व्यय सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। साथ ही पंचायत एवं पंचायत समिति स्तर पर क्रियान्वित हो रही सभी योजनाओं में कार्य की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि योजनाओं का निर्माण एवं क्रियान्वयन मानकों के अनुरूप हो।

मुख्यमंत्री सोलर लाइट योजना की भौतिक जांच के निर्देश दिए गए जिसके तहत मुख्यमंत्री सोलर लाइट योजना के अंतर्गत स्थापित सभी सोलर लाइटों का भौतिक रूप से निरीक्षण करने का निर्देश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड पंचायतीराज पदाधिकारी को दिया गया। निरीक्षण के दौरान प्रत्येक लाइट की अक्षांश-देशांतर दर्ज कर संबंधित लाइट का स्पष्ट फोटोग्राफ जिला मुख्यालय को भेजा जाएगा।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई—नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा मंडल के निम्नवत् स्टेशनों पर 05 वर्षों के लिए कैटरिंग स्टाल, वाटर वेंडिंग मशीन एवं बहुद्धेशीय स्टालो का संचालन हेतु ई—नीलामी आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है:— **(1) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि — AA/1 :** पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 3/4 पर कैटरिंग स्टाल सं० 08 के लिए। **ई—नीलामी कैटेलॉग संख्या :** CATG-DDU-MIX-3, **ई—नीलामी लॉट संख्या :** Catg- DDU-DDU-SMU-89-24-1, **ई—नीलामी की तिथि एवं समय :** ई—नीलामी दिनांक 23.08.2025 को 13:00 बजे शुरू होगी और 13:30 बजे बंद होगी। **(2) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि — BA/1 :** पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 5/6 पर बहुद्धेशीय स्टाल सं० 03 के लिए। **ई—नीलामी कैटेलॉग संख्या :** CATG-DDU-MIX-3, **ई—नीलामी लॉट संख्या :** MPS- DDU-DDU-MPS-16-25-1, **ई—नीलामी की तिथि एवं समय :** ई—नीलामी दिनांक 23.08.2025 को 13:00 बजे शुरू होगी और 13:40 बजे बंद होगी। **(3) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि — BA/2 :** पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 1 पर बहुद्धेशीय स्टाल सं० 01 के लिए। **ई—नीलामी कैटेलॉग संख्या :** CATG-DDU-MIX-3, **ई—नीलामी लॉट संख्या :** MPS- DDU-DDU-MPS-1-24-1, **ई—नीलामी की तिथि एवं समय :** ई—नीलामी दिनांक 23.08.2025 को 13:00 बजे शुरू होगी और 13:50 बजे बंद होगी। **(4) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि — CA/1 :** भभुआ रोड स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 1/2 पर वाटर वेंडिंग मशीन सं० 01 के लिए। **ई—नीलामी कैटेलॉग संख्या :** CATG-DDU-MIX-3, **ई—नीलामी लॉट संख्या :** MSS- DDU-BBU-WVM-3-24-1, **ई—नीलामी की तिथि एवं समय :** ई—नीलामी दिनांक 23.08.2025 को 13:00 बजे शुरू होगी और 14:00 बजे बंद होगी। **(5) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि — CA/2 :** भभुआ रोड स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 3/4 पर वाटर वेंडिंग मशीन सं० 02 के लिए। **ई—नीलामी कैटेलॉग संख्या :** CATG-DDU-MIX-3, **ई—नीलामी लॉट संख्या :** MSS- DDU-BBU-WVM-4-24-1, **ई—नीलामी की तिथि एवं समय :** ई—नीलामी दिनांक 23.08.2025 को 13:00 बजे शुरू होगी और 14:10 बजे बंद होगी। **(2) वेबसाईट का पता जहाँ ई—नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है: www.ireps.gov.in**

**मण्डल रेल प्रबन्धक, (वाणिज्य), डी०डी०यू०**

पीआर/0749/डी०डी०यू०/सीओएमएमएल/ईएन/25-26/68

**न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, रंका**

**प्रेस विज्ञप्ति**

भूमि सुधार उपसमाहर्ता, रंका न्यायालय में प्राप्त भूमि बिक्री अनुमति वाद सं0- 10/2024-25 विक्रेता- श्यामलाल चौधरी पिता- स्व0 बालदेव चौधरी जाति- कुर्मी (पिछड़ी जाति) ग्राम- रंका कला पो0- रंका, थाना- रंका, जिला- गढ़वा तथा क्रेता- नंदन कुमार ठाकुर पिता- राम प्रसाद ठाकुर जाति- नाई (पिछड़ा वर्ग) ग्राम- कंचनपुर पो0- रंका, थाना- रंका, जिला- गढ़वा द्वारा छोटा नागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1)(B)के अन्तर्गत मौजा- कंचनपुर पुराना खाता सं0- 10 नया खाता सं0- 57, पुराना प्लॉट सं0- 310 नया प्लॉट सं0- 627 रकबा- 0.15 ए0 के लिए अनुमति अपील वाद समर्पित किया गया है। उक्त वाद से संबंधित किसी भी व्यक्ति को कोई आपति हो तो 15 दिनों के अन्दर आवश्यक कागजात के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

भूमि सुधार उपसमाहर्ता,
रंका।

PR 359462 (Land Reforms) 25-26 (D)

**न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, रंका**

**प्रेस विज्ञप्ति**

भूमि सुधार उपसमाहर्ता, रंका न्यायालय में प्राप्त भूमि बिक्री अनुमति वाद सं0— 20/2024—25 विक्रेता— वेदन्ती देवी पति— सरयू राम जाति— कहार (पिछड़ी जाति) ग्राम— रंका कला पो0— रंका, थाना— रंका, जिला— गढ़वा तथा क्रेता— श्रीमति देवी पति— राजकुमार प्रसाद जाति— कहार (पिछड़ा वर्ग) ग्राम— रंका कला पो0— रंका, थाना— रंका, जिला— गढ़वा द्वारा छोटा नागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1)(B)के अन्तर्गत मौजा— रंका कला खाता सं0— 354 प्लॉट सं0— 2257 रकबा— 0.03½ए0 के लिए अनुमति अपील वाद समर्पित किया गया है। उक्त वाद से संबंधित किसी भी व्यक्ति को कोई आपति हो तो 15 दिनों के अन्दर आवश्यक कागजात के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

भूमि सुधार उपसमाहर्ता,
रंका

PR 359460 Land Reforms (25-26)_D

# पैक्स एवं व्यापार मंडलों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित कर रही सरकार : डॉ. प्रेम कुमार

## शत-प्रतिशत चावल आपूर्ति करने वाले पैक्स-व्यापार मंडलों को 7.45 करोड़ की प्रोत्साहन राशि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** खरीफ विपणन मौसम 2024-25 के अंतर्गत धान अधिप्राप्ति अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्य के पैक्स एवं व्यापार मंडलों को सहकारिता विभाग ने 7,45,20,473 की प्रोत्साहन राशि आवंटित की है। यह राशि 30 जून 2025 तक शत-प्रतिशत चावल (सीएमआर) आपूर्ति करने वाली 38 जिलों की 2780 समितियों को प्रबंधकीय अनुदान मद में दी जा रही है। सर्वाधिक राशि रोहतास जिले को मिली है जहां 79 पैक्स/व्यापार मंडलों को 75,94,355 का आवंटन किया गया है। अन्य जिलों को भी उनके योगदान और लक्ष्य पूर्ति के आधार पर राशि प्रदान की गई है। सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार सरकार किसानों के हितों की रक्षा और सहकारिता तंत्र को मजबूत करने के लिए सतत प्रयासरत है। यह प्रोत्साहन राशि पैक्स एवं व्यापार मंडलों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित करने का एक कदम है। यह न केवल समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति के लिए पुरस्कार का कार्य करती है, बल्कि सहकारिता व्यवस्था में सक्रिय भागीदारी को भी बढ़ावा देती है। आने वाले समय में सरकार ऐसे प्रयासों को और सशक्त बनाएगी, ताकि किसान अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त कर सकें और सहकारी संस्थाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन सकें। सहकारिता विभाग ने बताया कि प्रबंधकीय अनुदान के रूप में 30 रुपये प्रति क्विंटल की दर से राशि का भुगतान किया जा रहा है। जिला सहकारिता पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि यह राशि पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से लाभार्थी समितियों के खातों में हस्तांतरित हो, ताकि समिति स्तर पर किसानों के हित में इसका शीघ्र उपयोग हो सके।

## बिहार को 125 यूनिट मुफ्त बिजली का तोहफा, डॉ. प्रेम कुमार ने की मुख्यमंत्री की पहल की सराहना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार भाजपा के वरीय नेता और सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बिजली उपभोक्ताओं से वर्चुअल संवाद कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह राज्यवासियों के लिए बड़ी सौगात है। मुख्यमंत्री ने बिजली उत्पादन और वितरण में सुधार, बिजली के सदुपयोग और उपभोक्ताओं की सुविधाओं पर बल देते हुए संवाद किया। डॉ. कुमार ने कहा कि एक समय था जब बिहार में बिजली की उपलब्धता बेहद सीमित थी और लोग लालटेन तथा किरासन तेल के सहारे जीवन गुजारते थे, लेकिन आज हालात बदल चुके हैं। अब लगभग 22 से 24 घंटे बिजली उपलब्ध हो रही है और लालटेन युग का अंत हो गया है। लोग एलईडी बल्ब और सौर ऊर्जा से घर-आंगन रोशन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बिहार-झारखंड विभाजन के बाद बरौनी और मुजफ्फरपुर थर्मल पावर स्टेशन से मात्र 110-110 मेगावाट बिजली उत्पादन होता था जिसे बढ़ाकर बरौनी में 500 मेगावाट और मुजफ्फरपुर में 400 मेगावाट कर दिया गया है। पहले जहां राज्य की खपत 700 मेगावाट थी, अब यह बढ़कर 8,500 मेगावाट हो गई है। डॉ. कुमार ने कहा कि स्मार्ट मीटर और प्रीपेड मीटर से उपभोक्ताओं के बिल में बचत हो रही है, वहीं 125 यूनिट मुफ्त बिजली मिलने से प्रति उपभोक्ता को लगभग 1,000 रुपये की बचत हो रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से बिजली का दुरुपयोग रोकने और अनावश्यक उपयोग से बचने की अपील की। किसानों के लिए भी सरकार ने बड़ी राहत दी है। अब उन्हें खेतों की सिंचाई के लिए मात्र 65 पैसे प्रति यूनिट दर पर बिजली दी जा रही है, साथ ही मुफ्त बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। राज्य में कृषि के लिए अलग से फीडर भी स्थापित किए जा रहे हैं। डॉ. कुमार ने कहा कि इस तोहफे के लिए बिहार के सभी विद्युत उपभोक्ता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, ऊर्जा मंत्री विजेंद्र यादव और एनडीए सरकार के आभारी हैं।

## एनटीपीसी कहलगांव अस्पताल ने बचाई 14 वर्षीय सोनाली की जान

पुष्पांकर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर।** जिले के कहलगांव प्रखंड के एक छोटे से गांव की 14 वर्षीय सोनाली कुमारी के जीवन पर उस समय संकट आ गया जब उसे संदिग्ध कोबरा या करैत सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर घबराए परिजन उसे तत्काल एनटीपीसी कहलगांव विद्युत परियोजना के जीवन ज्योति अस्पताल लेकर पहुंचे। सुबह आठ बजे तक उसकी स्थिति गंभीर हो चुकी थी, शरीर में जहर का असर साफ दिखाई दे रहा था और उसकी सांसें थमने लगी थीं। अस्पताल की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बबीता चौरसिया, डॉ. सुरेश राम और उनकी टीम ने हार नहीं मानी। सोनाली को तुरंत इंट्यूबेट कर बैग और ट्यूब से वेंटिलेशन शुरू किया। अगले 24 घंटे तक टीम ने उसकी हर सांस पर नजर रखी और पूरी ताकत से इलाज किया। सोनाली का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है, लेकिन एनटीपीसी के नैगम सामाजिक दायित्व के तहत उसका पूरा इलाज निःशुल्क किया गया। एक दिन बाद रक्षाबंधन के अवसर पर स्वास्थ्य में सुधार दिखने पर सोनाली ने अपने भावुक भाई को राखी बांधी। दो दिन में वह पूरी तरह स्वस्थ हो गई और अस्पताल टीम के साथ अपनी खुशी साझा की। परियोजना प्रमुख रवीन्द्र पटेल ने चिकित्सकों और स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि एनटीपीसी न केवल बिजली उत्पादन में अग्रणी है, बल्कि आसपास के लोगों के जीवन में उम्मीद की किरण भी जगाता है। उल्लेखनीय है कि जीवन ज्योति अस्पताल सर्पदंश के इलाज में अपनी विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध है और हर साल करीब 350 मामलों का सफल उपचार करता है। स्थानीय लोग मानते हैं कि अगर रोगी में जीवन का एक भी संकेत है तो इस अस्पताल में उसका इलाज संभव है। सोनाली की जिंदगी बचाना केवल एक चिकित्सकीय सफलता नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं और समर्पण का जीवंत उदाहरण है।

## सीआरपीएफ के पूर्व अधिकारी ने समर्थकों के साथ राजेश राम के हाथों ली कांग्रेस की सदस्यता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारु एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के हाथों सीआरपीएफ के पूर्व अधिकारी, राष्ट्रपति द्वारा पुलिस पदक से सम्मानित एवं बाढ़ के सामाजिक कार्यकर्ता नीरज कुमार सिंह, पटना के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं दलित नेता सुनील राम, माहुरी वैश्य समाज गया के अध्यक्ष संजीव कुमार एवं अखिल भारतीय साहसी नट समाज के अध्यक्ष रामप्यारे प्रसाद नट ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा एवं नीतियों से प्रभावित होकर अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस परिवार में शामिल हुए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने इन सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराने के बाद कहा कि नीरज कुमार सिंह, सुनील राम, संजीव कुमार एवं राम प्यारे प्रसाद कुमार जैसे समाजसेवियों का कांग्रेस में शामिल होना यह दर्शाता है कि आज भी देश की एकता, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के लिए कांग्रेस पार्टी ही सबसे उपयुक्त मंच है उनके अनुभव और जनसम्पर्क से पार्टी को लाभ मिलेगा। आज पार्टी में शामिल नेताओं ने हमारे नेता राहुल गांधी के सामाजिक न्याय और आम लोगों के लिए जारी संघर्ष को देखते हुए पार्टी की नीतियों और सिद्धान्तों को अपनाया है।

## पूर्व मंत्री छेदी राम बेटे समेत कांग्रेस में शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पूर्व मंत्री छेदी राम ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया है। आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित भव्य कार्यक्रम में छेदी राम ने अपने सैकड़ों समर्थकों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। उनके साथ उनके बेटे राकेश कुमार राम ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। छेदी राम का बक्सर और उसके आसपास के इलाकों में अच्छा प्रभाव है और दलित मतदाताओं के बीच मजबूत पकड़ है। इस अवसर पर छेदी राम ने कहा कि दलितों और वंचितों की असली पार्टी कांग्रेस ही है। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने छेदी राम को पार्टी में शामिल करने के बाद कहा कि समाज के सभी वर्गों ने सभी राजनीतिक दलों को मौका देकर देख लिया और आज सबको यह भरोसा हो गया है कि कांग्रेस पार्टी ही सभी वर्ग के लोगों को सत्ता में उचित हिस्सेदारी देती है।

## बिहार में बिजली उपभोक्ताओं के लिए वरदान बन रहे मुख्यमंत्री : प्रो रणबीर नंदन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद प्रो रणबीर नंदन ने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में 2005 में एनडीए की सरकार बनने के साथ ही बिजली उपभोक्ताओं को हमेशा कई तरह का वरदान के रूप में सुविधा मिल रही हैं। बिहार में जहां तक बिजली के खपत में 10 गुना वृद्धि हुई है वही सरकार के प्रयास से हर घर तक बिजली पहुंच चुकी है। डॉ नंदन मंगलवार को गर्दनीबाग विद्युत आपूर्ति प्रमंडल की ओर से आयोजित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विद्युत उपभोक्ताओं के साथ जन संवाद कार्यक्रम के तहत व्हाइट पैलेस सभागार में बतौर मुख्य अतिथि हजारों विद्युत उपभोक्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विधान परिषद के सदस्य होने के नाते उन्होंने लगातार 6 साल तक बिजली विभाग के बजट पर चर्चा में भाग लेकर बिहार के विद्युत उपभोक्ताओं की समस्या को सदन में उठाया था। उन्होंने कहा कि 2018 तक सभी घरों में बिजली पहुंच गई और बिहार में नीतीश कुमार की सरकार बनने पर बिजली के क्षेत्र में तरह-तरह का विकास हुआ। इस योजना के तहत बिहार के एक करोड़ 40 लाख ग्रामीण उपभोक्ता एवं 49 लाख शहरी उपभोक्ताओं के साथ-साथ कुल एक करोड़ 89 लाखों उपयोगकर्ताओं को जुलाई महीने के बिजली बिल में 125 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी और इसके अलावा 125 यूनिट के बाद जो उपभोक्ता जिस श्रेणी के उपभोक्ता हैं उन्हें उनके अनुसार बिजली रियायत दर पर मिलेगी। उन्होंने कहा 2005 के पहले जहां लगभग 715 मेगावाट बिजली का खपत था वहीं अब लगभग 6800 मेगावाट बिजली की खपत बिहार में हो रही है। उन्होंने कहा एक समय था जब गर्दनीबाग प्रमंडल में अच्छे बिजली मिस्त्री वहां और सीढ़ी तक की व्यवस्था नहीं थी बिजली काटने पर मिस्त्री को सचिवालय प्रमंडल से बुलाकर लाना पड़ता था। आज वैसे स्थिति नहीं है अब बिजली हल्की से भी बाधित होती है तो एक कॉल पर मिस्त्री आ जाते हैं यह बिहार के विकासशील मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की देन है। इस क्षेत्र में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। दोनों नेता जीवन जीने के सभी साधन जो एक आदमी को चाहिए जैसे सड़क बिजली विद्यालय, पीने का पानी, अस्पताल सहित सभी क्षेत्रों में ध्यान दे रहे हैं। डॉ नंदन ने कहा कि इतनी सुविधाओं के बाद अब आपका समय है कि आप लोग इनके लिए बिहार में फिर से एनडीए सरकार लाने के लिए पूरी ताकत के साथ संकल्पित हों।

## चिकित्सकों और स्टाफ नर्सों को विकसित कर बनेगा स्वास्थ्य विभाग और मजबूत : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राजधानी पटना स्थित अधिवेशन भवन सभागार में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने अपने कर-कमलों से 'जीवनदीप कार्यक्रम' का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा चिकित्सकों और स्टॉफ नर्सों की तकनीकी क्षमता को और बेहतर बनाने तथा गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए जीवनदीप मेंटरिंग कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी चिन्हित प्रसव केंद्रों के लेबर रूम और एसएनसीयू/एनबीएसयू में मेंटरिंग प्रणाली को मजबूती और विस्तार देना है। पहले चरण में 35 जिला अस्पतालों एवं एसडीएच दानापुर (पटना) के लेबर रूम और एसएनसीयू में मेंटरिंग फ्रेमवर्क स्थापित किया जाएगा। आगे के चरणों में अधिक प्रसवभार वाले स्वास्थ्य संस्थानों को भी इस योजना में शामिल किया जाएगा। श्री पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में राज्य के विभिन्न जिलों में अब तक 45 एसएनसीयू (विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई) स्थापित किए जा चुके हैं। इसी माह 06 अगस्त को 17 करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से 15 जिलों के अनुमंडलीय अस्पतालों में मदर न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एमएनसीयू) का उद्घाटन किया गया जो मातृत्व एवं नवजात शिशु देखभाल के मानकों में ऐतिहासिक बदलाव की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा किसी भी राज्य की मजबूत रीढ़ होती है और इसके लिए उत्कृष्ट प्रशिक्षण एवं आधुनिक तकनीकी ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। इस कड़ी में राज्य के लेबर रूम और एसएनसीयू से प्रत्येक जिला अस्पताल के एक स्त्री रोग विशेषज्ञ, एक शिशु रोग विशेषज्ञ, एशिया की एक स्टाफ नर्स और लेबर रूम की एक स्टाफ नर्स सहित कुल 140 मेंटर्स का चयन किया गया है। इन्हें व्यवहारिक प्रशिक्षण और तकनीकी दक्षता में उन्नत किया जाएगा। ये लोग आगे चलकर विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में प्रषिक्षण देने का कार्य भी करेंगे। श्री पाण्डेय ने स्मरण कराया कि 2017 में स्वास्थ्य मंत्री बनने के बाद उन्होंने अमानत कार्यक्रम की शुरुआत की थी जिसके माध्यम से नर्सों की क्लिनिकल प्रैक्टिस में उल्लेखनीय सुधार हुआ।

## लाइब्रेरी के छात्रों को दी गई शैक्षणिक सामग्री

### सुगा देवी सीताराम ट्रस्ट और डॉ. रेणुका सिन्हा ने की पहल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** जक्कनपुर के राम लखन महतो फ्लैट परिसर स्थित पुरानी लाइब्रेरी जरूरतमंद बच्चों के लिए शिक्षा का सहारा बनी हुई है। यहां रोजाना दर्जनों बच्चे पढ़ने आते हैं। इनमें से अधिकांश आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से हैं। इन बच्चों की पढ़ाई में कोई रुकावट न आए, इसके लिए सुगा देवी सीताराम ट्रस्ट और डॉ. रेणुका सिन्हा की ओर से हर महीने शैक्षणिक सामग्री बांटी जाती है। शैक्षणिक सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशी झलकती है। इससे उन्हें पढ़ाई के काम आने वाले कई जरूरी सामान खरीदने की चिंता नहीं रहती है। वितरण कार्यक्रम का संचालन लाइब्रेरी के अध्यक्ष अमित राजा अकेला और डॉ. रेणुका सिन्हा स्वयं करते हैं। उनका मानना है कि छोटे-छोटे प्रयास बच्चों का भविष्य संवारा जा सकता है।

## नंदलाल के स्वागत को सजेगा दादी मंदिर, कृष्ण भक्ति में रमेगा पटना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** श्री दादीजी सेवा समिति की ओर से 16 अगस्त को आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम दिखेगा। नंदलाल के स्वागत के लिए मंदिर को भव्य रूप से सजाया जाएगा। सोमवार को जन्माष्टमी की तैयारी बैठक के बाद समिति के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि यह पावन आयोजन शनिवार दोपहर 1:30 बजे से श्री दादी मंदिर बैंक रोड में आरंभ होगा। इस अवसर पर मंदिर का वातावरण आध्यात्मिक आभा से आलोकित होगा और भक्ति-भाव की मधुर तरंगें श्रद्धालुओं के हृदय को पुलकित करेंगी। महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला दिखेगी जिनमें श्रीकृष्ण झांकी दर्शन, भजनों की रसधारा, अलौकिक दरबार, छप्पन भोग दर्शन तथा सांकेतिक मटकी फोड़ कार्यक्रम प्रमुख आकर्षण होंगे। श्रद्धालु इन आयोजनों के माध्यम से नंदलाल के बाल रूप से लेकर उनके अलौकिक लीलाओं का रसास्वादन कर सकेंगे। भक्ति-संगीत को स्वर से सजाने के लिए कोलकाता से पधारे सुप्रसिद्ध भजन गायक संजय शर्मा, सूरजगढ़ की लोकप्रिय गायिका जस्सी सोनी, अन्नू शर्मा और नीरज भारद्वाज अपनी सुरमई प्रस्तुतियों से वातावरण को श्रीकृष्णमय करेंगे।

## बिहार अब औद्योगिक उड़ान भरने के लिए पूरी तरह तैयार : नीतीश मिश्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उद्योग विभाग की ओर से मंगलवार को विकास भवन के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना एवं मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस योजना का उद्देश्य युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में व्यावहारिक अनुभव एवं रोजगार अवसरों की समझ प्रदान करना है, ताकि वे उद्योग-तैयार कार्यबल के रूप में उभर सकें। इस अवसर पर विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि बिहार अब औद्योगिक उड़ान भरने के लिए पूरी तरह तैयार है। मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना राज्य को राष्ट्रीय औद्योगिक मानचित्र पर सशक्त पहचान दिलाएगी। इस पहल से जहां बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे, वहीं एक प्रशिक्षित और दक्ष कार्यबल का निर्माण भी होगा। इस दिशा में सभी को मिलकर प्रयास करना होगा, ताकि विकसित बिहार के साथ विकसित भारत का सपना साकार हो सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष जोर देते हुए सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री विकसित भारत रोज़गार योजना को मंजूरी दी। इस योजना के तहत जहां पहली बार रोजगार करने वाले कर्मचारियों को एक महीने का वेतन (15,000 रुपये तक) मिलेगा, वहीं नियोक्ताओं को अतिरिक्त रोजगार पैदा करने के लिए दो साल की अवधि के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा, साथ ही विनिर्माण क्षेत्र के लिए 4 साल के लिए लाभ दिया जाएगा। मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के अंतर्गत श्रम संसाधन विभाग के कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में 12वीं पास प्रशिक्षित या प्रमाणित युवाओं को इंटर्नशिप का अवसर और मासिक स्टायपेंड प्रदान किया जाता है– 12वीं पासः 4,000 रुपए प्रति माह, आईटीआई/डिप्लोमा पासः 5,000 रुपए प्रति माह, स्नातक/परास्नातक पासः 6,000 रुपए प्रति माह। पात्रता के लिए आवेदक बिहार का स्थायी निवासी होना चाहिए, आयु सीमा 18 से 28 वर्ष और न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण होनी चाहिए। इसके अलावा गृह जिले से बाहर लेकिन बिहार में इंटर्नशिप करने वालों को पहले 3 माह तक 2,000 रुपए प्रतिमाह और बिहार से बाहर इंटर्नशिप करने वालों को पूरी अवधि के लिए 5,000 रुपये प्रतिमाह का निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। योजना के तहत चयनित युवाओं को न्यूनतम 3 माह से अधिकतम 12 माह की इंटर्नशिप दी जाएगी जिसमें कम से कम 50% प्रशिक्षण व्यावहारिक होगा।

## रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** मुख्यालय, हाजीपुर में 03 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्ाारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

## संस्कृत सप्ताह एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण स्मृति संस्कृत सम्भाषण शिविर प्रारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सर्वत्र संस्कृतम एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज की ओर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत श्रीकृष्ण स्मृति अन्तर्राष्ट्रीय अन्तर्जालीय दशदिवसात्मक संस्कृत सम्भाषण शिविर का शुभारंभ संस्कृतमय वातावरण में हुआ। यह निरन्तर 35 वां शिविर है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव एवं आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि संस्कृत भाषा सीखने और लोकप्रिय बनाने के लिए सभी लोगों को प्रयास करना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण के जीवन का विस्तार से चर्चा श्रीमद्भागवत गीता में है। अपने उद्घाटन उद्बोधन में आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के प्रधान संरक्षक एवं पूर्व गृह सचिव उत्तर प्रदेश शासन डॉ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि भारत के सभी लोगों को श्रीमद्भागवत गीता का विस्तार से जानकारी प्राप्त करना चाहिए। संस्कृत सम्भाषण शिविर में सरल पद्धति से संस्कृत बोलना सीखाया जाता है। मुख्यातिथि के रूप मे गंगा देवी महिला महाविद्यालय पटना की संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो रागिनी वर्मा, मुख्य वक्ता अधिवक्ता उग्र नारायण झा, अभियान की राष्ट्रीय उपाध्यक्षा डॉ लीना चौहान, विशिष्टातिथि के रूप में डा अनिल कुमार चौबे, डा राजेश कुमार मिश्र, डॉ नीरा कुमारी, डॉ महेश केवट, डॉ मिथिलेश कुमार एवं डॉ अवन्तिका कुमारी ने संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार पर बल दिया। संस्कृत सम्भाषण शिविर के सदस्यों में विचार व्यक्त करने वालों में सुजाता घोष, मनीष कुमार, तारा विश्वकर्मा, मुरलीधर शुक्ल, राहुल कुमार पाण्डेय, आयुष मिश्र, वन्दना पटोरिया, मधु कुमारी आदि ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ लीना चौहान ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मनीष कुमार एवं ऐक्य मन्त्र तारा विश्वकर्मा ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का प्रारंभ आयुष मिश्र, सुजाता घोष, उग्र नारायण झा के क्रमशः मंगलाचरण, गीता श्लोक एवं वैदिक मंगलाचरण से हुआ।

## पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक द्वारा की गयी उच्चस्तरीय बैठक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की गयी। बैठक के दौरान पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे। बैठक में संरक्षा, सुरक्षा, ट्रेनों के समय पालन, एसेट मेंटेनेंस, रेलवे ट्रैक के रख-रखाव, ट्रैक मशीनों की कार्यप्रणाली, समपार फाटकों के इंटरलॉकिंग सहित अन्य विषयों पर विभागाध्यक्षों एवं मंडल रेल प्रबंधकों के साथ चर्चा की गयी। बैठक के दौरान मंडल रेल प्रबंधक द्वारा उठाये गये बिंदुओं पर भी गहन चर्चा की गयी। महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्री सुविधा, सुरक्षा, संरक्षा आदि के संबंध में किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स भारत इंटरप्राइजेज के अंतर्गत पंजीकृत बीमित व्यक्ति विनय कुमार मिश्रा जो दरभंगा में मानव बल के पद पर कार्यरत थे, उनकी आश्रिता पत्नी अंजू देवी, पुत्र-दिवाकर मिश्रा को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. विनय कुमार मिश्रा की मृत्यु 16-04-2024 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ई0एस0आई0सी0 द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 350 रु. प्रतिदिन की दर से लगभग प्रतिमाह (10500/-) आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग 157500 रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कार्य के दौरान व कार्यस्थल और निवासस्थान के मध्य आवागमन के कारण होने वाली दुर्घटना को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के तहत रोजगार चोट के रूप में स्वीकृत करने का प्रावधान है जिसके अंतर्गत बीमित कर्मचारी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित परिवारजनों को ई0 एस0 आई0 योजना के तहत वेतन का 90% तक मासिक आश्रित पेंशन दिया जाता है।

# बिहार को बदलने के लिए बदलें सोच : ऋतुराज सिन्हा

**मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में 'बिहार संवाद' कार्यक्रम का आयोजन ▶ कुलपति प्रो एसपी शाही ने कहा- युवा ही बनायेंगे सपनों का बिहार**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** मंगलवार को मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के तत्वावधान में 'बिहार संवाद' कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ हुआ। कार्यक्रम का स्थल महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र का सेमिनार हॉल था जहां बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी और छात्र-छात्राएं एकत्र हुए। गया कॉलेज, जगजीवन कॉलेज, मिर्जा गालिब कॉलेज और एएम कॉलेज के सैकड़ों विद्यार्थी भी मौजूद रहे। हॉल खचाखच भरा रहा, जो कार्यक्रम की लोकप्रियता और महत्व को दर्शाता है। कार्यक्रम निर्धारित समय पर शुरू होने वाला था, लेकिन अपरिहार्य कारणों से स्थगित करना पड़ा। बाद में मुख्य अतिथि ऋतुराज सिन्हा का स्वागत मगध विश्वविद्यालय स्थित शिक्षा विभाग में किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो एसपी शाही ने उन्हें पुष्पगुच्छ, अंग वस्त्र और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने घोषणा की कि 'बिहार संवाद' को निकट भविष्य में नई तिथि पर पुनः आयोजित किया जाएगा। इस संवाद का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों और समाज के बीच सार्थक बातचीत स्थापित करना और बिहार के विकास से जुड़े अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श करना है। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री एवं एसआईएस प्राइवेट लिमिटेड समूह प्रबंधन के निदेशक ऋतुराज सिन्हा ने युवाओं से सीधे संवाद किया। उन्होंने कहा कि बिहार को बदलने के लिए सबसे पहले युवाओं को अपनी सोच बदलनी होगी। भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया है और इसमें बिहार की भागीदारी बेहद जरूरी है। ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि बिहार की विशाल युवा आबादी यदि ठान ले तो बदलाव को कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने राज्य के प्रति नकारात्मक सोच खत्म करने पर जोर दिया और कहा कि जैसे कोई व्यक्ति अपने परिवार को दोष देकर आगे नहीं बढ़ सकता, वैसे ही राज्य की कमियों को कोसने से विकास नहीं होगा। युवाओं को नेतृत्व की जिम्मेदारी लेनी होगी और साफ दृष्टिकोण के साथ आगे आना होगा। उन्होंने जेपी आंदोलन की याद दिलाते हुए कहा कि 1975 में जिस तरह बिहार के युवाओं ने तानाशाही के खिलाफ बिगुल फूंका था, आज भी उसी जोश और जज्बे की जरूरत है। उन्होंने गरीबी को राज्य की सबसे बड़ी चुनौती बताया और कहा कि किसानों व श्रमिकों की आय बढ़ाना आवश्यक है। इसके लिए तकनीक आधारित खेती, बटाईदार किसानों को स्थायी अधिकार और कृषि सुधार जरूरी हैं। रोजगार के विषय पर बोलते हुए ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि केवल सरकारी नौकरी को लक्ष्य बनाना व्यवहारिक नहीं है। युवाओं को रोजगार मांगने वाले नहीं, देने वाला बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने स्वरोजगार और उद्यमिता को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि सरकार को युवाओं के लिए ऋण और प्रशिक्षण की आसान व्यवस्था करनी चाहिए।

## गया में सुरक्षा बलों की बड़ी कामयाबी, वांछित नक्सली सुरेन्द्र कुमार गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** गया जिले में सुरक्षा बलों को नक्सल मोर्चे पर बड़ी सफलता मिली है। 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया की 'सी' समवाय डुमरिया इकाई और जिला पुलिस, गया ने संयुक्त अभियान में 30 वर्षीय वांछित नक्सली सुरेन्द्र कुमार, पिता लखन यादव, निवासी ग्राम सोनडाहा, पोस्ट बांके बाजार, थाना बांके बाजार, जिला गया को गिरफ्तार किया। विश्वसनीय सूचना पर कमांडेंट मधुकर अमिताभ के निर्देशन और निरीक्षक (सामान्य) गणेश शंकर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में बांके बाजार क्षेत्र में यह कार्रवाई की गई। सुरेन्द्र कुमार पर थाना डुमरिया, जिला गया में कई गंभीर मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ अपराध संख्या 55/18 8 नवंबर 2018 के तहत भारतीय दंड संहिता की धाराएं 147, 148, 149, 307, 353, 504, 506, 120(बी), शस्त्र अधिनियम की धाराएं 25(1-बी)(ए), 26, 27, 35, विस्फोटक अधिनियम की धारा 3 और 4 तथा आपराधिक विधि संशोधन अधिनियम की धारा 17 के अंतर्गत मामले लंबित हैं। गिरफ्तार नक्सली को थाना डुमरिया, जिला गया को विधिक कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया।

## 1 लाख 70 हजार घरेलू उपभोक्ताओं को पूर्ण अनुदान पर निशुल्क बिजली मिलने लगी : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** जिले के डीएम शशांक शुभंकर ने बताया कि जिले में 5 लाख 70 हजार से ऊपर घरेलू उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 125 यूनिट तक अनुदान एवं 01 लाख 70 हजार घरेलू उपभोक्ताओं पूर्ण अनुदान पर निशुल्क बिजली मिलने लगी है अर्थात वैसे उपभोक्ता जो मासिक खपत 125 यूनिट से कम करते हैं, उन्हें जीरो यूनिट खपत का बिल जा रहा है, कोई पैसा नही लग रहा। पूरा अनुदान के रूप में जा रहा है। उक्त संवाद कार्यक्रम में उपस्थित मंत्री सहकारिता विभाग बिहार सरकार डॉ0 प्रेम कुमार, मंत्री लघु जल संसाधन विभाग बिहार सरकार डॉ0 संतोष कुमार सुमन, एमएलसी डॉ0 कुमुद वर्मा, जिला परिषद अध्यक्ष सहित अन्य गण को जिले के अधीक्षण अभियंता बिजली विभाग संदीप प्रकाश द्वारा हरित पुष्प गमला एवं अंगवस्त्र देकर उनका हार्दिक स्वागत किया। जिले के अधीक्षण अभियंता बिजली विभाग संदीप प्रकाश ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए कहा कि आज काफी ऐतिहासिक दिन दिन है जो सभी घरेलू उपभोक्ताओं को मुख्यमंत्री द्वारा 125 यूनिट तक बिजली को मुफ्त किया है। उन्होंने बताया कि विद्युत आपूर्ति के क्षेत्र में विभाग के तरफ से गया जिले में 11 पावर सबस्टेशन बनाए जा रहे हैं। 100 से अधिक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाए जा रहे हैं और लगभग इतने ही ट्रांसफार्मरों की क्षमता विस्तार का कार्य भी जारी है।

## बिना लाइसेंस और नाबालिग चालकों के खिलाफ सख्त करें कार्रवाई : डॉ. मनीष पंकज मिश्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** शहर में यातायात अव्यवस्था की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है, विशेषकर रेलवे स्टेशन, गांधी मैदान, समीर तकिया, चांद चौरा और बाईपास के आस-पास के क्षेत्रों में सुबह से ही टोटो, टेंपो और ट्रैक्टर चालकों द्वारा अनियंत्रित तरीके से गाड़ी चलाने के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। कई बार यह देखा गया है कि इन वाहनों के चालकों के पास न तो वैध ड्राइविंग लाइसेंस होता है और न ही गाड़ी चलाने की निर्धारित उम्र पूरी होती है। इसके बावजूद वे सड़कों पर मनमाने तरीके से वाहन चलाते हैं, जिससे राहगीरों और यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है। ट्रैक्टर चालकों की लापरवाही भी गंभीर चिंता का विषय है। कई ट्रैक्टर बालू, ईंट या छड़ लेकर इतनी तेज रफ्तार से चलते हैं कि किसी भी पल जानलेवा हादसा हो सकता है। आगामी पितृपक्ष मेला, जो सितंबर माह से शुरू होने वाला है, को देखते हुए यह समस्या और भी गंभीर हो सकती है क्योंकि इस दौरान लाखों की संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक गया पहुंचते हैं। इस संदर्भ में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने जिला प्रशासन से तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने आग्रह किया है कि सभी टोटो और टेंपो चालकों के लाइसेंस की सख्ती से जांच की जाए तथा बिना लाइसेंस और नाबालिग चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। वहीं, ट्रैक्टर चालकों को स्पष्ट चेतावनी दी जाए कि यदि वे 20-30 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से वाहन चलाएंगे तो ट्रैक्टर जब्त कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## मगध विश्वविद्यालय में विक्रम साराभाई की जयंती पर व्याख्यान और पौधारोपण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के पी.जी. भौतिकी विभाग में सोमवार को भारत के प्रख्यात वैज्ञानिक एवं 'भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक' डॉ. विक्रम साराभाई की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विशेष व्याख्यान और वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. विजय कुमार वर्मा ने की जबकि मुख्य वक्ता प्रो. संतोष कुमार (कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आर्ट्स एंड साइंस, पटना) ने 'डॉ. विक्रम साराभाई का जीवन एवं उपलब्धियां' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने डॉ. साराभाई के वैज्ञानिक योगदान, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की स्थापना और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में डॉ. अरुण कुमार, डॉ. माधव कुमार सिंह, डॉ. तन्मय लाहिड़ी, डॉ. विश्वतोष मिश्र, डॉ. श्रद्धा प्रसाद, डॉ. विमल कुमार तिवारी, डॉ. अंकुरवा सिन्हा और डॉ. शिव कुमार यादव सहित अनेक शिक्षक, गैर-शिक्षण कर्मचारी और शोधार्थी मौजूद रहे। व्याख्यान के बाद परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रेनू रानी ने किया। समापन पर विभागाध्यक्ष ने विद्यार्थियों और शोधार्थियों से वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने और डॉ. साराभाई के आदर्शों को जीवन में उतारने का आह्वान किया।

## डॉ प्रेम कुमार ने किया सहकारिता महाविद्यालय एवं प्रशिक्षण केंद्र के स्थल का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने गया जिले के डोभी प्रखंड में सहकारिता विभाग की उपलब्ध कराई गई 10 एकड़ भूमि पर बनने वाले सहकारिता महाविद्यालय एवं प्रशिक्षण केंद्र के स्थल का निरीक्षण किया। यह महाविद्यालय त्रिभुवन सहकारिता विश्वविद्यालय, गुजरात से संबद्ध होगा। निरीक्षण के दौरान संयुक्त निबंधक, जिला सहकारिता पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी शेरघाटी, सदर अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित कई अधिकारी मौजूद थे। डॉ. कुमार ने स्थल के नक्शे का अवलोकन किया और पाया कि राजस्व विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए रास्ते की चौड़ाई मात्र 13 फीट है। उन्होंने इसे बढ़ाकर 25 फीट करने का प्रस्ताव दिया और इसके लिए संबंधित किसान को मुआवजा देकर भूमि अधिग्रहण की बात कही। डॉ. कुमार ने कहा कि इस महाविद्यालय और प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण राज्य के सहकारिता क्षेत्र में एक नई उपलब्धि होगी और सहकारिता को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि चहारदीवारी, पीने के पानी का संयंत्र, वृक्षारोपण, जनसुविधा, गार्ड रूम, संपर्क पथ का प्राक्कलन बनाकर 5 एकड़ में त्रिभुवन सहकारिता विश्वविद्यालय की स्वीकृति से भवन निर्माण तथा 5 एकड़ में सहकारी प्रशिक्षण संस्थान खोला जाए। भवन निर्माण विभाग को शीघ्र प्राक्कलन तैयार कर प्रशासनिक स्वीकृति हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मार्केटिंग फेडरेशन के अध्यक्ष बसंत जी परमार, विकास कुमार, दीपक कुमार, प्रेमसागर, वेद प्रकाश, शशि सिंह, पप्पू चंद्रवंशी, अभ्यास चंद्रवंशी, किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभू यादव, शिवनारायण प्रसाद, कौशलेंद्र कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत सशस्त्र सीमा बल की 15 किलोमीटर लंबी बाइक रैली




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत 12 अगस्त को क्षेत्रक मुख्यालय (विशेष प्रचालन) सशस्त्र सीमा बल, गया और 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया के संयुक्त तत्वावधान में भव्य बाइक रैली निकाली गई। रैली को क्षेत्रक मुख्यालय (विशेष प्रचालन) के उप महानिरीक्षक मानवेन्द्र ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नेतृत्व 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया के कमांडेंट मधुकर अमिताभ ने किया। यह बाइक रैली एसएसबी कैम्पस धनावां से महाबोधी मंदिर, बोधगया तक लगभग 15 किलोमीटर के मार्ग पर निकाली गई। रैली का उद्देश्य जन-जन में देशभक्ति की भावना जागृत करना और तिरंगे के प्रति सम्मान बढ़ाना था। इस आयोजन में क्षेत्रक मुख्यालय (विशेष प्रचालन) के द्वितीय कमान अधिकारी अंजय रजक, 29वीं वाहिनी के उप कमांडेंट अजय कुमार वाजपेयी, सहायक कमांडेंट संजीत कुमार यादव सहित क्षेत्रक मुख्यालय और 29वीं वाहिनी के अधिकारी तथा बलकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## मुख्यमंत्री संवाद कार्यक्रम शिविरों में दी गई 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना की जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** मुख्यमंत्री संवाद कार्यक्रम के तहत प्रखण्ड कार्यालय कोंच, अहियापुर हाई स्कूल, आंती बस स्टैंड और देवरा खेल मैदान में शिविरों का आयोजन मंगलवार को दोपहर 12 बजे किया गया। इन शिविरों में सरकार की 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना की जानकारी आम जनता को दी गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों और कर्मियों ने लोगों को योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और लाभ के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने यह भी बताया कि यह योजना राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक है जिसका उद्देश्य आमजन को बिजली के बोझ से राहत देना है। लोगों ने शिविरों में पहुंचकर न सिर्फ जानकारी ली, बल्कि कई लाभार्थियों ने मौके पर ही योजना के लिए आवेदन भी किया। शिविरों में अन्य योजनाओं की भी जानकारी दी गई और लोगों की समस्याएं भी सुनी गईं। प्रशासन द्वारा इस तरह के शिविरों को गांव-गांव तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। मौके पर कनीय अभियंता विकास कुमार, समरेश कुमार सहित अन्य विद्युत कर्मी मौजूद थे।

## बिजली उपभोक्ताओं से मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन किया संवाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरारू।** मंगलवार को विद्युत कनीय अभियंता संजय चौधरी के नेतृत्व में प्रखण्ड क्षेत्र के गुरारू बाजार के सर्वोदय उच्च विद्यालय के मैदान में बरोरह बाजार में, कोंची गांव एवं घटेरा गांव में सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को 125 युनिट बिजली मुफ्त दिये जाने के संबंध में आम जन से सीधे कार्यक्रम के तहत एल ई डी के माध्यम से सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों उपभोक्ताओं के अलावे बिजली विभाग के कर्मचारी एवं प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों ने शिरकत किया। इस संबंध में कई उपभोक्ताओं ने बताया कि अभी हमलोगों को बिजली बिल मिला हीं नहीं है तो क्या बात कर सकते हैं। अभी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। मुख्यमंत्री प्रत्येक उपभोक्ताओं को बिजली बिल मिल जाने पर यह कार्यक्रम रखना चाहिए था।

## भूमि विवाद को लेकर मारपीट, दो पर केस दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के दौरमा गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच बीते दिनों मारपीट हो गई। घटना के संबंध में गांव के अमित कुमार के फर्द बयान पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज मंगलवार को किया। अमित कुमार ने अपने बयान में शुभम कुमार और मृत्युंजय शर्मा को नामजद आरोपी बनाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दोनों ने जमीनी विवाद के चलते उनके साथ मारपीट की। आंती थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने कांड संख्या 91/25 दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गोलियों की गूंज से सहमा परिवार, गिरफ्तारी न होने पर घर में कैद, पुलिस से सुरक्षा की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आमस।** थाना क्षेत्र के शमशेर खाप गांव निवासी जदयू नेता अरविंद प्रजापति पर 30 जुलाई को दो अज्ञात अपराधियों ने जानलेवा हमला किया था। उन्होंने बताया कि मुखिया के घर से लौटते समय शमशेर खाप मोड़ के पास घात लगाए बदमाशों ने उन पर गोली चला दी। गंभीर रूप से घायल अरविंद किसी तरह गांव तक पहुंचे और उनकी जान बची। मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस कर जदयू नेता अरविंद प्रजापति ने बताया कि घटना को दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपितों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। गिरफ्तारी न होने के कारण वे और उनका परिवार भय के साए में जी रहे हैं और घर में कैद रहने को मजबूर हैं।



### बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद

ई–मेल- msbspcb-bih@gov.in, वेबसाईट-http://bspcb.bihar.gov.in

**लोक–सुनवाई की सूचना**

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533, दिनांक 14.09.2006 एवं यथा संशोधित अधिसूचनाओं के आलोक में राज्य पर्यावरण समाधात निर्धारण प्राधिकरण के समक्ष मेसर्स किसान इंटरप्राईजेज, आवेदक– विभूति नारायण, पिता– नरेन्द्र कुमार, ग्राम–हिरदय चक, पोस्ट–हिरदय चक, थाना–कलेर, जिला– अरवल (बिहार) द्वारा औरंगाबाद सोन नदी स्थित औरंगाबाद सोन–20A बालू घाट, मौजा–गोठौली, पोस्ट+थाना– बारूण, प्रखंड– बारूण,जिला– औरंगाबाद(बिहार)में प्रस्तावित बालू खनन परियोजना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति का प्रस्ताव विचाराधीन है।

इस परियोजना के कार्यान्वयन के पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु राज्य पर्यावरण समाधात निर्धारण प्राधिकरण द्वारा TOR (Terms of Reference) निर्गत की गयी हैं तथा लोक–सुनवाई की जानी है।

परियोजना का पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन तैयार किया गया है। जिसमेंसंभावित कुप्रभावों को निरस्त करने के उपाय प्रस्तावित है। उक्त प्रतिवेदन तथा परियोजना के कार्यपालक सार की प्रति पर्षद् मुख्यालय, पटना,जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद;कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्,औरंगाबाद; महाप्रबंधक, जिला उधोग केन्द्र, औरंगाबाद एवं जिला खनन कार्यालय, औरंगाबाद के कार्यालय में प्रभावित क्षेत्र के लोगों के अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं। परियोजना की विवरणी का अवलोकन पर्षद् के वेबसाईटः http://bspcb.bihar.gov.in पर भी किया जा सकता है। वैसे व्यक्ति जो इस परियोजना से प्रभावित होने वाले हों, अपना लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य इस सूचना प्रकाशन के 30 (तीस) दिनों के अन्दर पर्षद् कार्यालय में भी जमा कर सकते है। साथ ही पर्षद् के ई–मेलः msbspcb-bih@gov.in पर अथवा डाक के माध्यम से भी लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य भेजी जा सकती है।

परियोजना प्रभाव क्षेत्र के नागरिकों के लिए लोक–सुनवाई निम्नानुसार आहूत किया गया हैः–

| दिनांकः | समय | प्रखंड का नाम | बालू घाट का मौजा | बालू घाट का नाम | लोक–सुनवाई का स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 16.09.2025 | अपराह्न 12:30 बजे | बारूण, जिला–औरंगाबाद | गोठौली | औरंगाबाद सोन–20A बालू घाट | प्रखंड कार्यालय, बारूण, जिला–औरंगाबाद |

सभी आम लोगों/संबंधित से अनुरोध हैं कि उपरोक्त लोक–सुनवाई के दौरान सरकार द्वारा निर्गत कोविड–19 गाईड–लाईन का पालन करते हुए परियोजना के संबंध में अपने मंतव्य/सुझाव /विचार से अवगत करायेगें।

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

सदस्य सचिव

PR- 011386 (B & C) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार


## मोबाइल चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे, तीन को जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज(गयाजी)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत दो दिन पूर्व एक व्यक्ति से कुछ शातिरों ने फोन झपट लिया और चंपत हो गये जिसकी शिकायत पर हुई कार्रवाई में तीन युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा ने बताया कि बीते रविवार की देर रात केवला निवासी कारू पासवान का मोबाइल एक बाइक पर सवार तीन उचक्कों ने छीन लिया और फरार हो गये। इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल बड़कावन निवासी छोटू उर्फ शंकर पंडित, पिंकु मांझी एवं रविशंकर मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया।

## 18 को राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा गुजरने पर दिया जाएगा ज्ञापन : प्रो. विजय कुमार मिट्ठू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष, कांग्रेस पार्टी के सर्वमान्य नेता, इंडिया गठबंधन के नायक राहुल गांधी का प्रस्तावित मतदाता अधिकार यात्रा जो 18 अगस्त 2025 को संध्या 5 बजे दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के पास से गुजरने पर कांग्रेसजन, केन्द्रीय विश्वविद्यालय संघर्ष समिति बिहार तथा स्थानीय जनमानस एकजुट होकर हजारों-हजार की संख्या में उपस्थित होकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं उनके साथ यात्रा में शामिल बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय का नामकरण विष्णु बुद्ध केन्द्रीय विश्वविद्यालय करने, इसके परिसर में केन्द्रीय विद्यालय, मेडिकल कॉलेज एवं इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने सहित अन्य मांगों के संबंध में ज्ञापन देने का काम करेंगे। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता सह संयोजक बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय संघर्ष समिति प्रो विजय कुमार मिट्ठू, बृजमोहन शर्मा, टिकारी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष नाथून पासवान, रामचंद पासवान, प्रो. मुद्रिका सिंह नायक, बाल्मीकि प्रसाद, जागरुप यादव, राम कृष्णा त्रिवेदी, राम प्रमोद सिंह, मोहन सिंह, बालेन्दर सिंह, सकलदेव यादव, बिन्दा यादव आदि ने कहा कि पूर्व की यू पी ए की सरकार के कार्यकाल में गया जिला के टिकारी प्रखंड अंतर्गत दरियापुर- फतेहपुर- पंचानपुर में 350 एकड़ रक्षा मंत्रालय के भूमि पर शिलान्यास होकर निर्माण हुआ था जिसके शिलान्यास के अवसर पर यह घोषणा किया गया था कि इस परिसर में केन्द्रीय विद्यालय, मेडिकल कॉलेज एवं इंजीनियरिंग कॉलेज भी खुलेगा, परंतु वर्षों बीत जाने के बाद भी अभी तक यह घोषणा पूरी नहीं हुई।



### शपथ पत्र

मैं प्रमोद कुमार उर्फ प्रमोद कुमार सिंह पिता-स्व. मुखराम सिंह उम्र-करीब 46 वर्ष निवासी ग्राम/मुहल्ला-करमा पोस्ट-अमझोर थाना-रोहतास जिला-रोहतास (बिहार)शपथपूर्वक निम्नलिखित बयान करता हूं कि उपरोक्त पते का मैं स्थायी निवासी हूं। मैं प्रमोद कुमार उर्फ प्रमोद कुमार सिंह पिता-स्व.मुखराम सिंह दोनों एक ही व्यक्ति का दो नाम है जो मैं हूं। मैं प्रमोद कुमार उर्फ प्रमोद कुमार सिंह दोनों नाम से जाना एवं पहचाना जाता हूं।

मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही एवं सत्य है। शपथ पत्र संख्या-14834- दिनांक-11/8/25 है।

शपथकर्ता
प्रमोद कुमार

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 03/2025–26)**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज।
2. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक–**28-08.2025** को 3:00 बजे अपराहन तक
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक–**29-08-2025** को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक–**29-08.2025** 3.30 बजे अपराह्न में।
5. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री का स्थान :–(1) **मुख्य अभियंता (यातायात)** का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड राँची, अभियंत्रण छात्रावास प्रथम तल्ला धुर्वा, राँची।
(2) **आरक्षी अधीक्षक**, पलामू के कार्यालय परिसर में अधीक्षण अभियंता, प0नि0वि0, पथ अंचल, डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा।
(3) **आरक्षी अधीक्षक**, पलामू के कार्यालय परिसर में कार्यपालक अभियंता, प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान :– क्रमांक 5 (पांच) में उल्लेखित कार्यालयो में निर्धारित स्थानों पर।
7. **कार्य का विवरण** :–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | छत्तरपुर–करमा–चेराई पथ का साधारण मरम्मति कार्य। (वर्ष 2025–26) | 49,99,169.00 | 1,00,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |

**नोटः**– (1) निविदा आमंत्रण सूचना एवं निविदा की शर्त्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
(2) निर्धारित निविदा तिथि को सरकार द्वारा अवकाश घोषित होने पर निविदा आमंत्रण की तिथि अगले कार्य दिवस को होगी।
(3) प्राक्कलन की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल, डालटनगंज

PR.NO.359395 Road(25-26):D

संपादकीय

# खुलासों से उठते सवाल

भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर सेना की कार्रवाई को लेकर जो खुलासे सार्वजनिक रूप से एक के बाद एक करते जा रहे हैं, उनसे कई सवाल जनमानस में उठ रहे हैं। मसलन जो बाते अब कहीं जा रहीं है, वह तभी क्यों नहीं कही गई, जब पाकिस्तान हम पर लगातार झूठे आरोप लगा रहा था, दूसरे संसद में 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर हुई मेराथन बहस के बाद सरकारी जवाब में दी गई जानकारी में भी इन खुलासों का स्पष्ट उल्लेख नहीं था। तीसरा, ये कि ऑपरेशन सिंदूर के तीन महीने बाद इन खुलासों का क्या मतलब है? ताजा चौंकाने वाला मामला देश के वायुसेनाध्यक्ष एयर चीफ़ मार्शल एपी सिंह का दावा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तान के पांच लड़ाकू विमानों और एक बड़े विमान को मार गिराया था। साथ ही पहलगाम हमले के बाद छह-सात मई की दरमियानी रात पाकिस्तान और पीओके के आंतकी कैम्पो को निशाना बनाया गया। बेंगलुरू में 16वें एयर चीफ़ मार्शल एलएम कात्रे लेक्चर कार्यक्रम के दौरान एयर चीफ़ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि भारतीय वायु सेना द्वारा नष्ट बड़ा विमान ईएलआईएनटी या एईडब्ल्यूएंडसी हो सकता है। इस विमान को 'ज़मीन से हवा में 300 किलोमीटर की दूरी पर निशाना बनाया गया था' और 'एक तरीक़े से यह अब तक का सबसे बड़ा ज़मीन से हवा में मार करने का रिकॉर्ड है। हमने बड़े पैमाने पर उनके एयर डिफ़ेंस सिस्टम का नुक़सान किया। रूस से ख़रीदे गए एयर डिफ़ेंस सिस्टम एस-400 को 'गेम चेंजर' साबित हुए। हालांकि उस वक्त पाकिस्तान ने भी भारत के साथ सीमित संघर्ष में भारत के 'पांच लड़ाकू विमान गिराने' का दावा किया था, जिसे भारत ने सिरे से ख़ारिज कर दिया था। लेकिन भारतीय वायु सेना कुछ आला अफसरों ने 'कुछ' भारतीय विमानों को 'खोने' की बात परोक्ष रूप से स्वीकारी थी। ये थे सीडीएस जनरल अनिल चौहान और इंडोनेशिया में भारतीय डिफ़ेंस अताशे। यद्यपि बाद में भारतीय दूतावास ने बयान जारी कर कहा कि डिफ़ेंस अताशे कैप्टन शिवकुमार के बयान को संदर्भ से बाहर का बताया गया था। एयर चीफ ने साफ कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का एक 'प्रमुख कारण राजनीतिक इच्छाशक्ति का होना' था। हम पर किसी तरह की पाबंदी नहीं लगाई गई थी। गौरतलब है कि विगत 31 मई को भारत के चीफ़ ऑफ़ डिफ़ेंस स्टाफ़ जनरल अनिल चौहान से जब भारतीय विमानों के मार गिराने के पाकिस्तान के दावे के बारे में पूछा गया तो उनका कहना था, 'ये बिल्कुल ग़लत है। महत्वपूर्ण है, यह है कि जेट क्यों गिरे और इसके बाद हमने क्या किया। इस बीच वायुसेनाध्यक्ष के खुलासे से पाकिस्तान भड़क गया है। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सोशल मीडिया पर कहा कि भारतीय वायु सेना प्रमुख के यह दावे को गलत बताते हुए कहा कि भारतीय सेना के अफसरों को राजनीति की नाकामियों का जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। पाकिस्तानी नेता ने कहा कि कई स्वतंत्र जांचकर्ताओं ने माना है कि कई भारतीय विमान खोए गए हैं। अगर सच का पता लगाना है, तो दोनों देशों को अपने विमान भंडार को स्वतंत्र जांच के लिए खोल देना चाहिए, लेकिन भारत ऐसा करेगा, इस पर उन्हें शक है। उधर विपक्षी कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने एयर चीफ मार्शल के बयान पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए कहा कि 'एयर चीफ़ मार्शल अमर प्रीत सिंह के नए खुलासे के बाद, यह सब और भी अधिक चौंकाने वाला हो जाता है कि प्रधानमंत्री ने 10 मई की शाम को अचानक ऑपरेशन सिंदूर क्यों रोक दिया। प्रधानमंत्री पर दबाव कहाँ से आया और उन्हें इतनी जल्दी क्यों झुकना पड़ा?'

# एनडीए सरकार- पिछले 20 वर्षों से बिहारी बहनों का भरोसा

**इस पहल ने न केवल शासन में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाया है, बल्कि उनमें स्वामित्व और जिम्मेदारी की भावना को भी बढ़ावा दिया है। आज हज़ारों महिलाएँ, जिनमें से कई हाशिए पर मौजूद समुदायों से हैं – मुखिया, वार्ड सदस्य और ब्लॉक-स्तरीय नेता के रूप में काम कर रही हैं। वे अनिश्चित और अनुभवहीन होकर सिस्टम में प्रवेश कर सकती हैं, लेकिन आज अनगिनत महिलाएँ शिक्षा, स्वच्छता और स्थानीय शासन सुधार के लिए मुखर आवाज़ बनकर उभरी हैं। इस प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए, बिहार ने 2006 में प्राथमिक शिक्षक भर्ती में महिलाओं के लिए 50त्न आरक्षण लागू किया और 2016 में सभी सरकारी नौकरियों में 35% आरक्षण बढ़ा दिया।**



– **डॉ संजय मयूख**
(बिहार विधान परिषद् में भाजपा के मुख्य सचेतक एवं एनडीए के उप-सचेतक, राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रमुख एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता, भाजपा)

रक्षाबंधन का मतलब सिर्फ़ राखी बाँधने का रस्म नहीं है, ये एक रिश्ते की ज़िम्मेदारी होती है। इस दिन संसार का हर एक भाई अपनी बहन से वादा करता है कि बहन कभी अकेली नहीं पड़ेगी, उसके सम्मान, सुरक्षा और तरक्की के रास्ते में वह कभी रुकावट नहीं आने देगा। ये ज़िम्मेदारी सिर्फ़ भाई की नहीं होती, सरकार की भी होती है। पिछले 20 वर्षों से बिहार में एनडीए सरकार ने इस रिश्ते को सिर्फ समझा ही नहीं, निभाया भी है। बिहार में वर्ष 2005 से पूर्व महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उनके विकास के नाम पर राबड़ी देवी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने के अलावा कोई भी उपलब्धि भरा काम नहीं किया गया था। लालू परिवार के सिवा, बाकि बिहारी महिलाऐं चूल्हे जलाने से अपने दिनचर्या की शुरुआत करते हुए रात को खाने के बर्तन धोने के साथ अपने दिन को समाप्त करती थीं। महिलाओं के लिए न पढ़ाई की बात होती थी, न रोज़गार की, न आत्मनिर्भर बनाने की। फिर वक्त बदला। बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने 2005 में जब बिहार का कमान संभाला, तो सरकार की सबसे पहली चिंता यही थी, हर बिहारी बेटी को हक़, अवसर और सम्मान मिलना चाहिए। 2005 से बिहार में एक नई शुरुआत हुई; सड़कों, पुलों, स्कूलों के साथ-साथ हमारी बहनों के जीवन में भी बदलाव आने लगा। आज बिहार की महिलाएँ सिर्फ़ घर ही नहीं संभाल रही हैं, बल्कि पंचायत चला रही हैं, स्कूल में पढ़ा रही हैं, पुलिस की वर्दी पहन रही हैं, और अपना कारोबार खड़ा कर रही हैं। एनडीए के कार्यकाल में भारत के सबसे पितृसत्तात्मक और गरीब राज्यों में से एक बिहार में महिलाओं के सशक्तिकरण का एक मॉडल पेश किया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों ने न केवल महिलाओं को विकास की कहानी में शामिल किया है, बल्कि उन्हें इसके केंद्र में रखा है।

## महिला सशक्तिकरण- बिहार बना देश का मॉडल राज्य

एनडीए सरकार के नेतृत्व में, बिहार ने महिला सशक्तिकरण की एक ऐसी यात्रा शुरू की है जो अग्रणी और प्रभावशाली दोनों है। 2006 से, नीतीश सरकार ने महिलाओं के उत्थान के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण नीतियों को लागू किया है। पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए 50त्न आरक्षण की शुरुआत ने राजनीतिक समावेशिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस पहल ने न केवल शासन में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाया है, बल्कि उनमें स्वामित्व और जिम्मेदारी की भावना को भी बढ़ावा दिया है। आज हज़ारों महिलाएँ, जिनमें से कई हाशिए पर मौजूद समुदायों से हैं – मुखिया, वार्ड सदस्य और ब्लॉक-स्तरीय नेता के रूप में काम कर रही हैं। वे अनिश्चित और अनुभवहीन होकर सिस्टम में प्रवेश कर सकती हैं, लेकिन आज अनगिनत महिलाएँ शिक्षा, स्वच्छता और स्थानीय शासन सुधार के लिए मुखर आवाज़ बनकर उभरी हैं।

इस प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए, बिहार ने 2006 में प्राथमिक शिक्षक भर्ती में महिलाओं के लिए 50त्न आरक्षण लागू किया और 2016 में सभी सरकारी नौकरियों में 35त्न आरक्षण बढ़ा दिया। कम महिला साक्षरता से त्रस्त राज्य में, इस नीति ने कक्षा की गतिशीलता को बदलने में मदद की और लड़कियों की अगली पीढ़ी को रोल मॉडल प्रदान किया। बिहार के सरकारी स्कूलों में लाखों महिला शिक्षकों की उपस्थिति एक 'साइलेंट रेवोल्यूशन' है जो परिवारों और समुदायों में फैलती रहती है। अभी कुछ दिन पूर्व ही सरकार ने ऐतिहासिक घोषणा करते हुए कहा है कि अब से बिहार की सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं के 35त्न आरक्षण का लाभ सिर्फ बिहार की बेटियां को ही मिलेगा, ये निश्चित ही सरकार के द्वारा बिहार की बेटियों को रक्षाबंधन का एक और उपहार है।

## नीति से संस्कृति तक

योजनाओं और कोटा से परे, नीतीश सरकार ने यकीनन सामाजिक विमर्श को नया रूप दिया है। स्वयं सहायता समूह आंदोलन %जीविका% पहल आर्थिक सशक्तिकरण की एक मिसाल है। महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों में संगठित करके, इस कार्यक्रम ने 1.44 करोड़ से अधिक महिलाओं को आय-उत्पादक गतिविधियों में शामिल होने में सक्षम बनाया है, जिससे वित्तीय स्वतंत्रता और उद्यमिता को बढ़ावा मिला है। यह मॉडल इतना सफल रहा है कि इसने केंद्र सरकार के %आजीविका% कार्यक्रम को प्रेरित किया,जो बिहार सरकार के व्यापक और समावेशी दृष्टिकोण को दर्शाता है। मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना के तहत, लाखों किशोरियों को माध्यमिक विद्यालयों तक पहुँचने के लिए साइकिलें दी गईं, जिससे बुनियादी गतिशीलता का मुद्दा सामाजिक परिवर्तन के उत्प्रेरक में बदल गया। एक ऐसे समाज में जहाँ लड़कियाँ अक्सर दूरी, सुरक्षा या सामाजिक दबाव के कारण कक्षा 8 के बाद स्कूल छोड़ देती थीं, साइकिल स्वतंत्रता का एक साधन बन गई। नामांकन में वृद्धि हुई। किशोर गर्भधारण में कमी आई। इससे भी अधिक गहरा बदलाव धारणा में आया, साइकिल चलाकर स्कूल जाती लड़की ग्रामीण बिहार में आकांक्षा और स्वायत्तता की मिसाल बन गई। जहां उज्ज्वला योजना के माध्यम से 1.16 करोड़ बिहारी बहनों को चूल्हे के धुएं से मुक्ति मिली, वहीं दीदी की रसोई योजना ने उनके लिए सम्मान और रोज़गार के नए द्वार खोल दिए। 4 लाख महिला कर्मचारियों के लिए कार्यस्थल के पास सरकारी आवास की योजना, काम और परिवार के संतुलन को लेकर बिहार सरकार की महिला हितैषी सोंच को दर्शाती है। बिहार में कन्या उत्थान योजना से 9 लाख बेटियों को सहायता मिली, वहीं 32 लाख से अधिक माताओं को मातृ वंदना योजना का लाभ मिला। आशा और ममता कार्यकर्ताओं के मानदेय में बढ़ोतरी की गयी, 30,000 नई आशा बहनों की भर्ती का भी सरकार ने ऐलान किया है, जिससे इस सेवा को और मजबूती मिलेगी। महिला थानों की स्थापना, नए थाना भवनों में महिला बैरक और स्वच्छता की अनिवार्यता, और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए स्वाभिमान बटालियन, यह सब महिला सुरक्षा के प्रति एनडीए सरकार की प्रतिबद्धता को दिखाता है।

बिहार की एनडीए सरकार ने लैंगिक संवेदनशीलता को नौकरशाही अभ्यास का हिस्सा बना दिया है। शराब विरोधी नीतियां, हालांकि विवादास्पद थीं, महिला आंदोलनों द्वारा संचालित थीं जिन्होंने घरेलू हिंसा और शराब के सेवन से परिवार के आर्थिक, सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी नुकसान को कम कर दिया। इस तरह की जमीनी चिंताओं के साथ सरकार का जुड़ाव महिलाओं की आवाज़ के प्रति असामान्य राजनीतिक संवेदनशीलता को दर्शाता है।

## शिक्षा और रोजगार- बिहारी महिलाओं ने सारी बाधाओं को तोड़ दिया

शिक्षा और रोजगार, नीतीश सरकार के सशक्तिकरण एजेंडे का आधार रही है। मेडिकल, इंजीनियरिंग और खेल संस्थानों में लड़कियों के लिए 33त्न सीटों का आरक्षण एक अग्रणी कदम है, जिसने अन्य राज्यों के लिए एक मिसाल कायम की है। इस नीति ने अनगिनत युवा महिलाओं के लिए पारंपरिक रूप से पुरुषों के वर्चस्व वाले क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए दरवाजे खोले हैं, जिससे रूढ़िवादिता को चुनौती मिली है और महिलाओं के सर्वांगीण विकास का द्वार खुला है। रोजगार के क्षेत्र में, पुलिस बल में महिलाओं की भागीदारी पर बिहार की उपलब्धि उल्लेखनीय है। पुलिस कर्मियों में 30,000+पदस्थापना (25.3त्न) महिलाओं के साथ, बिहार कानून प्रवर्तन के भीतर महिला प्रतिनिधित्व में देश में सबसे आगे है। यह उपलब्धि पुलिस भर्ती में शुरू किए गए 35त्न आरक्षण का प्रत्यक्ष परिणाम है, जिसने न केवल लिंग संतुलन को बढ़ाया है बल्कि बल की समग्र प्रभावशीलता में भी सुधार किया है।

## महिला सशक्तिकरण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार, महिला सशक्तिकरण के एक समग्र दृष्टिकोण के साथ निरंतर नीति निर्धारण और कार्यान्वयन कर रही है। राज्य के बजट आवंटन महिलाओं के कल्याण, शिक्षा और रोज़गार में महत्वपूर्ण निवेश इस प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। महिला उद्यमिता प्रोत्साहन की शुरूआत, व्यावसायिक उपक्रमों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना, महिलाओं की आर्थिक भागीदारी के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को और भी रेखांकित करता है।

नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार की यात्रा इस बात का उदाहरण है कि कैसे लक्षित नीतियां और समावेशी शासन सामाजिक मानदंडों को बदलते हुए महिलाओं को सशक्त बना सकते हैं। हालांकि अभी और भी काम किया जाना बाकी है, लेकिन राज्य की उपलब्धियां लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण के लिए प्रयास करने वाले देश के अन्य राज्यों के लिए एक प्रेरक मॉडल के रूप में काम करती हैं। बिहार में, महिलाएं न केवल नीतियों की लाभार्थी हैं बल्कि वे अपने परिवार, समाज, प्रदेश और देश के भाग्य को आकार देने में भी सक्रिय भागीदार बन चुकी हैं।

रक्षाबंधन के इस शुभ अवसर पर जब हर भाई अपनी बहन को सुरक्षा और सम्मान का वादा करता है, बिहार सरकार भी हर बेटी की शिक्षा, हर बहन की सुरक्षा और हर महिला की तरक्की कोसर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूरा करने का वादा करती है। महिला केन्द्रित नीतियाँ ही बिहार सरकार की तरफ से हर बिहारी बहन को इस राखी का सबसे सच्चा और बड़ा उपहार है।

अध्यात्म

## मेहनत और सहयोग ही असली ताकत है

एक घने जंगल में, जहाँ नदियाँ चमकती और पेड़ हवा में सरसराते थे, उस जंगल में एक बुद्धिमान हिरण, जिसका नाम था सुरभि, रहता था। सुरभि अपने झुंड का नेता था और अपनी समझदारी के लिए मशहूर था। पास ही एक नदी के किनारे एक चतुर लोमड़ी, मीना, रहती थी, जो हर दिन कुछ न कुछ नई चाल चलती थी। एक दिन, जंगल में सूखा पड़ा, और सभी जानवरों के लिए पानी की तलाश मुश्किल हो गई। सुरभि ने देखा कि नदी का पानी सूख रहा है, और उसने सोचा, अगर हम सबने मिलकर पानी बचाया, तो जंगल बचेगा। उसने मीना को बुलाया और कहा, मीना, चलो, नदी के पास जाकर देखें कि पानी कहाँ से आ रहा है। शायद हम इसे बचा सकें। मीना ने हँसते हुए जवाब दिया, अरे भाई, मैं तो अपनी चालाकी से कहीं और से पानी ढूंढ लूँगी, तुम्हारा मेहनत का रास्ता मेरे लिए नहीं! फिर वह चली गई, अपने दिमाग से कोई जुगाड़ ढूंढने। सुरभि ने अपने झुंड के साथ नदी की ओर कदम बढ़ाया। रास्ते में उसने देखा कि एक छोटा सा झरना, जो नदी को पानी देता था, मिट्टी से भर गया था। उसने हिरणों से कहा, दोस्तों, अगर हम मिलकर मिट्टी हटाएँ, तो पानी फिर बह सकता है। सभी ने मेहनत की, और धीरे-धीरे झरना साफ हो गया। पानी की धारा फिर से नदी में बहने लगी। सुरभि खुश होकर बोला, देखा, मेहनत से सब संभव है! उधर, मीना जंगल में इधर-उधर भटक रही थी। उसने सोचा, कोई गुफा होगी जहाँ पानी छिपा हो। उसने एक गहरी गुफा में प्रवेश किया, लेकिन अंदर अंधेरा और खतरनाक था। तभी एक भालू ने उसे देखा और गुर्राया, यह मेरी गुफा है, यहाँ से निकल! मीना डर गई और भागते हुए सुरभि के पास पहुँची। साँस लेते हुए बोली, भाई, मैंने गलती की, अपनी चालाकी में फँस गई। तुम्हारा तरीका सही था। सुरभि ने मुस्कुराते हुए कहा, कोई बात नहीं, मीना। अब आओ, हम सब मिलकर पानी बाँटें। दोनों ने मिलकर जंगल के सभी जानवरों को नदी के पास बुलाया। भालू भी आया और बोला, मैं माफी माँगता हूँ, अगर तुम सबकी मेहनत से पानी बचेगा, तो मैं भी हिस्सा लूँगा। सबने हँसते-खेलते पानी पिया और जंगल फिर से हरा-भरा हो गया। एक दिन, मीना ने सुरभि से पूछा, भाई, तुमने मुझे क्यों माफ किया? सुरभि ने गंभीरता से कहा, क्योंकि असली सीख यही है– मेहनत और एकता से सब कुछ हासिल होता है, न कि चालाकी से।

# बनाई गई थी भगवा आतंकवाद की कहानी

**एनआईए विशेष न्यायालय द्वारा मालेगांव द्वितीय विस्फोट पर दिए गए फैसले के बाद तत्काल टिप्पणी के लिए शब्द तलाशना कठिन है। विश्व में कोई देश नहीं होगा जहां स्थानीय पुलिस को आतंकवादी हमले के पीछे की साजिश के सच की गंध होने के बावजूद राजनीति के लिए नई कहानी गढ़े जाएं ,निर्दोष लोगों को गिरफ्तार कर व्यापक दुष्प्रचार हो तथा उन्हें सजा दिलाने के लिए नकली गवाह, फर्जी सबूत यहां तक कि जांच अधिकारी तक पैदा कर दिया जाए। आतंकवादी हमला देश पर हमला माना जाता है और उनसे संघर्ष के लिए सभी राजनीतिक दलों अधिकारियों और आम लोगों को एकजुट होकर दोषियों के विरुद्ध टूट पड़ने की आवश्यकता होती है।**

**अवधेश कुमार**

न्यायालय ने सातों आरोपियों के विरुद्ध किसी तरह के सबूत न मिलने पर बरी कर दिया। जिन निर्दोष लोगों की जिंदगी नष्ट हो गई तथा संगठनों की छवि पर कालिख पोती गई उनके साथ न्याय कैसे हैगा। जमीयत उलेमा ए हिंद इसके विरुद्ध उच्च न्यायालय जाएगा। हालांकि जिन लोगों ने पूरे मामले पर दृष्टि रखी थी उनके लिए यही फैसला अपेक्षित था। उन्हें पता था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भाजपा तथा कुछ हिंदू संगठनों को आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्त साबित करने के लिए हिंदू आतंकवाद, भगवा आतंकवाद जैसे शब्द कहे गए और निर्दोष लोग आरोपी बनाए गए। जरा सोचिए, 2008 से 2025 तक इन आरोपियों को किन-किन अवस्थाओं से गुजरना पड़ा होगा। साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को तो भाजपा ने 2019 में भगवा आतंकवाद ,हिंदू आतंकवाद, संघी आतंकवाद के विरुद्ध स्वयं को देश का सबसे बड़ा झंडाबरदार साबित करने वाले दिग्विजय सिंह के विरुद्ध लोकसभा चुनाव लड़ाकर संसद बना दिया था। अन्य ऐसे सौभाग्यशाली साबित नहीं हुए। लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित को 2008 से ही निलंबन में जीवन गुजारना पड़ा। इन सबको आरंभ में महाराष्ट्र आतंक निरोधी दस्ता या एटीएस और फिर एन आई एन ए ने जैसी यंत्रणाएं दी , नदी थर्ड डिग्री का इस्तेमाल किया उसकी उसके विवरण से ही कलेजा कहां पर जाता है।

न्यायालय ने कहा है कि इन लोगों पर लगे आरोपों की पुष्टि के सबूत नहीं है। 29 सितंबर, 2008 को मालेगांव के भिखू चौक पर हुए विस्फोट में जिस मोटरसाइकिल के प्रज्ञा ठाकुर के होने की बात की गई उसके नंबर नकली थे तो चेचिस और इंजन तक के नंबर गायब कर दिए गए थे। कर्नल प्रसाद पुरोहित ने विस्फोट के लिए कश्मीर से आरडीएक्स लाकर अपने घर में बम बनाया इसके कोई चिन्ह नहीं थे। हां, न्यायालय ने आदेश दिया है कि सुधाकर चतुर्वेदी के घर में विस्फोटक किसने रखा इसकी जांच की जाए। भोपाल और एक अन्य बैठक में सबके शामिल होने और विस्फोट करने की योजना का इसमें जिक्र है किंतु वहां ऐसी बातचीत के भी प्रमाण नहीं है। अगर मेजर रमेश उपाध्याय या किसी ने हिंदू राष्ट्र बनाने की बात की तो इसके आधार पर वे आतंकवादी नहीं माने जा सकते। न्यायालय में एक समय मेजर रमेश उपाध्याय ने चीखकर कहा कि मैं फौजी हूं, आतंकवादी नहीं हो सकता। उनकी कोई सुनने वाला नहीं था। फॉरेंसिक जांच की सामग्री में जालसाजी हुई। उपयुक्त पंचनामा नहीं, कोई फिंगर प्रिंट नहीं। 323 गवाह आए जो केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद 34 गवाहों ने स्वीकार किया कि उनसे झूठी गवाही दिलवा कर दस्तखत करवाए गए। कल्पना करिए जिस राजनीतिक नेतृत्व और सुरक्षा अधिकारियों के जिम्मे देश की सुरक्षा का दायित्व हो षड्यंत्र कर आतंकवाद के मामले में लोगों को फसाने में सत्ता का दुरुपयोग करने लगें तो उन्हें क्या कहा जाएग?



तत्कालीन महाराष्ट्र एटीएस के प्रमुख हेमंत करकरे अब दिवंगत हो चुके हैं। जब साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने उनको राक्षस कहकर टॉर्चर कि आप बीती सुनाई तो नेताओं, पत्रकारों, एक्टिविस्टों आदि के प्रभावी वर्ग ने विरोध किया। स्वर्गीय करकरे की दिग्विजय सिंह के साथ बातचीत का लंबा ऑडियो वायरल हो गया। तत्काल महाराष्ट्र पुलिस के एक अधिकारी महबूब मोहव्वर ने कहा है कि उन्हें संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत को पकड़ने के लिए कहा गया और इससे इनकार करने पर उनके साथ बुरा बर्ताव किया। उन्होंने तत्कालीन एटीएस प्रमुख परमवीर सिंह पर आरोप लगाया कि जब उन्हें पता चला कि मुझे पूरे षडयंत्र की जानकारी है तो आरोप लगाकर फंसाया और निलंबित करवा दिया। निलंबन में उनकी सेवानिवृत्ति हो गई और उन्हें केवल 10 हजार पेंशन मिलता है। उनका बयान न्यायालय की रिकॉर्ड में अंकित है। हालांकि पहले के उनके कुछ आप जांच पर सच साबित नहीं हुए। ऐसे कई बयान हैं जिनसे पता चला है कि संघ, उससे जुड़े संगठनों और भाजपा नेताओं तक के नाम लेने के लिएआरोपियों और गवाहों पर दबाव डाले गए। ऐसी धमकियां दी गई ताकि उनके सामने कोई चारा न बचे। पुलिस के अंदर जिनने भी साथ नहीं दिया वे परेशान किए गए। सोचिए केंद्र में सरकार नहीं बदलती तो क्या होता?

तब आधे दशक के आतंकवाद पर हुए विमर्श को याद करिए। पत्र पत्रिकाओं में आलेखों, रिपोर्टों, टीवी डिबेटों, एनजीओ, अन्य संगठनों की विचार गोष्ठियों यहां तक कि संसद के अंदर भी आतंकवाद पर हिंदू संगठनों को लांछित करने का लगातार अभियान चला। इसी अभियान की एक परिणति 26 नवंबर, 2008 के भयानक मुंबई विस्फोटों को भी हिंदुओं का षड्यंत्र साबित करने की शर्मनाक कोशिश हुई। मुंबई हमला आरएसएस की साजिश नामक पुस्तक के मुंबई विमोचन में दिग्विजय सिंह भी थे और उनके भाषण के वीडियो देख लीजिए। तत्कालीन महाराष्ट्र पुलिस प्रमुख राकेश मारिया ने अपने संस्मरण में लिखा है कि अगर अजमल कसाब जिंदा नहीं पकड़ा जाता तो जिस तरह सभी आतंकवादियों ने हाथों में कलावा बांध रखे थे उसे भी हिंदू आतंकवादियों का ही षड्यंत्र साबित कर दिया जाता। जिन पापियों ने षड्यंत्र रचा उन्होंने वास्तव में सीमा पर आतंक के षडयंत्र रचने वालों को भी साहस दे दिया कि हमला कर हिंदू संगठनों पर इसके आरोप मढ़वा सकते हैं। पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र संघ तक में हिंदू आतंकवाद विषय को उठाया। अगर यह साबित हो जाता तो भारत का आतंकवाद विरोधी संघर्ष वैश्विक स्तर पर विफल रहता। आज देश की क्या स्थिति होती इसकी कल्पना से भय पैदा होता है। जिस साहस के साथ भारत पश्चिमी देशों को आईना दिखाता है कि आतंकवाद पर दोहरा रवैया नहीं चलेगा पाकिस्तान को घेर पता है वह संभव ही नहीं रहता। भारत का सिर्फ शर्म से झुका रहता है। इसके साथ इसका लाभ भी में देश में आतंकवाद के विरुद्ध सुरक्षा एजेंसियों ने कैसी भूमिका अपनी होगी? सच कह तो केंद्र से लेकर अनेक राज्यों तक के आतंकवादी विरोधी ढांचे की विचारधारा बदल गई। इन तथ्यों को देखिए और निष्कर्ष निकालिए। इन चारों विस्फोटों के अपराधी आज तक बाहर हैं और पता नहीं वे क्या-क्या कर रहे होंगे। स्वाभाविक ही किसी भारतीय की पहली प्रतिक्रिया यही होगी कि जो इन षडयंत्रों के पीछे थे उन सबको कानून के तहत कठोर सजा दिलवाई जानी चाहिए। नेताओं से लेकर सुरक्षा व प्रशासनिक अधिकारियों तथा एक्टिविस्टों तक को न्याय के दायरे में खड़ा किया जाना आवश्यक है ताकि भविष्य में कोई देश की सुरक्षा के साथ ऐसा घृणित षड्यंत्र नहीं कर सके।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज कानूनी मामलों में सावधानी रखने की आवश्यकता है। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। परिवार के सदस्य आपके ऊपर गर्व करेंगे।

**वृषभ**
आज का दिन संघर्षयुक्त हो सकता है। प्रियजनों की सलाह पर गम्भीरता से विचार करें। जीवनसाथी के साथ विश्वास में कमी आयेगी।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र में दैनिक आय में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्च पद मिल सकता है। अल्प प्रयासों से आपके काम सफल हो जायेंगे।

**कर्क**
जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में कुछ परिवर्तन ला सकते हैं। जीवनसाथी के साथ तालमेल बहुत ही अच्छा रहेगा। माता-पिता के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**सिंह**
कार्यक्षेत्र का काम थोड़ा उलझा हुआ रहेगा। सहकर्मी आपको अपमानित करने का प्रयास कर सकते हैं। परीक्षा में शुभ परिणाम प्राप्त होने के योग बन रहे हैं।

**कन्या**
घर में अचानक बिना बुलाये मेहमान आ सकते हैं। पति-पत्नी के बीच नोक-झोंक हो सकती है। आज आपको अकारण यात्रा करनी पड़ सकती है।

**तुला**
मनोरञ्जन के संसाधनों पर धन खर्च करेंगे। शान्तिपूर्ण तरीके से समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास करें। समय का सदुपयोग अवश्य करें।

**वृश्चिक**
अपनी नकारात्मक आदतों पर नियन्त्रण रखें। गरिष्ठ और तला-भुना भोजन कब्ज और माइग्रेन का कारण बन सकता है। विरोधी षड्यन्त्र रच सकते हैं।

**धनु**
यदि आप किसी समस्या से परेशान हैं तो आपको उसका समाधान मिल सकता है। धैर्यवान होकर कार्य पूर्ण करें। जीवनसाथी का सहयोग अपने कार्य को लेकर ऊर्जा प्रदान करेगा।

**मकर**
स्वभाव में क्रोध और चिड़चिड़ापन अधिक हो सकता है। उच्च अधिकारियों से असन्तुष्ट हो सकते हैं। आपकी राय लोगों के लिये काफी महत्वपूर्ण हो सकती है। बहुमूल्य वस्तुओं को सम्भालकर रखें।

**कुंभ**
मन में नये कार्यों को लेकर उत्साह की भावना रहेगी। एक साथ अनेक कार्य करने का प्रयास न करें। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के ऊपर काम का दबाव कम होगा।

**मीन**
परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। पुराने झगड़ों में दोबारा उलझने से बचें। खोई हुयी वस्तु आपको आज वापस मिल सकती है।

# विद्युत उपभोक्ताओं ने सीएम से किया संवाद

## सरकार द्वारा प्रत्येक माह दी जाएगी 125 यूनिट फ्री बिजली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** सदर प्रखंण्ड के आर्ट गैलरी में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आर्ट गैलरी, कंकौल एवं जिले के 81 अन्य स्थलों पर किया गया। कार्यक्रम में जिले के लगभग 50 हजार से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं ने भाग लिया। मंत्री सुरेंद्र मेहता ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार एवं केंद्र सरकार लगातार गरीबों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। 125 यूनिट मुफ्त बिजली की योजना से उपभोक्ताओं के चेहरे पर मुस्कान आई है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि बिहार सरकार द्वारा अब प्रत्येक माह 125 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी, जिसके लिए उपभोक्ताओं को कोई भुगतान नहीं करना होगा। साथ ही जो उपभोक्ता छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाएंगे। उन्हें राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी प्रदान की जाएगी।इस अवसर पर खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता, जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला, मटिहानी विधायक राजकुमार सिंह, बेगूसराय विधायक कुंदन कुमार, महापौर नगर निगम पिंकी देवी, उपमहापौर नगर निगम, अनिता राय, जिला परिषद अध्यक्ष सुरेन्द्र पासवान, उप विकास आयुक्त प्रवीणकुमार, नगर आयुक्त नगर निगम, जिला परिवहन पदाधिकारी, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता सहित अन्य पदाधिकारी एवं लाभुक उपस्थित थे।





### 125 यूनिट फ्री बिजली होने से महिलाओं में खुशी

**बरौनी।** 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना लागू होने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पहली बार बिजली उपभोक्ताओं से सीधा संवाद किया। मुख्यमंत्री पटना स्थित कार्यालय से वीडियो कन्फ्रेंस से लोगों से जुड़े और योजना के बारे में जानकारी देते हुए इसके फायदे भी बताए। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नगर परिषद बरौनी और ग्रामीण क्षेत्र में बड़े बड़े स्क्रीन लगाकर दिया गया। बरौनी विद्युत अनुमंडल क्षेत्र में विद्युत विभाग संबंधित अन्य योजनाओं के लिए शहरी फीडर के आर के सी विद्यालय, विषहर स्थान, कैरी बाड़ी मंदिर परिसर, यमुना भगत पुस्तकालय परिसर में संवाद कार्यक्रम रखा गया वही ग्रामीण फीडर में बारों हाइ स्कूल, दुलारूआ धाम पोखर, अमरपुर हाइ स्कूल भारतों भरत हाई स्कूल, हाइ स्कूल पिपरा में संवाद कार्यक्रम रखा गया। संवाद के दौरान लोगों ने योजनाओं के बारे में जानकारी लिया। संवाद कार्यक्रम में पहुंचे कंचन देवी और चांदनी देवी ने बताया कि हम लोग बहुत खुश हैं। सरकार ने गरीब के लिए 125 यूनिट बिजली मुफ्त कर दिया है। ये जो रुपया बचेगा इससे मै अपने बच्चे को अच्छी शिक्षा और पालन पोषण कर सकूंगा। इस संबंध में विद्युत अभियंता रंजीत कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा 125 यूनिट बिजली मुफ्त पर आज उपभोक्ताओं के बीच संवाद कार्यक्रम रखा गया था। इस दौरान उपभोक्ताओं को योजना के बारे में बताया गया साथ ही समस्याओं को भी सुना गया।

### 125 यूनिट बिजली खपत पर नहीं देना होगा भुगतान

**नावकोठी।** प्रखंड के नावकोठी, पहसारा पश्चिम, विष्णुपुर तथा समसा में विद्युत उपभोक्ताओं के साथ मंगलवार को संवाद कार्यक्रम चलाया गया। नावकोठी स्थित एपीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान में कार्यक्रम का उदघाटन बीडीओ चिरंजीव पाण्डेय तथा जेई विमल कुमार शाहा ने संयुक्त रूप से किया। उन्होंने कहा कि सभी घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक प्रतिमाह बिजली की खपत पर कोई भुगतान नहीं करना होगा। विद्युत उपभोक्ताओं में काफी खुशी देखी गयी। टेलिकास्ट में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने बिजली उपभोक्ताओं से संवाद किया। इधर पहसारा पश्चिम, विष्णुपुर तथा समसा पंचायत भवन पर मुखिया प्रतिनिधि रामनाथ सिंह बुडुल सिंह, अमरेश पोद्दार ऊर्फ टुनटुन तथा समसा पंचायत भवन पर मुखिया अभिषेक कुमार ऊर्फ पिंटू की अध्यक्षता में बिजली उपभोक्ताओं के बीच संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर कार्यक्रम अधिकारी जीविका मनोरंजन कुमार, मुखिया राष्ट्रपति कुमार, बिजली के जेई विमल कुमार शाहा,जिला लेखापाल अभिषेक आनंद, गौरव कुमार, जिला जदयू नेत्री अर्चना कुमारी, अमित कुमार, अनमोल कुमार सहित भारी संख्या में बिजली उपभोक्ता मौजूद थे।

## एक नजर

### पानी घटते ही लगाया जायगा मेडिकल कैम्प

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मंगलवार को आईएमए एवं आईडीए के द्वारा बाढ़ राहत सामग्री का वितरण मटिहानी प्रखंड के कई पंचायतो में किया गया। जिसमे महेन्द्रपुर, बलहपुर और सिंहपुर पंचायत शामिल है। मंगलवार को सुबह 11 बजे आईएमए हल से न्यायाधीश करूणानिधि प्रसाद आर्य, ड एके राय, एसबीपी सिंह, डा. एसबीपी शर्मा, डा. राम रेखा, डा. पंकज कुमार सिंह एवं डा. बलवान द्वारा हरी झंडी दिखाकर गाड़ी प्रस्थान की गई। बाद में डा. पंकज कुमार सिंह एवं डा. बलवान ने ग्रामवासियों बिपिन सिंह (बलहपुर पूर्व मुखिया), अजीत, राजेश सिंह, राहुल कुमार एवं अन्य लोगों की मदद से घर-घर जाकर राशन एवं दवाइयों का वितरण किया। पूरा क्षेत्र जलमग्न है और मवेशियों के लिए खाने की कमी है। लोगों को आज 10 दिन से कोई राहत सामग्री नहीं मिला है। आईएमए सचिव डा. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि राहत वितरण का कार्य अभी जारी रहेगा और पानी घटते ही वहां मेडिकल कैम्प भी लगाया जाएगा।

### दंपती को मारपीट कर किया घायल

**चिरैया (पूर्वी चंपारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के बूढ़नर मुसहर टोली में पड़ोसियों के साथ हुए विवाद में एक दंपती को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल दंपती का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। मामले को लेकर घायल जीतन राम मांझी ने प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए थाना में एक आवेदन पत्र दिया है। जिसमें कहा गया है कि पड़ोसी जामुन मांझी सहित अन्य लोगों ने उसे घेर कर मारपीट कर रहा था। शोर करने पर जब उसकी पत्नी कलावती देवी बचाव करने आई तब उन लोगों ने उसे भी मारपीट कर जख्मी कर दिया है। घटना के बाद दोनों पक्षों के बीच तनाव व्याप्त है। थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के उपरांत कारवाई की जायेगी।

### सामान्य उद्यमिता का प्रशिक्षण संपन्न

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** 5 से 11 अगस्त 2025 तक मंडल कारा आरा में पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान भोजपुर द्वारा चलाए जा रहे हैं सामान्य उद्यमिता का छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। इस प्रशिक्षण में मंडल कारा में बंद 35 ससीमित बंदियों ने स्वरोजगार करने के लिए उद्यम के गुणों का सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिला अग्रणी प्रबंधक नीरज कुमार एवं मंडल कारा के सहायक अधीक्षक आरती कुमारी द्वारा सभी प्रशिक्षणर्थियो को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। अपने संबोधन में जिला अग्रणी प्रबंधक नीरज कुमार ने कहा कि आप लोग भी कारा से बाहर आम आदमी की तरह अपना व्यवसाय कर समाज के मुख्य धारा से जुड़ सकते हैं एवं स्वरोजगार कर आप अपनी अलग पहचान बनाकर एक उदाहरण प्रस्तुत कर सकते हैं। बैंक आपको वित्तीय सहायता हेतु तत्पर है द्य इस अवसर पर जिला अग्रणी प्रबंधक कार्यालय के अधिकारी कुंवर अजय प्रताप सिंह, संस्थान के संकाय प्रेम कुमार, देव कुमार व कारा के कार्यालय सदस्य उपस्थित थे।

### गोलीबारी मामले का आरोपित गिरफ्तार

**गढ़पुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के गढ़पुरा बाजार स्थित मारवाड़ी धर्मशाला के समीप बीते दिनों हुई गोलीबारी की घटना में गढ़पुरा थाना पुलिस में सोमवार की रात एक अपराधी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में न्यायालय भेजा है। इस संबंध में मंगलवार को थाना परिसर गढ़पुरा में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर डीएसपी कुंदन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान थाना क्षेत्र के मानिकपुर निवासी गोपाल यादव है जिसका पूर्व से भी आपराधिक इतिहास रहा है। गढ़पुरा थाना के अलावा नावकोठी एवं मंझौल थाना में उक्त व्यक्ति के खिलाफ पूर्व से कई मामला दर्ज है। बताते चलें कि बीते दिनों 26 जुलाई की देर शाम गढ़पुरा बजार में साइड नहीं देने के कारण गढबरकुरबा निवासी राम सोगारथ यादव को एक स्कार्पियो गाड़ी पर सवार कुछ अपराधी के द्वारा गाड़ी से उतरकर मारपीट कर भागते हुए एक राउंड गोलीबारी करते हुए भाग निकला था। जिस घटना की सूचना पर डीएसपी कुंदन कुमार, गढ़पुरा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले में छानबीन में जुट गए थे, जिस कांड में अनुसंधान करते हुए थाना में पदस्थापित एस आई किशन कुमार ने उक्त अपराधी गोपाल यादव को गिरफ्तार कर लिया। वहीं इस संबंध जानकारी देते हुए डीएसपी ने बताया कि इस कांड में शामिल अन्य व्यक्ति की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी चल रही है। जल्द ही अन्य लोगों की भी गिरफ्तारी कर ली जायेगी। मौके पर थानाध्यक्ष राहुल कुमार, एस आई किशन कुमार उपस्थित थे।

### भारी मात्रा में शराब बरामद

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के भसेडवा गाँव के समीप मंगलवार की अगले सुबह गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक चार चक्का वाहन से भारी मात्रा में नेपाली शराब की खेप को बरामद किया है। थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि चार चक्का टाटा इंडिगो कार में रखे नेपाली देसी शराब कस्तूरी, रिलैक्स एवं विदेशी शराब किंगफिशर बियर शामिल है। कस्तूरी एवं रिलेक्स शराब को बोरा में बांधकर कार में रखा गया था। जबकि अंग्रेजी शराब को कार्टून के साथ गाड़ी में रखा गया था। पुलिस टीम ने मौके से एक कारोबारी को भी पकड़ा गया है। जिसकी पहचान मधुबन थाना क्षेत्र के बंजरिया निवासी अवधेश सिंह का पुत्र दीपू सिंह के रूप में हुई है। मामले में पुलिस अन्य कारोबारी को भी चिन्हित किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त शराब में नेपाली कस्तूरी 120 बोतल रिलैक्स 960 बोतल एवं किंगफिशर बियर 84 कैन बरामद किया गया है। मामले में फॉरवर्ड एवं बैकवर्ड लिंक को खंगला जा रहा है। सभी शराब नेपाल के रास्ते लाया जा रहा था। कुछ लोगो की भूमिका भी सामने आयी है। छापेमारी टीम में पीएसआई मधुकर कुमार सहित अन्य सशस्त्र बल शामिल रहे।

### चोरी मामले में एक गिरफ्तार

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** झरौखर थाना क्षेत्र में एप्पल कंपनी के चोरी के दो मोबाइल बरामदगी मामले में पुलिस ने करवाई तेज कर मामले के परत दर परत खुलासा किया है। पुलिस ने बताया कि है रबिवार को पकड़े गए जावेद अंसारी ने पूछताछ में बताया कि मोबाइल की चोरी झारखंड के रांची स्थित कोतवाली थाना क्षेत्र से चोरी हुई थी। जिसमें कुल 28 पीस कीमती कंपनियो के मोबाइल की चोरी शटर काटकर चोरों के द्वारा कर लिया गया था। सभी बदमाश घोड़ासहन के आसपास के ही निवासी हैं। जो की शतरतोड़वा गिरोह के सदस्य बताया जा रहा हैं। सभी चोरों ने चादर के सहारे चोरी की घटना को चार दिन पूर्व अंजाम दिया है। झरौखर थानाध्यक्ष असलम अंसारी ने बताया कि मामले में कोतवाली थाना के पुलिस से संपर्क स्थापित किया जा रहा है। प्रथम जानकारी के अनुसार कुल 28 पीस कीमती मोबाइल की चोरी उक्त शोरूम से हुई थी। जिस मामले में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर झरौखर थाना क्षेत्र के अथमोहान गांव निवासी जावेद के घर से रविवार को दो एप्पल कंपनी के फ़ोन को बरामद किया था। पुलिस ने बताया कि जावेद की निशानदेही पर अन्य चोरों को भी चिन्हित किया गया है। मामले में कुल छह बदमाशों के गिरोह ने मिलकर उक्त वारदात को अंजाम दिया था। जिसमें एक जावेद पकड़ा गया है। बदमाशों ने चादर से ढककर शटर तोड़ने के काम किया था। सभी को चिन्हित कर लिया गया है। छापेमारी जारी है। हालांकि घटना का सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को हाथ की लगी है। जिसमें चोरी का कारनामा कैद है।

## दोहरे हत्याकांड का अभियुक्त दोषी करार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम महेश प्रसाद सिंह ने बलिया थाना कांड संख्या 213/2011 की सुनवाई करते हुए हत्याकांड के अभियुक्त बलिया थाना के ज्ञान टोल मंझनपुर निवासी छठु सदा को हत्या मामले में अभियोजन के साक्ष्य के आधार पर दोषी घोषित किया। सजा के बिन्दु पर सुनवाई के लिए 18 अगस्त 2025 की तारीख न्यायालय ने मुकर्रर की है। ज्ञात हो कि इस मामले के अभियुक्त बौनू सदा को इसी न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास एवं एक लाख की सजा सुनायी जा चुकी है। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक बहोर दास ने कुल 6 गवाहों की गवाही न्यायालय में करवायी जिन्होंने अभियोजन के मुकदमा का पूर्णतः समर्थन किया स अभियुक्त पर आरोप है कि 28 दिसंबर 2011 को 4 बजे शाम में मुफस्सिल थाना के इनियार निवासी सूचक बिंदेश्वरी सिंह अपने भाई सचिंद्र सिंह लड़का रोहित कुमार भतीजा सौरभ कुमार के साथ बोढी सोती में गेहूं के खेत में बोरिंग से पानी पटा रहा था स पानी पटाने के बाद शाम 7 बजे अभियुक्त छठु सदा अपने अन्य अभियुक्त के साथ हथियार के साथ वहां पर पहुंचा और खेत पर ही सूचक के भाई सचिंद्र सिंह और भतीजा सौरभ कुमार को गोली मार कर हत्या कर दिया।

### संकल्प सभा आयोजित

**कोइलवर/भोजपुर (नबिटा संवाददाता)।** विश्व हिन्दू परिषद द्वारा पूरे देश में 7 से 14 अगस्त तक अखंड भारत संकल्प दिवस मनाया जा रहा है। उसी क्रम में महावीर मन्दिर कुल्हड़ियां के प्रांगण में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल कोईलवर द्वारा अखंड भारत संकल्प दिवस को मनाया गया। इस कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल कोईलवर के प्रखण्ड संयोजक सुमित सिंह ने कहा कि जिले के कोईलवर प्रखण्ड को हिन्दू धर्म कार्य में जिला का नंबर 01 प्रखण्ड बनाना है। उपस्थित कार्यकर्ता में प्रांत अर्जक संपर्क प्रमुख उपेंद्र तिवारी, सह संयोजक विष्णु कुमार, गौ रक्षा प्रमुख मनीष कुमार, मिलन प्रमुख, सचिन कुमार, आदित्य कुमार, अमन कुमार, शुभम कुमार, रौनक, नारायण, श्रवण कुमार आदि उपस्थित थे।

## शराब ढोने के मामले में पांच साल की सजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** मध निषेध अधिनियम के विशेष न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने तेघरा थाना काण्ड संख्या 235/2020 की सुनवायी करते हुए तेघरा थाना क्षेत्र के आधारपुर निवासी अभियुक्त आनंद कुमार सिंह उर्फ बिटटू की अनुपस्थिति में मध निषेध अधिनियम की धारा 30 ए में दोषी घोषित किया था। न्यायालय ने उक्त मुकदमा में निर्णय की तिथि मुकर्रर की थी लेकिन अभियुक्त आनंद कुमार सिंह उर्फ बिट्टू ने निर्णय से बचने के लिए न्यायालय में अपनी उपस्थिति हाजरी नही दी लेकिन न्यायालय ने अभियुक्त आनंद कुमार सिंह उर्फ बिट्टू की अनुपस्थिति में ही बीएनएसएस के तहत उसको दोषी घोषित कर दिया एवं अभियुक्त की उपस्थिति के लिए उसके विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी करने का आदेश दिया था। न्यायालय ने इस मुकदमा के अन्य अभियुक्त टेनिया उर्फ स्नेश कुमार, भोला उर्फ विदेश उर्फ वीरेश, संजीव उर्फ मंगल सिंह, छोटु कुमार एवं अमन उर्फ शुभम कुमार को संदेह का लाभ देकर रिहा कर दिया। अभियुक्त पर आरोप है कि दिनांक 16 अगस्त 2020 के सुबह 8 बजे तेघरा पुलिस को गुप्त सूचना मिली की अलापुर की ओर जाने वाली रोड से सिल्वर रंग की बोलेरो से अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप ले जायी जा रही थी। तेघरा पुलिस ने सत्यापन कर आलापुर जाने वाली रोड पर बोलेरो एवं पल्सर मोटर साइकिल को देखकर खदेड़कर रोका जिसमें अभियुक्त आनंद कुमार सिंह एवं गौरव कुमार को पकड़ा एवं बोलेरो की तलाशी लेने पर विदेशी शराब की 31 कार्टून बरामद किया गया जिसमें 196 लीटर विदेशी शराब थी। अभियोजन की ओर से विशेष अपर लोक अभियोजक प्रवीण कुमार मिश्र ने सात गवाहों की गवाही न्यायालय में करवायी जिन्होंने अभियोजन के मुकदमा का पूर्णतः समर्थन किया जिसके आधार पर विशेष न्यायाधीश मध निषेध ने अभियुक्त को दोषी घोषित किया स सजा के बिन्दु पर सुनवायी करते हुए दोनों पक्ष के बहस को सुनकर अभियुक्त आनंद कुमार सिंह को पांच साल की सश्रम कारावास की सजा एवं एक लाख रूपया की अर्थदंड की सजा सुनायी।

## छात्रा की हत्या मामले की जांच में पहुंचे डीआईजी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर थाना क्षेत्र के परसा गांव में सोमवार की सुबह हुई छात्रा की गोली मारकर हत्या के मामले ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। यह वारदात उस समय हुई, जब पीड़िता कोचिंग से पढ़ाई कर घर लौट रही थी। बताया जाता है कि गांव के पास ही स्थित एक निजी विद्यालय के शिक्षक पर आरोप है। घटना की गंभीरता को देखते हुए मंगलवार दोपहर मिथिला प्रक्षेत्र की डीआईजी डॉ. स्वप्ना गौतम मेश्राम स्वयं घटनास्थल पर पहुंचीं। उनके साथ समस्तीपुर के पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह भी मौजूद थे। दोनों अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और पूरे मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस अधिकारियों से ली। इसके बाद अधिकारियों ने मृतका के परिजनों से मुलाकात कर घटना से जुड़े बिंदुओं पर विस्तृत पूछताछ की। पीड़ित परिवार ने इस दौरान अपनी आपबीती सुनाई और न्याय की मांग की। पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने मौके पर मीडिया से बातचीत में कहा कि यह अत्यंत संवेदनशील मामला है और इसकी तह तक जाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि पुलिस बहुत जल्द इस हत्याकांड का खुलासा कर देगी। पुलिस ने यह भी पुष्टि की है कि पीड़ित परिवार द्वारा पूर्व में थाना में दिए गए एक आवेदन की भी जांच कराई जा रही है। उस आवेदन में जिन बिंदुओं का उल्लेख किया गया था, उन्हें मौजूदा घटना से जोड़कर देखा जा रहा है। यदि जांच में किसी भी पुलिस पदाधिकारी, विशेषकर पूर्व थाना अध्यक्ष की लापरवाही या दोष सिद्ध होता है, तो उनके विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। समस्तीपुर पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह, अपने पुलिस पदाधिकारी के साथ उक्त घटना मामले में हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। एसपी ने कहा दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पीड़ित परिवार को न्याय जल्द दिलाया जाएगा।



## पैक्स चुनाव 26 अगस्त को, अध्यक्ष पद के लिए तीन अभ्यर्थियों ने किया नामांकन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड के एक सीट पर होने वाले पैक्स चुनाव को लेकर मंगलवार को नामांकन के दूसरे दिन व अंतिम दिन प्रखण्ड कार्यालय स्थित निर्वाचन कोषांग में नामांकन दाखिल करने वाले अभ्यर्थियों एवं उनके समर्थक काफी उत्साहित नजर आ रहे थे। बीडीओ रामनाथ कुमार ने बताया कि प्रखंड अंतर्गत बाराजयराम पंचायत में पैक्स चुनाव का मतदान 26 अगस्त को होगा। इसकी संवीक्षा 13 व 14 अगस्त को तथा 19 अगस्त को नाम वापसी व प्रतीक चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। वही मतदान के दिन ही शाम को प्रखंड कार्यालय में मतगणना कराई जाएगी। उक्त सीट पर अध्यक्ष पद के लिए कुल तीन व सदस्य पद के लिये कुल 10 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दर्ज कराया है। अध्यक्ष पद के लिए ब्रह्मदेव साह, चंदन कुमार व अंतिमा देवी ने नामांकन दाखिल किया है। वही सदस्य पद के लिए सामान्य वर्ग से तीन पुरुष एवं दो महिला, एससी व एसटी वर्ग से एक महिला, पिछड़ा वर्ग से एक पुरुष एवं एक महिला तथा अति पिछड़ा वर्ग से एक पुरुष व एक महिला सहित कुल 10 अभ्यर्थियों ने नामांकन दर्ज कराया है। मौके पर शिक्षक मुकेश कुमार यादव, अशोक कुमार पटेल, मोहन कुमार एवं देवपूजन सिंह सहित अन्य कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

## 125 यूनिट मुफ्त बिजली को लेकर सीएम की संवाद सभा आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)।** पूर्व निर्धारित समायानुसार मंगलवार को विद्युत विभाग के तत्वाधान मे प्रखंड के चार जगहों पर भव्यरूप से मुख्यमंत्री संवाद सभा का आयोजन हुआ। जिसमे उपस्थित विद्युत उपभोक्ताओं, पदाधिकारियों एवं आमजनों ने काफ़ी हर्षोल्लास के साथ मुख्यमंत्री के संवाद से रूबरू हुए। इस दौरान बताया गया कि सभी घरेलु उपभोक्ताओं कि सुविधा को ध्यान मे रखते हुए 125 यूनिट मुफ्त मे बिजली दिया जा रहा है। जिसका लाभ स्मार्ट मीटर या नार्मल मीटर सभी घरेलु उपभोक्ताओं को मिल रहा है। संवाद कार्यक्रम में उमड़े जनसमूह में महिलाओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों से लेकर युवाओं की अत्यधिक सहभागिता देखी गई। बता दें कि मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के बारे में आम लोगों को जागरूक करने के लिए आदापुर प्रखंड में आयोजित इस संवाद कार्यक्रम के दौरान श्यामपुर बाजार स्थित बंशीधर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जेई प्रीतम कुमार बंटी, बीडीओ रणधीर कुमार, बीएओ विनय कुमार, एमओ विक्रम कुमार, बीसीओ मिथिलेश कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष नितेश पटेल, मुखिया प्रतिनिधि रामचंद्र चौरसिया आदि मौजूद रहे। औरैया पंचायत के जामुनबहार उच्च माध्यमिक विद्यालय में आरओ अदिति राय, सुपरवाइजर प्रवीण कुमार, गोविंद कुमार, बिरेंद्र सिंह, प्रेमशंकर कुमार, उमेश कुमार आदि उपस्थित थे। बेलवा पंचायत के लक्ष्मीपुर उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में आईटी प्रबंधक मनोज कुमार राम, मुखिया जितेंद्र सिंह, राजू कुमार सहित अन्य थे। गमहरिया कला स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित सभा में नथुनी कुमार, ब्रजेश कुमार, आकाश कुमार, लालबाबू राम सहित अन्य उपस्थित रहे। इन सभी स्थलों पर स्थानीय पदाधिकारी, विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधि और आम लोगों के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था की गई थी। इसके साथ ही, उपभोक्ताओं को शून्य विद्युत बिल और मुख्यमंत्री का संदेश वाला पंपलेट भी वितरण किया गया। मौके पर एमआरसी पप्पू सिंह, हारून मियां, अशोक सिंह, प्रदीप कुमार रजक, रामबाबू यादव, शर्मा प्रसाद यादव के अलावा मानव बल विजय कुमार, दीपक कुमार, ललन सिंह, अमित कुमार सिंह, दीपक सिंह सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।



## अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)।** लक्ष्मी नारायण दुबे महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। एनएसएस के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो (डॉ) मृगेंद्र कुमार, इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ सुबोध कुमार, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रविरंजन सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो (डॉ) मृगेंद्र कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि मनुष्य को प्राकृतिक संसाधनों का आवश्यकतानुसार उपयोग करना चाहिए और इन उपयोगित संसाधनों के बदले प्रकृति को भी सुरक्षा देनी चाहिए। प्रकृति से खिलवाड़ का नतीजा ही उत्तरकाशी और धाराली की घटनाएं हुई हैं। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रविरंजन सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व और उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत युवाओं का देश है। युवाओं के हाथ में ही भविष्य की बागडोर है। युवाओं को जागरूक करके ही हम प्रकृति से स्थापित तालमेल को आगे बढ़ा सकते हैं। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ सुबोध कुमार ने कहा कि भारत की लगभग 27 प्रतिशत जनसंख्या युवा है। कार्यक्रम में जलवायु संबंधी जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से भाषण और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित किया गया। भाषण प्रतियोगिता का थीम युवा और जलवायु था। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर क्रमशः अभिषेक कुमार, कृति कुमारी तथा सौरभ कुमार रहे। निर्णायक के दायित्वों का निर्वहन बॉटनी विभागाध्यक्ष प्रो अरविंद कुमार और भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो राकेश रंजन कुमार ने किया। युवा सतत भविष्य के लिए थीम पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रुचिका, द्वितीय स्थान संध्या तथा तृतीय स्थान संयुक्त रूप से दिव्या और निक्की ने प्राप्त किया। वही निर्णायक की भूमिका में हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ संतोष बिश्नोई तथा जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ नीरज कुमार रहे। धन्यवाद ज्ञापन राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ कुमार राकेश रंजन ने किया।इस कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ दुर्गेश मणि तिवारी मीडिया प्रभारी डॉ प्रभाकर कुमार, निकिता शिवानी, सानिया, साहिल, विंकल, उज्ज्वल, गुलशन सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर बैठक

**नावकोठी (नबिटा संवाददाता)।** प्रखंड के विभिन्न कार्यालयों के प्रधान, प्रभारी, जनप्रतिनिधि, क्रियांवयन समिति के अध्यक्ष की संयुक्त बैठक विमर्श कक्ष में सम्पन्न हुई। इसकी अध्यक्षता बीडीओ चिरंजीव पांडेय ने की। उन्होंने कहा कि प्रखंड के विभिन्न कार्यालय में 79 वाँ स्वाधीनता दिवस पर राष्ट्रीय ध्वजारोह्ण होना है। यह कार्यक्रम समारोहपूर्वक मनाने पर विचार किया गया। इसके लिए समय निर्धारित किया गया। मुख्य समारोह प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड प्रमुख द्वारा पूर्वाह्न 9 बजे झंडोत्तोलन करने का समय निर्धारित किया गया है। मनरेगा कार्यालय में 9.10 बजे, बीआरसी भवन में 9.15 बजे, थाना परिसर में 9.25 बजे, पीएचसी में 9.35 बजे झंडोतोलन होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पिकअप व बाइक की टक्कर, बाइक सवार की मौत

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना के मुरली प्राथमिक स्कूल के समीप एक पिक अप व बाइक की आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक सवार की मौत इलाज के दौरान हो गई है। मृतक की पहचान शिकारपुर थाना क्षेत्र के मधुबनी गांव निवासी 55 वर्षीय उमेश तिवारी के रूप में हुई है। घटना के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़ फरार हो गया। स्थानीय लोगो ने घायल बाइक सवार को अनुमंडल अस्पताल पहुँचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बेतिया जीएमसीएच रेफर कर दिया। बेतिया अस्पताल में जख्मी अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों का कहना था कि मृत उमेश तिवारी बाइक से लौकरिया जा रहे थे। मुरली गांव के स्कूल से थोड़ी दूर आगे विपरीत दिशा से आ रही पिकअप वैन ने उनकी बाइक में ठोकर मार दी। वहीं संतुलन खोकर पिकअप वैन भी पलट गया और चालक फरार हो गया। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना पुलिस को मिली है। पुलिस पदाधिकारी को जीएमसीएच भेजा गया है।जांच पड़ताल के बाद अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार वृद्ध घायल

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेन छपरा गांव में मंगलवार को तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से साइकिल सवार वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल की पहचान बहरौली गांव निवासी स्व. तैयब अंसारी के 75 वर्षीय पुत्र कासिद अली के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार, वे घड़ी मरम्मत का कार्य करते हैं और काम से मशरक बाजार जा रहे थे, तभी पीछे से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। उन्हें सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया।

### पानी भरे गड्ढे में डूबने से युवक की मौत

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवादा पंचायत के नवादा गांव में मंगलवार को शौच के लिए गए युवक की पानी भरे गहरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान पवन कुमार राय के 21 वर्षीय पुत्र सुंदरम कुमार के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार, वह शौच करने गया था और जेसीबी से खोदे गए गड्ढे के पास फिसलकर पानी में गिर गया। उसे सीएचसी मशरक ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक अविवाहित था और दो भाइयों व तीन बहनों में सबसे छोटा था।

### सोनौली में जर्जर सड़क से ग्रामीणों में आक्रोश

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोनौली गांव की मुख्य सड़क बदहाली की हालत में है। सड़क पर गहरे गड्ढे और बरसात में ठेहुना भर पानी जमा होने से राहगीरों का चलना मुश्किल हो गया है। मंगलवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने हाथों में तख्ती लिए "रोड नहीं तो वोट नहीं" का नारा लगाकर विरोध जताया। ग्रामीण सबकत ईमाम



खान, वकील खान, फरहान खान, रेहान खान, गोल्डी खान, जावेद अंसारी, फकरूद्दीन अंसारी, नेहाल अंसारी, मनीर अंसारी समेत दर्जनों लोगों ने बताया कि विधायक और सांसद तक गुहार लगाने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### 125 यूनिट फ्री बिजली योजना पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के चंचलिया पंचायत भवन परिसर में मंगलवार को बिहार सरकार की 125 यूनिट फ्री बिजली योजना पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वर्चुअल माध्यम से ग्रामीणों को योजना की विशेषताओं और लाभ की जानकारी दी। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को समय पर बिल जमा करने और बिजली बचाने



की अपील की। कार्यक्रम में सीडीपीओ सुधा कुमारी, एलएस माला कुमारी, जेई. पंकज कुमार, जीविका दीदियां, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि कृष्णा गुप्ता, प्रो. अनिल कुमार सिंह समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### एसएस पब्लिक स्कूल उसरी में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन



**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सावन मास की समाप्ति पर मंगलवार को एसएस पब्लिक स्कूल उसरी में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। कक्षा 6 से 10 तक की छात्राओं ने अपने साथियों के हाथों पर आकर्षक डिजाइनों की मेहंदी लगाई। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को विशेष पुरस्कार और सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। आयोजन में प्राचार्य नीरज कुमार सिंह, शिक्षक चंद्र भूषण तिवारी, राजेश सिंह, रंजीत पंडित, अमित कुमार सिंह, विकास सिंह, सोनू कुमार, इशरत जहां, रीना कुमारी, प्रिया कुमारी सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

हर घर तिरंगा यात्रा में गूंजा देशभक्ति और स्वच्छता का संदेश

### जिला कला संस्कृति पदाधिकारी ने तिरंगा झंडा दिखाकर यात्रा का किया शुभारंभ

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत आज भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन



किया गया। यात्रा की शुरुआत महाराजा स्टेडियम से हुई और मीना बाजार होते हुए शहीद पार्क में जाकर समापन हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कला संस्कृति पदाधिकारी राकेश कुमार ने तिरंगा झंडा दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया।इस अवसर पर एनसीसी, स्काउट एंड गाइड के सैकड़ों स्कूली छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं शहरवासी शामिल हुए। मौके पर विपिन हाई स्कूल, राज हाई स्कूल, संत टेरेसा गर्ल्स हाई स्कूल समेत सभी सरकारी विद्यालयों के छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।यात्रा के दौरान 'हर घर तिरंगा' व 'हर घर स्वच्छता' के नारों से बेतिया की गलियां गूंज उठीं। मुख्य अतिथि श्री राकेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि हर घर तिरंगा हमारे राष्ट्र गौरव का प्रतीक है और हर घर स्वच्छता हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। देशभक्ति और स्वच्छता, दोनों को जीवन का हिस्सा बनाना ही सच्ची सेवा है।इस अवसर पर आद्या कुमार शर्मा, वंदना कुमारी, समीम आरा, नगर निगम बेतिया एवं स्वच्छ भारत अभियान के ब्रांड एंबेसडर आदित्य मधुकर ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

### प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समिति के अध्यक्ष पद के लिए दो नामांकन दाखिल

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समिति के चुनाव को लेकर मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा सचिव पद नामांकन पत्र दाखिल किया गया।इस दौरान अध्यक्ष पद पर दो एवं उपाध्यक्ष एवं सचिव पद पर एक एक नामांकन तथा कार्यकारिणी सदस्यों के नौ सीटों पर भी एक एक ने नामांकन पत्र दाखिल हुआ। अभ्यर्थियों ने उप निर्वाचन पदाधिकारी सह बीपीआरओ के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। एआरओ सह बीपीआरओ विवेक आर्या ने बताया कि अध्यक्ष पद पर रामेश्वर प्रसाद कुशवाहा एवं रूपेश कुमार कुशवाहा ने नामांकन दाखिल किया। जबकि उपाध्यक्ष पद पर अवधेश प्रसाद एवं सचिव पद पर श्रीकांत कुशवाहा ने नामांकन दाखिल किया है। इसके अलावा नौ कार्यकारिणी सदस्य पद पर भी एक एक अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया है। इधर सदस्य पद के अभ्यर्थी कृपालाल प्रसाद की अचानक तबियत खराब होने के कारण उनके साथ आए लोगों के द्वारा सहारा देकर नामांकन करवाया गया। आरओ सह बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि प्रखंड प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समिति का चुनाव 26 अगस्त को होना है। इसको लेकर राज्य निर्वाचन प्राधिकार की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। आरओ ने बताया कि 13 एवं 14 अगस्त को नामांकन पत्रों की संवीक्षा होगी। 19 अगस्त को अभ्यर्थिता वापसी एवं प्रतीक चिन्ह आवंटित होगा। जबकि 26 अगस्त को सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान के पश्चात मतगणना होगी।

# मुख्यमंत्री के संवाद को सून उत्साहित हुए उपभोक्ता

## 125 यूनिट बिजली फ्री पर उपभोक्ताओं से किया सीधा संवाद



**बेतिया/नरकटियागंज/मैनाटांड़/मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के विद्युत उपभोक्ताओं के साथ सीधा संवाद स्थापित किया। मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के अंतर्गत सभी घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को अब प्रति माह 125 यूनिट तक निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। सुपौल, नालंदा, मुजफ्फरपुर एवं गयाजी जिले की महिला उपभोक्ताओं ने मुख्यमंत्री के साथ संवाद किया। उक्त कार्यक्रम का लाइव स्ट्रीमिंग स्थानीय प्रेक्षा गृह में किया गया, जहाँ जिले के विद्युत उपभोक्ताओ ने देखा और सुना।इस कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री, जनक राम, मंत्री, रेणु देवी, विधायक, नारायण साह, विनय बिहारी, महापौर गरिमा देवी सिकरिया सहित जिला पदाधिकारी, धर्मेन्द्र कुमार, उप विकास आयुक्त, सुमित कुमार एवं विद्यूत कार्यपालक अभियंता मनीष शाक्य, के साथ अन्य पदाधिकारी तथा लगभग 1500 उपभोक्ता उपस्थित रहे।मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना से विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, बेतिया अंतर्गत 413000 उपभोक्ता तथा विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, बगहा अंतर्गत लगभग 196000 उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। मैनाटांड प्रतिनिधि के अनुसार विद्युत उपभोक्ता संवाद कार्यक्रम में सीएम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोगों को संबोधित किया। मौके पर भाजयुमो प्रदेश प्रवक्ता समृद्ध वर्मा, बीडीओ दीपक राम, उप प्रमुख खुर्शीद आलम,जिप सदस्य श्रीराम कुमार,जेई देवर्षि कार्यपालक सहायक विवेक कुमार आदि मौजूद रहें। मझौलिया प्रतिनिधि के अनुसार मंगलवार को राजकीय कन्या मध्य विद्यालय परिसर, मझौलिया में मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत मुख्यमंत्रीके संवाद का सीधा प्रसारण किया गया। मौके पर विद्यूत सहायक अभियंता विकास कुमार ने किया। कार्यक्रम में पंचायत के मुखिया सत्यप्रकाश, बैठनिया भानाचक के मुखिया पति दीनानाथ साह, कमल मुखिया, अरुण सिंह, अनिल शर्मा, मुन्ना सिंह, धीरज चौरसिया, रुपेश पांडेय सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। नरकटियागंज प्रतिनिधि के अनुसार विधुत अवर प्रमंडल क्षेत्र में मंगलवार को कुल नौ जगहों पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा संवाद किया। संवाद शिविर मनवा परसी के विशुनपुरवा दुर्गा मंदिर,धूमनगर के हाई स्कूल जमुनिया में, सेमरी के साठी हाई स्कूल, सोमगढ़ के प्राथमिक विद्यालय बेलवा सिरिसिया, सुगौली के प्राथमिक विद्यालय मुरली,गोखुला के मथुरा में विवाह भवन, रखही चंपापुर के पंचायत सरकार भवन, हरदीटेढ़ा के नोनियाटोल स्टेडियम में तथा प्लस टू उच्च विद्यालय नरकटियागंज में आयोजन हुआ था। उक्त स्थलों पर कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर नोडल पदाधिकारी एवं सहयोगी कर्मी समेत तत्कालीन सहायक विद्युत अभियंता चंदन कुमार को प्रतिनियुक्त किया गया था।

## निगम क्षेत्र में अब शव के साथ होगा सम्मान

# रोटरी क्लब ने महापौर का सौंपा वातानुकूलित शव वाहन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी क्लब द्वारा खरीदा गया करीब 11 लाख का वातानुकूलित शव वाहन मंगलवार को नगर निगम प्रशासन को रोटरी क्लब एवं मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराया गया। सौंपे गए वातानुकूलित शव वाहन की चाभी प्राप्त करते हुए महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि निगम क्षेत्र में अब शव के साथ सम्मान का व्यवहार सुनिश्चित किया जाएगा। एक अदद आवेदन या फोन कॉल रिक्वेस्ट प्राप्त होने के साथ ही इस वातानुलित शव वाहन की सुविधा नगर वासियों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि नगर निगम बोर्ड से पारित प्रस्ताव के आलोक में एक और शव वाहन की खरीदारी की प्रक्रिया जारी है। वही स्थानीय गवर्मेंट मेडिकल कॉलेज परिसर में



एक शव के साथ अमानवीय व्यवहार की सोशल मीडिया में वायरल हो रही तस्वीर और वीडियो की निंदा करते हुए महापौर ने कहा कि वे अनुरोध करूंगी कि मेडिकल कॉलेज प्रशासन ऐसी स्थिति की जांच के बाद इसके लिए जिम्मेदार कर्मियों पर कार्रवाई करे।

# मेगा ऋण वितरण शिविर में 15 करोड़ रुपये का वितरण

## दीदियों को मिला आजीविका का नया सहारा



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को आजीविका के नए अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के मेगा ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 15 करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया गया।शिविर का शुभारंभ एसबीआई के महाप्रबंधक एन. नटराजन, क्षेत्रीय प्रबंधक निरंजन कुमार पांडेय, जीविका के राज्य परियोजना प्रबंधक, बैंक लिंकेज पुष्पेंद्र तिवारी एवं समूह की दीदियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बेतिया सदर, चनपटिया, नौतन, योगापट्टी, लौरिया सहित अन्य प्रखंडों से जीविका दीदियों ने भाग लिया।अपने संबोधन में एन. नटराजन ने दीदियों को एसबीआई से जुड़कर बकरीपालन, मधुमक्खी पालन जैसी जीविकोपार्जन गतिविधियों को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि एसबीआई व्यक्तिगत ऋण उपलब्ध कराने में भी तेजी से कदम बढ़ा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि समय पर ऋण वापसी से ब्याज दर में राहत मिलेगी और खाता खराब कभी नहीं होगा। साथ ही, उन्होंने दीदियों को साइबर फ्रॉड से सतर्क रहने की सलाह दी।एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक निरंजन कुमार पांडेय ने कहा कि जीविका दीदियाँ एकजुटता, आत्मनिर्भरता और मेहनत की मिसाल पेश कर रही हैं और प्रतिदिन नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं । दीदियों की सुविधा के लिए एसबीआई इस वर्ष समूहों के लिंकेज के अतिरिक्त वैक्तिगत लोन आसानी से मुहैया करायेगा।जीविका के राज्य परियोजना प्रबंधक (बैंक लिंकेज) पुष्पेंद्र तिवारी ने समूहों को मजबूत बनाने के लिए साप्ताहिक बैठकें नियमित रूप से करने, लेन-देन को पारदर्शी रखने और केवल बैंक या समूह से ही ऋण लेने पर बल दिया। उन्होंने बताया की वर्तमान में अधिकांश दीदियाँ 10 हजार रुपये मासिक तक कमा रही हैं, और बैंक व जीविका मिलकर इसे 25 हजार रुपये मासिक तक ले जाने में दीदियों को सहयेग प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम में जीविका दीदियों ने समूह से जुड़ कर सफकता की दास्तान बयान किया।चनपटिया प्रखंड की संगीता देवी ने समूह से कर्ज ले कर सिलाई मशीन खरीदा है और कपड़े सिल कर आज उनके पास चार सिलाई मशीन हो गई है।उन्होंने अब तक 50 दीदियों को सिलाई का काम सिखा कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया है। इसी प्रकार लौरिया प्रखंड की ललिता देवी ने एक गाय से आज उनके पास तीन गाय है और दीदी प्रत्येक दिन 24 लीटर दूध बेच कर अपने परिवार का लालन पालन कर रही हैं।इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक आर.के. निखिल एवं विभिन्न एसबीआई शाखाओं के प्रबंधक भी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं से किया संवाद, 125 यूनिट बिजली निःशुल्क देने पर जताया आभार

## सारण जिले में 4 लाख से अधिक उपभोक्ताओं का मासिक बिजली बिल शून्य



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार सरकार ने मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना का विस्तार करते हुए राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 125 यूनिट बिजली निःशुल्क देने का निर्णय लिया है। इस योजना का लाभ जुलाई 2025 की खपत के आधार पर अगस्त माह में निर्गत बिल से मिलना शुरू हो गया है। इसी क्रम में मंगलवार को सूबे के मुख्यमंत्री ने घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं के साथ संवाद किया। राजधानी पटना में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम की लाइव वेबकास्टिंग के माध्यम से उपभोक्ता सभी जिलों से जुड़े। सारण जिले में 109 स्थलों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्युत उपभोक्ताओं ने तख्तियां उठाकर मुख्यमंत्री के इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम श्री भिखारी ठाकुर प्रेक्षागृह, छपरा में आयोजित हुआ। इसमें विधायक जनक सिंह, विधायक डॉ. सीएन गुप्ता, जिलाधिकारी अमन समीर, अपर समाहर्ता, नगर आयुक्त, विद्युत अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता समेत अन्य पदाधिकारी और सैकड़ों उपभोक्ता शामिल हुए। सारण जिले में कुल 5,84,420 विद्युत उपभोक्ता हैं। इनमें से लगभग 4,13,000 उपभोक्ताओं की मासिक खपत 125 यूनिट से कम है। ऐसे सभी उपभोक्ताओं का मासिक बिजली बिल अब शून्य हो गया है, जिससे उन्हें सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा।

### जीएमसीएच की घटना के लिए अधीक्षक दोषी : अनिल

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को जीएमसीएच में एक शव के साथ हुयी घटना को अमानवीय करार देते हुए जनसुराज के वरीय नेता अनिल सिंह ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय और जीएमसीएच की अधीक्षक को दोषी करार दिया है। उन्होंने इस घटना को शर्मनाक घटना बताया है। श्री सिंह ने बिहार सरकार से ऐसी असवेदनशील घटना पर अविलम्ब कार्यवाही करने की मांग की है ।उन्होंने कहा है कि जीएमसीएच की भयावह स्थिति ने न केवल स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल दी है, बल्कि इंसानियत को भी शर्मसार कर दिया है।उन्होंने जिलाधिकारी एवं मुख्यमंत्री से कहा है कि इस घटना पर जनता आप से अपेक्षा करती है कि आप तत्काल इस मामले में संज्ञान लें, दोषियों को कठोर दंड दें और यह सुनिश्चित करें कि भविष्य में किसी भी अस्पताल में ऐसी शर्मनाक स्थिति दोबारा न हो।

# सिकटा में चार करोड़ का चरस जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के सिकटा थाना क्षेत्र के शिकारपुर में सशस्त्र सीमा बल एवं पुलिस के संयुक्त कार्रवाई में नेपाल से भारतीय क्षेत्र में तस्करी कर लाये गये चार करोड़ के चरस को जब्त करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान गोपालपुर थानाक्षेत्र के पटखौलिया निवासी बैजनाथ कुमार (28) और रूपेश कुमार (18) के रूप में की गई है। एसएसबी के सहायक सेनानायक अविनाश पटेल के प्रतिवेदन पर स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कर दोनों तस्कर को जेल भेज दिया गया है। गुप्त सूचना मिली कि मादक पदार्थ के तस्कर भारी मात्रा में एक बाइक से मादक पदार्थ की खेप लेकर भारतीय सीमा में पहुंचे है। और वे उक्त चरस की खेप को लेकर कहीं अन्यत्र जाने वाले है। सूचना पर एसएसबी ने पुलिस को सूचना देते हुए संभावित मार्ग पर नाकाबंदी कर दिया । इसी बीच एक बाइक पर सवार दो व्यक्ति को आता हुआ देखकर जवानों ने उन लोगों को रुकने का इशारा किया। बाइक सवार पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया तब तक जवानों ने उन लोगों को खदेड़ कर पकड़ लिया । बतौर मजिस्ट्रेट अंचलाधिकारी प्रिया आयार्नी के समक्ष तलाशी के दौरान उन दोनों के बाइक के डिक्की से 41 पैकेट में रखा 19 किलो 273 ग्राम चरस बरामद किया गया। तत्काल उन दोनों को हिरासत में ले लिया चरस और बाइक को जप्त कर लिया गया। जब्त चरस की अंतर्राष्ट्रीय कीमत 3 करोड़ 85 लाख 46 हजार बताई जा रही है सिकटा थानाध्यक्ष नीतीश कुमार मौर्य ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है दोनों तस्करों को जेल भेज दिया गया है। उनकी बाइक जब्त कर ली गई है।

# मठिया गांव में अतिक्रमित भूमि से अतिक्रमण हटाया गया

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंचल अंतर्गत राजपुर तुमकड़िया पंचायत के वार्ड संख्या 13 मठीया गाव में मंगलवार को अतिक्रमण हटाने अंचल प्रशासन व शिकारपुर पुलिस बल पहुचीं। इस दौरान खाता 140 व खेसरा 590 की गैरमजरूवा आम किस्म की छवर की भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। हालांकि कुछ घरों को आवास योजना के तहत बनाये जाने की बात सामने आई है। सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि मठीया गांव में गैरमजरूवा आम छवर किस्म की भूमि को कुछ लोगो द्वारा अतिक्रमण कर घर बना लिया गया है। उक्त अतिक्रमण को लेकर स्थानीय ओमप्रकाश तिवारी द्वारा मुख्यमंत्री सचिवालय में शिकायत की गई है। सचिवालय से प्राप्त आवेदन के आलोक में अतिक्रमण वाद संख्या 1001/24-25 चलाया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में पूर्ण सुनवाई की जा चुकी। जिसके आलोक में दंडाधिकारी सह आरओ अशोक कुमार की उपस्थिति में अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध अतिक्रमण वाद चलाकर शिव बिन, मनीष यादव,नाजिर मियां, रुदल यादव,धर्मेन्द्र यादव के घर को जेसीबी से तोड़कर हटाया गया है। हालांकि इस करवाई के दौरान गाव में काफी हल्ला हंगामा की स्तिथि बनी रही। पुलिस अधिकारी व जवानों ने स्तिथि को काबू किया।

### जल जीवन हरियाली योजना के तहत पौधे लगाए गए

**इसुआपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इसुआपुर प्रखंड के रामपुर अटौली गांव में मनरेगा के तहत जल जीवन हरियाली योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर अटौली में सूरज साह के निजी भूमि पर पौधा लगाकर वृक्षारोपण योजना की शुरूआत की गई.मौके पर उपस्थित कार्यक्रम पदाधिकारी नीरज कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए यह योजना बहुत जरुरी है.तथा किसानों के लिए भी यह योजना लाभकारी है. योजना से जुड़कर किसान सरकारी खर्च से अपने खेतों में पौधा लगाकर लाभ कमा सकते हैं.साथ ही इससे पर्यावरण को भी फायदा है। मौके पर उपस्थित मुखिया धनंजय पांडेय ने भी इस योजना से जुड़ने तथा इससे होने वाले फायदे को बताया.

# मुकुंदपुर में पूजा कर लौट रही महिला से दिनदहाड़े चेन व जीउतिया झपट्टा मारकर ले गए उचक्के

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव में लगभग सुबह 6 बजे दिनदहाड़े हुई चेन छिनतई की वारदात ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। सफेद बाइक पर सवार दो उचक्कों ने पूजा कर लौट रही महिला को पहले रास्ता पूछने व शादी के लिए लड़का ढूंढने का बहाना कर बातचीत में उलझाया, फिर गले से सोने की चेन व जीउतिया झपटकर फरार हो गए। पीड़िता द्वारा उक्त आभूषणों की कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये बताई गई है। बताया गया है कि रविवार की सुबह मुकुंदपुर गांव निवासी पीड़िता मंजू देवी रोज की तरह पूजा के लिए फूल तोड़कर घर लौट रही थीं। घर के द्वार से कुछ ही दूरी पर बाइक सवार पहुंचे और देखते ही देखते वारदात को अंजाम देकर भाग निकले। घटना की जानकारी मिलते ही मंजू देवी और उनके पुत्र ने एकमा थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि अचानक हुई इस घटना से उनकी गली-मोहल्ले की महिलाएं भी सहमी हुई हैं। वहीं क्षेत्रीय लोगों के अनुसार इस तरह की घटनाएं एकमा व आसपास के इलाकों में लगातार हो रही हैं, लेकिन अब तक किसी भी गिरोह का पुलिस के पास सुराग नहीं है। महिलाओं में बढ़ती असुरक्षा के कारण अब वे जेवर पहनकर बाहर निकलने से कतराने लगी हैं। मामले में एकमा थाना पुलिस का कहना है कि पीड़िता के बयान पर अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और संदिग्धों की तलाश में पुलिस टीम छापेमारी कर रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर आभूषण बरामद करने का प्रयास किया जाएगा। बताया गया है कि लगातार हो रही चेन छिनतई की घटनाओं से इलाके की महिलाएं दहशत में हैं। कई महिलाएं अब घर से निकलते समय सोने-चांदी के जेवर पहनने से बच रही हैं। उनका कहना है कि उचक्कों के हौसले बुलंद हैं और कभी भी वे वारदात को अंजाम दे सकते हैं।

# राजस्व महा अभियान के लिए मझौलिया से प्रचार रथ रवाना



**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार राजस्व महा अभियान को सफल बनाने के लिए मंगलवार को अंचल परिसर से अंचलाधिकारी राजीव रंजन ने प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।यह रथ अंचल के सभी राजस्व ग्रामों में जाकर 16 अगस्त से 20 सितम्बर तक चलने वाले अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करेगा।सीओ ने बताया कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग,पटना के निदेर्शानुसार इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भूमि अभिलेखों का अद्यतन एवं शुद्धिकरण है, जिससे डिजिटल रिकॉर्ड में मौजूद त्रुटियों को दूर किया जा सके।इस दौरान विरासत,बंटवारे और नामांतरण से जुड़े आवेदन हल्का शिविरों में लिए जाएंगे। साथ ही,ऑनलाइन दाखिल-खारिज और परिमार्जन की प्रक्रिया को भी तेज किया जाएगा।अभियान के तहत शिविर की तिथि से पूर्व घर-घर जाकर टीम द्वारा जमाबंदी की प्रति और पंपलेट वितरित किए जाएंगे, ताकि लोग अपने भूमि रिकॉर्ड की स्थिति से अवगत होकर समय पर सुधार करा सकें।सीओ ने ग्रामीणों से अपील की कि वे निर्धारित तिथियों पर शिविर में अवश्य पहुंचें।कार्यक्रम में अंचल कार्यालय के कर्मियों,राजस्व कर्मचारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।ग्रामीणों ने प्रचार रथ का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि इस पहल से भूमि विवाद और अभिलेख संबंधी समस्याओं का समाधान शीघ्र होगा,जिससे क्षेत्र में पारदर्शी और सटीक भूमि प्रबंधन व्यवस्था स्थापित हो सकेगी।

### इसुआपुर सीएचसी में दर्जनों गर्भवती महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच

**इसुआपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इसुआपुर में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सोमवार को दर्जनों प्रसव पूर्व गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। जांच कराने आई गर्भवती महिलाओं में रामपुर अटौली गांव की पूजा कुमारी, मड़वा एराजी गांव की नगमा खातून, डोईला गांव की सीमा कुमारी, चांदपुरा गांव की गुड़िया कुमारी तथा डटरापुरसौली गांव की इशरत जहां के साथ दर्जनों महिलाओं की जांच शुगर, बीपी, हीमोग्लोबिन, एचआईवी तथा गर्भस्थ बच्चे का एफ एच आर की जांच की गई। वही आवश्यकतानुसार आयरन, कैल्शियम तथा विटामिन्स की दवा के साथ उचित सलाह दी गई। जांच टीम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर तुलिका कुमारी, डॉक्टर अमित कुमार प्रभाकर, डॉक्टर फैज, ऋषभ कुमार, सीनियर एएनएम प्रियंब्दा कुमारी, प्रमिला कुमारी, अशोक चौबे व अन्य चिकित्सा कर्मी थे।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपूर थाना क्षेत्र के धनकुटवा गाव के समीप बगीचे में पेड़ से लटका एक शव मिला है। शव को देख आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगो ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर शिकारपूर थानाध्यक्ष सदलबल घटना स्थल पर पहुचे और शव को कब्जे में लेकर आगे की कारवाई में जुट गए है। मृतक की पहचान धनकुटवा वार्ड संख्या चार निवासी 46 वर्षीय रोहित पासवान के रूप में हुई है। उसके तीन बेटे है। जिसमे बड़े लड़के का उम्र करीब 14 साल बताया गया है। वही सबसे छोटे बेटे का उम्र करीब पांच साल बताया गया है। घटना के बाद क्षेत्र में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। ग्रामीणों की माने तो मृतक कुछ दिनों से बीमार चल रहा था। और उसके परिवार की माली हालत भी ठीक नही है। मंगलवार की सुबह गाव के दक्षिण बावड़ नदी के समीप एक बगीचे में उसका शव आम के पेड़ से लटका हुआ देखा गया है। जिसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई। अब मामला हत्या या आत्महत्या का है इसकी जांच पुलिस कर रही है। थानाध्यक्ष ज्वला कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना पर पहुचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेतिया जीएमसीएच भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि मामला हत्या या आत्महत्या है इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी विन्दुओ पर जांच कर रही है।

# 'विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना' पर सीएम ने किया सीधा संवाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यभर के बिजली उपभोक्ताओं से सीधे संवाद कर मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के लाभ, पात्रता और प्रक्रिया की जानकारी दी। जहानाबाद में इस कार्यक्रम का मुख्य आयोजन अब्दुल बारी नगर भवन में किया गया, जिसका शुभारंभ जिला पदाधिकारी श्रीमती अलंकृता पांडेय एवं विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।




कार्यक्रम के दौरान ऊर्जा गीत, जानकारीपूर्ण वीडियो एवं फिल्म क्लिप प्रदर्शित की गईं। महाप्रबंधक (राजस्व), दक्षिण बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने योजना पर विस्तृत प्रस्तुति दी। इसके बाद मुख्यमंत्री के लाइव संबोधन का प्रसारण किया गया, जिसमें उन्होंने उपभोक्ताओं से संवाद कर उन्हें योजना का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

डीएम अलंकृता पांडेय एवं विशिष्ट अतिथियों ने 10 चयनित उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक शून्य राशि वाले बिजली बिल प्रदान किए। अंत में उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्षा रानी कुमारी, नगर परिषद अध्यक्षा रूपा कुमारी, जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष दिलीप कुशवाहा, विभिन्न अपर समाहर्ता, विद्युत विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में उपभोक्ता मौजूद रहे।

जिले में यह कार्यक्रम नगर भवन के अलावा 32 अन्य स्थानों, सभी प्रखंड मुख्यालयों एवं पंचायत स्तर पर भी आयोजित किया गया। सभी स्थानों पर लाइव प्रसारण की व्यवस्था रही, ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ता सीधे मुख्यमंत्री का संदेश सुन सकें।

आंकड़ों के अनुसार, जहानाबाद जिले में कुल 1,84,060 बिजली उपभोक्ता हैं, जिनमें 1,50,952 घरेलू उपभोक्ता (82%) हैं। इनमें से 1,11,180 उपभोक्ता (73.6%) 125 यूनिट से कम बिजली का उपयोग करते हैं। अगस्त माह में 10 अगस्त तक 63,111 बिजली बिल जारी किए गए, जिनमें 22,176 पूर्णतः निःशुल्क हैं। जिले में 27,693 स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ता, 125 सोलर रूफटॉप उपभोक्ता, 3 ग्रिड सब-स्टेशन और 27 पावर सब-स्टेशन हैं।

राज्य सरकार ने अगले तीन वर्षों में इच्छुक घरेलू उपभोक्ताओं के घरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने का संकल्प लिया है, जिससे बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आएगी और उपभोक्ताओं को स्थायी राहत मिलेगी।

## मखदुमपुर में चार स्थानों पर विद्युत उपभोक्ता संवाद कार्यक्रम में विधायक ने बांटे जीरो बिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** मखदुमपुर प्रखंड में मंगलवार को चार स्थानों पर विद्युत उपभोक्ता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मखदुमपुर हाई स्कूल परिसर में मुख्य कार्यक्रम में स्थानीय विधायक सतीश कुमार और जिला परिषद सदस्य संगीता देवी अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली योजना की जानकारी दी गई और उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया। विभाग ने उपभोक्ताओं को जुलाई माह का जीरो बिल पर्ची प्रदान कर प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव द्वारा 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा पूरा किया है। बिजली विभाग के जेई ज्योति प्रकाश और एसडीओ निशांत कुमार ने बताया कि प्रखंड के करीब 90% उपभोक्ताओं का जुलाई माह का बिल शून्य आया है, जिससे लोगों में खुशी की लहर है। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि एवं उपभोक्ता मौजूद रहे।

## प्रखंड बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक रैंकिंग में प्रथम आने पर सीओ सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक मंगलवार को बीस सूत्री अध्यक्ष चंद्रकांत मुन्ना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत बिहार गीत से हुई। इसके बाद हसपुरा अंचल को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की रैंकिंग में पूरे बिहार में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अंचलाधिकारी कौशल्या कुमारी को बुके और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार चौधरी और समिति के सदस्यों ने बधाई दी। बैठक में सबसे पहले जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लंबित मामलों पर चर्चा हुई। कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि 906 जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र और पेंशन योजना के 83 आवेदन लंबित हैं। स्वास्थ्य विभाग के अस्पताल प्रबंधक रवि प्रकाश ने बताया कि किशोरियों को कैंसर से बचाव के लिए टीका लगाना है, लेकिन जागरूकता की कमी के कारण लक्ष्य के अनुरूप टीकाकरण नहीं हो पा रहा है। सदस्य बीरबहादुर सिंह ने बाघोई स्वास्थ्य केंद्र को जर्जर भवन से स्थानांतरित करने की मांग की। शिक्षा विभाग से जुड़े मामलों में कोइलवां मिडिल स्कूल की दो महिला शिक्षिकाओं के बीच विवाद का समाधान करते हुए उन्हें अलग-अलग विद्यालयों में प्रतिनियुक्त किया गया। वहीं, गुलजार बिगहा विद्यालय को रामपुर कैथी में स्थानांतरित करने के बावजूद शिक्षक को कोइलवां भेजे जाने के मामले में बीईओ अशोक कुमार ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। सदस्य कौशलेंद्र शर्मा ने प्रखंड में उर्वरक का आवंटन बढ़ाने की मांग की। बैठक में बिस्कोमान के सेल्समैन राहुल कुमार पर किसानों के साथ दुर्व्यवहार का आरोप भी चर्चा में रहा। सदस्यों ने प्रस्ताव पारित कर ऐसे कर्मी पर विभागीय कार्रवाई की मांग की। बैठक का संचालन बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने किया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह, मनरेगा पीओ शशि कुमारी, प्रभारी बीएओ अनिल कुमार, स्वच्छता कोऑर्डिनेटर दिवेंद्र कुमार नयन, वरीय एसआई पवन कुमार, सांसद प्रतिनिधि कृष्णा भारती सहित कई सदस्य और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## नहर में डूबने से युवक की मौत, 10 घंटे बाद मिला शव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के चौबड़ा पंचायत अंतर्गत काजीचक अमरपुरा गांव में सोमवार रात नहर में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक का शव घटना के लगभग 10 घंटे बाद मंगलवार सुबह बरामद किया गया। मृतक की पहचान काजीचक अमरपुरा निवासी मोहम्मद असलम अंसारी के 25 वर्षीय पुत्र मोहम्मद अहमद रज़ा उर्फ गुड्डू के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, सोमवार देर शाम वह शौच के लिए घर से निकले थे, लेकिन रातभर वापस नहीं लौटे। काफी खोजबीन के बावजूद उनका पता नहीं चला। मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने छोटकी नहर में शव को तैरते देखा और बाहर निकाला। घटना की जानकारी मिलते ही रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार, एसआई पप्पू पासवान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद भेज दिया। अंचलाधिकारी भारतेंदु ने बताया कि नियमानुसार सरकारी सहायता प्रदान की जाएगी। पंचायत समिति प्रतिनिधि हैदर जुबैर अंसारी ने मृतक को बेहद गरीब परिवार का सदस्य बताते हुए पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## छेड़छाड़ के आरोप में युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** उपहारा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। मामले में पीड़िता द्वारा 10 अगस्त को दर्ज कराई गई प्राथमिकी में आरोप लगाया गया था कि उसी दिन गांव के उमेश यादव का पुत्र अजीत कुमार उसके घर में घुस आया और जबरन छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता के मुताबिक, शोर मचाने पर घर के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे, तब तक आरोपी वहां से फरार हो गया। घटना के संबंध में उपहारा थाना कांड संख्या 89/25 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एससी/एसटी एक्ट और पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## रिसियप गांव में आठ लाख से अधिक की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** रिसियप थाना क्षेत्र के रिसियप गांव में सोमवार रात्रि गांव स्थित रंजन कुमार गुप्ता के घर आठ लाख रुपये से अधिक की चोरी की हुई है। चोरों ने 2.5 लाख रुपये नकद और पांच लाख से अधिक कीमत के जेवरात लेकर फरार हो गए। पीड़ित परिवार ने बताया कि हम सभी परिवार सोमवार रात्रि खाना खाने के बाद सभी सोने चले गए। सुबह जब उनकी नींद खुली तो उन्होंने घर का दरवाजा खुला पाया। बाहर निकलने पर उन्हें एक अटैची को ढकने वाला गमछा, गोदरेज की चाबी और 100 रुपये का एक नोट गिरा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो सभी नगदी और गहने गायब थे। चोर तीन बक्से, दो ट्राली, एक अटैची और एक बैग भी ले गए थे। सुबह जब छानबीन शुरू हुई तो पता चला कि घर से 200 मीटर दूर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे, मनऊंगीया आहर जाने वाले रास्ते पर सभी खाली बक्से फेंके हुए थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उनकी मौजूदगी में तीन टूटे हुए बक्से, कुछ कपड़े और दो ट्राली बरामद किए गए। रिसियप थाना से महज 500 मीटर की दूरी पर हुई है। ग्रामीणों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश और दहशत है। उनका कहना है कि पुलिस की गाड़ी रोज इसी इलाके में खड़ी रहती है, फिर भी चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ग्रामीणों ने पुलिस से जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

## न्याय व्यवस्था में आम आदमी विषय पर संगोष्ठी आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** शहर के न्यू एरिया स्थित आइएमए हॉल में शहीद जगतपति कुमार के शहादत दिवस पर मगधांचल समग्र विकास समिति के तत्वाधान में न्याय व्यवस्था में समाज के सामान्य नागरिक विषय पर संगोष्ठी आयोजित किया गया। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष डा. संजय रघुवर ने की। संगोष्ठी से पूर्व शहीद जगतपति कुमार के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश के रीवा से आए अजय खरे राष्ट्रीय संयोजक राष्ट्रीय संयोजक समता संपर्क अभियान, रसिक बिहारी सिह पूर्व अध्यक्ष जिला विधिज्ञ संघ सह लोक अभियोजक, प्रो. रामविलास प्रसाद, इंजीनियर विनय चंचल पूर्व अधीक्षण अभियंता पथ निर्माण विभाग, डा. प्रकाश चंद्रा प्रदेश उपाध्यक्ष लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), बिदेश्वरी प्रसाद शर्मा उपाध्यक्ष मगधांचल समग्र विकास समिति तेयाप गोह, विनय कुमार श्रीवास्तव अधिवक्ता, रामकुमार अधिवक्ता, भास्कर मिश्रा, अनुराग कुमार, कमलाकांत सहित शामिल रहे। सभी ने अपनी समाज, सरकार, पुलिस, न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधान पालिका की मौजूद स्थितियों पर प्रकाश डाला। विषय वस्तु में प्रवेश रजनीश रघुवर अधिवक्ता ने प्रवेश कराया। संगोठी में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर सरकार से मांग रखी गई कि जिले के एसपी और डीएम जनता और सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता से संवाद रखें और आवश्यकता पड़ने पर अपने आवास पर भी मिले। अपराध पर नियंत्रण पाने के लिए आपराधिक मामलों पर न्यायालय में प्रगति के मामलों पर अभियोजन एवं अपर लोक अभियोजन से समीक्षा करें और गंभीर मामलों में स्पीडी ट्रायल किया जाए। एक अन्य प्रस्ताव में ग्राम कचहरी के कार्य जैसे सरपंच न्याय मित्र के कार्यों की समीक्षा करने और सक्रिय करने का प्रस्ताव किया गया।

## घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं से मुख्यमंत्री का सीधा संवाद 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना पर जताया आभार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के चार स्थानों पर मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं से सीधा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण और उपभोक्ता शामिल हुए। इस संवाद का सीधा प्रसारण विद्युत विभाग की ओर से पंचायत भवन ईटवां, संस्कृत विद्यालय के समीप पीरू, उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय कोईलवां और एजे निजी मैरेज हॉल अमझर शरीफ में किया गया। हसपुरा बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने बताया कि सभी स्थानों पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए थे। ईटवां पंचायत भवन में प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह और विद्युत प्रशासनिक पदाधिकारी लाल बिहारी सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ, जिसका संचालन पंचायत मुखिया राकेश कुमार ने किया। पंचायत भवन परिसर में पंडाल और कुर्सियों की व्यवस्था की गई थी, जहां दो बड़े एलईडी स्क्रीन पर लोगों ने मुख्यमंत्री का संवाद देखा। कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री ने जानकारी दी कि अब तक 80 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली बिल भेजा गया है, जिनमें से 60 लाख उपभोक्ताओं को शून्य बिल प्राप्त हुआ है। संवाद के दौरान सुपौल की कोमल कुमारी, नालंदा की लीला कुमारी, मुजफ्फरपुर की गुड़िया खातून और गया की नूरजहां खातून ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि बची हुई राशि बच्चों की पढ़ाई में खर्च की जाएगी।

## दहेज हत्या मामले में जिला जज ने पति एवं ससुर को पाया दोषी




**जहानाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ब्रजेश कुमार की अदालत ने दहेज हत्या के आरोपित पति गुड्डू कुमार एवं ससुर कपिल यादव ग्राम डकरा मिलकीपर, थाना शिकरीया ओ0 पी0 जिला जहानाबाद को दोषी पाया है। इस केस में सरकार की ओर से पैरवी कर रहे लोक अभियोजक शारदानंद कुमार ने बताया कि इस केस की मृतका स्वीटी कुमारी ने अपना बयान देते हुए बताई थी कि 16 दिसंबर 2022 को जब मैं अपने ससुराल में थी तो मेरे पति गुड्डू कुमार ने मुझे रूम में बंद कर मेरे साथ मारपीट की और जबरन मुंह में शराब डाल दिया। और मेरे चचेरे भाई रवि कुमार को फोन से सूचना दिया कि तुम्हारी बहन कुछ देर में भगवान के पास चली जाएगी। मेरे शरीर पर किरासन तेल छिड़क कर आग लगा दिया जिससे मैं काफी तड़पती रही और बेहोश हो गई जब मुझे होश आया तो मैं अपने को पीएमसीएच पटना में पाई। इसके पूर्व भी मेरे सास, ससुर, ननद, पति, मोटरसाइकिल के लिए मारपीट किया करते थे। इलाज के दौरान स्वीटी कुमारी की मौत हो गई। मृतका स्वीटी कुमारी के बयान पर जहानाबाद थाना कांड संख्या 1187/22 दर्ज की गई। जिला जज ने सजा के बिंदु पर 19 अगस्त को सुनवाई की तिथि मुकर्रर की है।

## ओबरा में भव्य तिरंगा यात्रा और शहीद जगतपति कुमार को नमन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय ओबरा के पुनपुन तट पर स्थित खरांटी शहीद जगतपति कुमार के स्मारक स्थल से सड़क दुर्घटना रोकथाम फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने एक किलोमीटर लंबे तिरंगे झंडे के नीचे मानव श्रृंखला बनाकर देशभक्ति का अद्भुत नजारा पेश किया। यह दृश्य इतना मनमोहक था कि उपस्थित लोग इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित नज़र आए। सनराइज अकादमी के छात्रों ने भारत माता की झांकियां प्रस्तुत कीं, जबकि विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शहीद जगतपति कुमार अमर रहें के नारे लगाते रहे, जिससे पूरा वातावरण गूंज उठा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओबरा ने रैली के दौरान एंबुलेंस की व्यवस्था की। कार्यक्रम के दौरान सांसद राजाराम सिंह ने स्मारक विस्तार और सोलर लाइट लगाने की घोषणा की। वहीं एसडीओ अमित रंजन ने पेयजल सुविधा के लिए आरओ उपलब्ध कराने की बात कही। शहीद की स्मृति में आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं को सड़क दुर्घटना रोकथाम समिति के सदस्यों ने मोमेंटो और मेडल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्राचार्य दामोदर उपाध्याय, ट्रस्ट के पुष्कर अग्रवाल, नवलेश मिश्रा, चंदन सिंह, सहजानंद कुमार, रॉकी दुबे, आनंद विश्वकर्मा, गुड्डू सिंह, मुकेश कुमार, लवकेश दुबे, बिहारी कुमार और अभिषेक कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## 13 और 14 को नगर पंचायत नबीनगर में जन संपर्क कार्यक्रम करेंगे पूर्व सांसद वीरेन्द्र सिंह



**औरंगाबाद/नबिटा ब्यूरो।** औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह 13 और 14 अगस्त को नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत नबीनगर में जन संपर्क कार्यक्रम करेंगे। नगर अध्यक्ष नबीनगर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व सांसद 13 अगस्त की सुबह 10:30 बजे मुटूर बीघा, 11 बजे जयनगरा, 11:30 बजे देवराज बीघा, 12 बजे रंगा बीघा, 12:30 बजे गूर्दी, कुर्मी पोखर, 1 बजे रामनगर, 1:30 बजे खरौन्धा, 2 बजे जनकपुर पोखरा, 3 बजे दास मोहल्ला, 3:30 बजे रमजान बीघा, 4 बजे परसिया, 4:30 बजे महीप बीघा, 5 बजे मंगल बाजार, मस्जिद गली, 5:30 बजे मंसूरी मोहल्ला अंबेडकर नगर एवं 6 बजे शनीचर बाजार में जन संपर्क कार्यक्रम करेंगे। वहीं 14 अगस्त की सुबह 10:30 बजे सोनपुरा, 11 बजे टिल्हापुर, 11:30 बजे शंकरपुर, 12 बजे भानखाप, 12:30 बजे जोबे, 1 बजे नयका बीघा, 1:30 बजे साया, 2:30 बजे शिवा बीघा, 3 बजे अनंदुआ, अनंदुआ बीघा, 3:30 बजे कोसडीहरा, 4 बजे धनौती, 4:30 बजे बुढ़ी बांध, 5 बजे रामपुर, 5:30 बजे मुरली बलाई, 6 बजे भावानो खाप एवं 6:30 बजे सिराजपुर में जन संपर्क कार्यक्रम करेंगे। उक्त सभी कार्यक्रम में जदयू के वरीय कार्यकर्ता और नेता शामिल होंगे।

## जनसंवाद : 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना का लाभ सभी घरेलू उपभोक्ताओं को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार सुबह राज्यभर के विद्युत उपभोक्ताओं से जनसंवाद किया। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण रफीगंज प्रखंड के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग जुड़े। विद्युत विभाग के एसडीओ अशोक राज ने जानकारी दी कि राज्य सरकार ने 1 अगस्त 2025 से सभी घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति माह 125 यूनिट तक बिजली मुफ्त देने की घोषणा की है। इसके तहत उपभोक्ताओं को शून्य विद्युत बिल प्राप्त होगा। इसी के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री का यह जनसंवाद आयोजित किया गया।

लाइव प्रसारण रफीगंज के शहरी क्षेत्र के बंधन पैलेस राजा बगीचा, तथा ग्रामीण क्षेत्र के अरथुआ, भदवा, चेंव, गाजीकर्मा, पोगर, बद्दोपुर, बराही बाजार समेत कई विद्यालयों में संपन्न हुआ।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि 2008 में सरकार बनने के बाद बिजली क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सुधार किए गए। 2015 में 'हर घर बिजली' निश्चय योजना शुरू की गई और अक्टूबर 2018 तक सभी घरों में बिजली पहुंचा दी गई। उन्होंने कहा कि अब 1 करोड़ 89 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलेगी। साथ ही, अगले तीन वर्षों में इच्छुक उपभोक्ताओं के घरों की छतों या नजदीकी सार्वजनिक स्थलों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने की योजना है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि इस पहल से उपभोक्ताओं को बिजली बिल में राहत मिलेगी और सौर ऊर्जा के प्रसार से पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## उपभोक्ता सहायता योजना को लेकर सीएम का वर्चुअल जन संवाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना को लेकर सीएम नीतीश कुमार की वर्चुअल जन संवाद कार्यक्रम का प्रसारण कुटुंबा प्रखंड मुख्यालय के बहुउद्देशीय भवन, पंचायत सरकार भवन कुटुंबा, दधपा व रिसियप में किए गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि एक जुलाई से सभी घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली मुफ़्त दी जा रही है। अब उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 125 यूनिट तक बिजली खपत करने पर किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना होगा। इस योजना का लाभ पूरे प्रदेश के 1.89 करोड़ उपभोक्ताओं को मिलेगा। सीएम ने कहा कि प्रदेश के सभी गांव व टोले में बिजली पहुंचाई गई है। जन संवाद के दौरान 20 सूत्री अध्यक्ष प्रवीण कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष हरेंद्र कुमार, विद्युत विभाग के जेई प्रिय कंचन कुमार निराला, एमआरटी के एसडीईओ वीरेंद्र कुमार राम, असैनिक एसडीईओ अखिलेश्वर कुमार, पंसस प्रतिनिधि कंचन गुप्ता, पूर्व पंसस चुनमुन सिंह, विद्युत विभाग के दर्जनो कर्मी और उपभोक्ता शामिल थे।

## 16 अगस्त से शुरू होगा 'राजस्व महाअभियान' जमीन के कागज में होगी सुधार की पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** बिहार सरकार का राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग 16 अगस्त से 20 सितंबर 2025 तक राज्यव्यापी 'राजस्व महा-अभियान' चलाने जा रहा है। अभियान का उद्देश्य भूमि अभिलेखों की त्रुटियों का सुधार, उत्तराधिकार एवं बंटवारा नामांतरण को सरल बनाना और छूटी हुई जमाबंदियों को डिजिटाइज करना है। अभियान का मूल मंत्र ‪ल्लजमीन के कागज में करें सुधार, राजस्व विभाग पहुँचा आपके द्वारङ्क रखा गया है। इसके तहत पंचायत स्तर पर विशेष शिविर लगेंगे, जहां राजस्व कर्मियों की द्वि-सदस्यीय टीमें घर-घर जाकर रैयतों को आवेदन प्रपत्र और ऑनलाइन जमाबंदी की मुद्रित प्रति देंगी। रैयत आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में आवेदन जमा करेंगे, जिसका ऑनलाइन निष्पादन किया जाएगा।

जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय के निर्देश पर अंचल अधिकारियों की जनप्रतिनिधियों एवं राजस्व कर्मियों संग बैठकें हो रही हैं, ताकि चरणबद्ध और समयबद्ध कार्ययोजना के तहत अभियान को सफल बनाया जा सके। जिला प्रशासन ने सभी रैयतों व भूमि धारकों से अपील की है कि वे शिविरों में उपस्थित होकर अपने भूमि अभिलेखों को अद्यतन व त्रुटिरहित बनवाएं। यह पहल भविष्य के विवादों और प्रक्रियागत अड़चनों से भी बचाएगी।

## पशुओं में फिर से फैलने लगा लम्पी का कहर, पशुपालकों में बेचैनी

**डॉ रंजीत कुमार भारतीय/नबिटा ब्यूरो**

**जहानाबाद।** पशुपालकों को आर्थिक रूप से कमजोर करने वाली वायरल बीमारी लम्पी का संक्रमण फिर से फैलने लगा है। शुरूआती दौर में इस बीमारी का संक्रमण हुलासगंज प्रखंड के सुल्तानपुर समेत आस पास के कुछ गांवों में देखा जा रहा है। पिछले वर्ष भी इस बीमारी का कहर झेल चुके किसानों में हताशा का माहौल है।यह एक प्रकार का वायरस से फैलने वाला संक्रामक बीमारी है। इसके लक्षणों के संबंध में बताया गया कि इस बीमारी से प्रभावित मवेशियों में तेज बुखार, त्वचा पर गांठें (नोड्यूल)नाक और मुंह से स्राव, भूख न लगना, पैरों में सूजन और लंगड़ापन,दूध उत्पादन में कमी और समुचित देखभाल के आभाव में पशुओं में कमजोरी और मृत्यु भी होने की संभावना होती है। इस संबंध में हुलासगंज पशु अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉ सत्यप्रिय ने बताया कि विषाणु का संक्रमण जिस पशु में होता है उसके पांच दिनों बाद पशुओं में लक्षण दिखाई देने लगते हैं। इसमें पशुओं में तेज बुखार जो लगभग 106 डिग्री के आस पास हो जाता है। दुधारू मवेशी के दूध देने की क्षमता में लगातार ह्रास होता है। चूके यह त्वचा से संबंधित बीमारी है तो पशुओं के शरीर पर जगह जगह गांठें उभर जाती है, तथा सभी गांठें जख्म का रूप ले लेती है।उचित उपचार के आभाव में जख्म का आकार बड़ा हो जाता है। इस बीमारी से मवेशियों की मौत भी हो जाती है। इसके बचाव के बारे में बताया गया कि सबसे पहले पशुपालकों को यह जानना जरूरी है कि कोई भी वायरल बीमारी से बचने के लिए वैक्सीनेशन एक कारगर पहल है। उन्होंने बताया कि जैसे ही किसी पशु में इसका लक्षण दिखाई दे तो स्वस्थ्य पशुओं से उसे अलग रखने की व्यवस्था होनी चाहिए। गोशाले की साफ सफाई उचित तरीके से होनी चाहिए। उन्होंने पशुपालकों को सलाह दिया कि जिन पशुओं में लम्पी के लक्षण दिखाई दे तो टौल फ्री नंबर 1962 पर कॉल करें। जिससे चिकित्सक पशुपालकों तक पंहुच उचित इलाज कर सकेंगे साथ ही आवश्यक दवाएं भी दी जाएगी।

## 10 सूत्री मांगों को लेकर स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सिविल सर्जन कार्यालय का किया घेराव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



औरंगाबाद। आशा कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्य सेवा से जुड़े सैकड़ों कर्मियों ने 10 सूत्री मांगों को लेकर सिविल सर्जन कार्यालय का घेराव किया। इसके पहले शहर के गांधी मैदान से मुख्य बाजार होते हुए सदर अस्पताल के सिविल सर्जन कार्यालय तक आक्रोश मार्च निकाला और प्रदर्शन किया। सभी कर्मियों ने बिहार सरकार स्वास्थ्य विभाग के प्रति नाराजगी जताते हुए नारेबाजी की। इस दौरान भाकपा माले ने भी इनका साथ दिया। कर्मियों ने कहा कि बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के राज्य सामान्य परिषद की बैठक के निर्णय के अनुसार सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया जा रहा है। जानकारी देते हुए संयुक्त मंत्री संजय कुमार सिंह ने बताया कि गत वर्ष एनएचएम कर्मियों के कार्य बहिष्कार अवधि 22 जुलाई से तीन सितंबर 2024 का वेतन सहित उपार्जित अवकाश का समायोजन किया जाएं। इसके साथ ही पूर्व से जिन संवर्गो का जिला स्तरीय संपर्क था, उनका राज्य स्तरीय संवर्ग में किया गया परिवर्तन वापस कर दिया जाए। सभी संवर्ग के कर्मियों को सामान्य विभाग के तदर्थ पदोन्नति किया जाय। एएनएम, जीएनएम स्टाफ नर्स के लिए एमएसपी एवं सेवांत लाभ देने से पूर्व विभाग से स्वच्छता प्रमाण पत्र प्राप्त करने की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए। सिविल सर्जन द्वारा अधिकार क्षेत्र से बाहर अनुकंपा नियुक्त प्रखंड प्रसार प्रशिक्षकों की प्रोन्नति स्थापित करने के आदेश को रद्द किया जाए। एनएचएम सहित बिहार सरकार में 10 वर्षों से अधिक समय तक संविदा पर कार्यरत कर्मियों की सेवा को बगैर परीक्षा अथवा साक्षात्कार के स्थाई किया जाए। स्वास्थ्य विभाग में उर्मिला सहित अन्य आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को आउटसोर्स एजेंसी द्वारा असम्मानजनक वेतन भुगतान की कार्रवाई तथा श्रम विभाग के गाइडलाइन के अनुरूप कार्य नहीं लेने की जांच कर उचित कार्रवाई किया जाए। उसके साथ ही सभी कर्मियों को उपादान भुगतान अधिनियम 1972 के अंतर्गत निहित लाभ प्रदान किया जाए।

# मुख्यमंत्री महादलित झंडोत्तोलन कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर

## रोस्टर स्तर पर तीन पालियों में छह दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पुनपुन प्रखंड के कल्याणपुर पंचायत के डिहरी महादलित टोले में झंडातोलन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। डिहरी महादलीत टोले के 75 वर्षीय बुजुर्ग सेवानिवृत्त फौजी सुखु चौधरी के हाथों झंडातोलन होगा और इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिरकत करने जा रहे हैं। इस पूरे कार्यक्रम की तैयारी को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने कार्यक्रम की तैयारी को लेकर कार्यस्थल पर छह दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिसमें सुबह 6:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक उसके बाद दोपहर 2:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक और रात्रि 10:00 बजे सुबह 6:00 बजे तक दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिसमें अनिल कुमार बैठा (प्रखंड कृषि पदाधिकारी,) अनंत प्रकाश (किसान सलाहकार,) राजीव कुमार (मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी पुनपुन,) अभिषेक कुमार पंचायत सचिव, गौरीशंकर कुमार (कृषि समन्वयक) मनोज कुमार (रोजगार सेवक) आदि हैं।



# राजस्व महा अभियान को लेकर माइक्रो प्लान हुआ तैयार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ में राजस्व महाअभियान के तहत पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसका मुख्य उदेश्य जहां डिजिटलीकृत जमाबन्दीयों में त्रुटियों को ठीक करना, इसमें रैयत का नाम, खाता, खेसरा, रकबा और लगान जैसी जानकारी में अशुद्धियों को सुधारना शामिल है। छुटि हुई जमाबन्दीयों को ऑनलाइन करना यह अभियान उन मामलों को संबोधित करेगा। अंचलाधिकारी श्वेता कुमारी ने बताया कि यह अभियान तीन चरणों में बाँटा गया है। 18 जुलाई 2025 से 14 अगस्त 2025, इस चरण में जमाबन्दी रजिस्टरों का प्रिंट आउट निकालना अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित करना और घर-घर जाकर जमाबन्दी की प्रतियाँ फॉर्म और प्रपत्र वितरित करना है। वहीं16 अगस्त 2025 से 20 सितम्बर 2025, इस चरण के दौरान प्रत्येक राजस्व ग्राम के लिए गठित दों सदस्यीय दल घर-घर जाकर जमाबन्दी की प्रतियाँ, आवेदन प्रपत्र और पैम्फ्लेट वितरित करेंगे। 19 अगस्त 2025 से 20 सितम्बर 2025 तक पंचायत सरकार भवन या अन्य सरकारी भवनों में हल्कावार शिविर आयोजित किए जाएगें। 21 सितम्बर 2025 से 30 अक्टुबर 2025। शिविरों के दौरान प्राप्त सभी आवेदनों का नियमानुसार निष्पादित किया जाए। इस अभियान को अंचल के प्रत्येक रैयत तक पहुंचाना है। अभियान से जुड़े अन्य कर्मियों का अंचल स्तरीय राजस्व महा-अभियान के सफल संचालन हेतु कहा गया कि जिसमें घर-घर जाकर जमाबन्दी की प्रतियों, आवेदन प्रपत्र और पैम्फ्लेट का वितरण करना है।

## एक नजर

### मसौढ़ी जेल का किया निरीक्षण

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सहायक पुलिस अधीक्षक कमल मीणा मसौढ़ी में पदभार संभालते ही इन दोनों एक्टिव मोड में नजर आ रही है, लगातार विभिन्न थानों का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था समेत कई तरह के दिशा निर्देश करते दिख रही है। ऐसे में मंगलवार को कोमल मीणा द्वारा मसौढ़ी उपकारा का निरीक्षण किया गया तथा वहां की सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया गया। इसके साथ ही मसौढी जेल के अंदर की विधि व्यवस्था एवं बाहर की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए जेल प्रशासन को कई दिशा निर्देश दिए। जेल बंद विभिन्न मामलों में बंद कैदियों की भी जानकारी लिये।

### उपभोक्ताओं से किया संवाद

**पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार सरकार ने जुलाई से सभी घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 125 यूनिट तक बिजली बिल माफ करने की घोषणा की है। इसी को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के विद्युत उपभोक्ताओं से संवाद किया। पालीगंज प्रखंड में इस संवाद को सुनने के लिए आठ केंद्र–पालीगंज हाईस्कूल, चंदोस हाईस्कूल, कल्याणपुर, सियारामपुर, खनपुरा, लालगंज सेहरा, जरखा, और सिंगोड़ी के स्कूलों में लाइव टेलीकास्ट की व्यवस्था की गई थी। इन केंद्रों पर टीवी और उपभोक्ताओं के बैठने के लिए कुर्सियों का प्रबंध किया गया था। पालीगंज के चंदोस केंद्र पर विद्युत विभाग के सहायक आईटी मैनेजर पंकज कुमार और प्रखंड विकास पदाधिकारी मौजूद थे। इसी तरह सभी केंद्रों पर बिजली विभाग एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे । संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने भाग लिया और योजना की जानकारी प्राप्त की।

### परिचय कार्यक्रम का आयोजन

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मंगलवार को मदर्स इंटरनेशनल टीचर्स ट्रेनिंग अकादमी में अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया. नवागंतुक विद्यार्थियों ने अकादमी में नामांकन कराकर शिक्षकों एवं प्राचार्य से मिलकर प्रसन्नता प्रकट की और अकादमी में मिलने वाली सुविधाओं के प्रति संतुष्टि व्यक्त की। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. गुलिस्ता खातून, मदर्स इंटरनेशनल अकादमी की प्राचार्या सुप्रिया चटर्जी, कोऑर्डिनेटर शिशिर मल्लिक एवं टीचर्स ट्रेनिंग अकादमी के प्राध्यापकवृंद डॉ. सुनिता कुमारी, डॉ. सुजाता कुमारी, दीपक सिंह (अंग्रेजी विभाग), इंजमामुल हक, डॉ. त्रिपुरारी पांडे आदि उपस्थित थे. उन्होंने विद्यार्थियों का स्वागत किया तथा यहाँ उपलब्ध सुविधाओं से उन्हें अवगत कराया। प्राचार्या डॉ. गुलिस्ता खातून ने विद्यार्थियों की झिझक मिटाने हेतु अपनापन से युक्त स्वर में उन्हें बधाई दी और उनके मंगल भविष्य की कामना की. विद्यार्थी भी परिसर में संतुष्ट नज़र आए और प्राचार्य एवं प्राध्यापकों से मिलकर प्रसन्नता व्यक्त की।

### वेतन, पेंशन की मांग न्यायालय ले जाने पर बनी सहमति

**दरभंगा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्थानीय रमा वल्लभ जालान बेला महाविद्यालय, बेला के प्रधानाचार्य कक्ष मे गुरुवार को दरभंगा जिला के विभिन्न डिग्री महाविद्यालय के प्राचार्य की बैठक डॉक्टर नरेंद्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वेतन व पेंशन की लड़ाई को उच्च न्यायालय से लेकर उच्चतम न्यायालय तक जाने पर सहमति बनी कार्यक्रम का संचालन ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के सीनेट सह विद्वत परिषद सदस्य दो शंभू नाथ ठाकुर ने किया बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर से पहुंचे शिक्षक नेता डॉक्टर रणविजय सिंह ने कहा कि इस लड़ाई को जीतने का एकमात्र विकल्प न्यायालय बचा है। कोर्ट की इस लड़ाई में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कॉलेजों को साथ लेकर आगे बढ़ने पर मजबूती आएगी संगठन की कार्रवाई को पारदर्शी बनाए रखने के लिए विश्वविद्यालय स्तरीय एक कोर कमेटी बनाने की सहमति बनी आज की बैठक में आगंतुक सदस्य में विशिष्ट अतिथि बी आर ए बी यूनिवर्सिटी से डॉ रणविजय सिंह एवं आमंत्रित सदस्य ए एम एम कॉलेज से डॉ विजय कुमार झा सहित प्रमुख रूप से उपस्थित प्राचार्यों में आर बी जालान महाविद्यालय से डॉ नरेन्द्र कुमार चौधरी, बहेरा महाविद्यालय से प्रो उमेश चौधरी, काजी अहमद डिग्री कॉलेज, जाले से प्रो बदरे आलम, सती भारत डिग्री महाविद्यालय से प्रो धीरेन्द्र कुमार चौधरी, जनता डिग्री कॉलेज से प्रो विजय कुमार झा आदि थे।

### ज्यूडिशरी एकेडमी निर्माण को लेकर स्थल निरीक्षण

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन प्रखंड के पोठही कृषि फार्म में ज्यूडिशरी एकेडमी निर्माण को लेकर लगातार जिला प्रशासन की ओर से स्थल निरीक्षण किया जा रहा है। ऐसे में मंगलवार को जिला जज समेत कमीशनर डॉ चंद्रशेखर सिंह, जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन, एसएसपी कार्तिकेय शर्मा, एसडीएम मसौढी अभिषेक कुमार एवं न्यायाधीशों की टीम पोठही कृषि फार्म स्थल का निरीक्षण किया, जहां बताया जा रहा है कि पूरे कृषि फार्म के 90 बीघा जमीन को एक्वायर किया जा रहा है। जहां पर ज्यूडिशरी एकेडमी बनाया जाएगा। बताया जाता है की न्यायिक अधिकारियों, जैसे न्यायाधीशों और अन्य न्यायिक कर्मचारियों, को प्रशिक्षण और शिक्षा प्रदान करने के लिए ज्यूडीशियरी अकादमी बनाया जाना है। इसका मुख्य उद्देश्य न्यायपालिका की प्रभावशीलता और दक्षता में सुधार करना है। इसके अलावा नए नियुक्त न्यायाधीशों को उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को प्रभावी ढंग से निभाने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करना होता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम न्यायिक अधिकारियों को यह समझने में मदद करते हैं कि न्याय तक पहुंच कैसे सुनिश्चित की जाए।

# अपहृत राजेंद्र पासवान की खोजबीन में जुटी पुलिस

## जियाउद्दीनचक के आठ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के जियाउद्दीनचक गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। तनाव का माहौल दिख रहा है। ऐसे में एसएसपी कार्तिकेय शर्मा के निर्देश पर गांव में पुलिस कैंप कर रही है। वहीं अपहृत हुए राजेंद्र पासवान को लेकर तवातोड़ छापेमारी कर रही है। बहरहाल पूरे मामले में वादिनी शिला देवी पति राजेंद्र पासवान के बयान पर गांव के आठ लोगों पर अगवा कर हत्या कर देने की प्राथमीकी दर्ज की गई है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि इस पूरे मामले में आठ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें विजय यादव समेत अन्य सभी उनके परिजन शामिल हैं। पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर पूरी गहनता से छानबीन कर रही है। गौरतलब की बिते रविवार के अलहे सुबह दरधा नदी में रामनगर के पास में राजेंद्र पासवान के बेटे दिपक पासवान का शव बरामद की गई थी, उसके बाद से लगातार नदी के आसपास के सभी इलाकों में एसडीआरएफ टीम के माध्यम से सर्च अभियान चलाया जा रहा था।

# 125 यूनिट फ्री बिजली पर उपभोक्ताओं का संवाद शिविर, उपभोक्ताओं को दी गई बिजली बचत की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से बिहार में 125 यूनिट बिजली फ्री देने का एलान किया गया है. ऐसे मे मंगलवार को मसौढी में 20 चयन स्थल पर पंचायत स्तर से प्रखंड मुख्यालय तक विशेष शिविर लगाकर घरेलू उपभोक्ताओं से संवाद शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन में एलईडी स्क्रीन, प्रोजेक्टर, टीवी के माध्यम से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को दिखाकर उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया। मसौढी में लगभग 20 जगहों से उपभोक्ता इस कार्यक्रम में वेबकास्टिंग के माध्यम से जुड़ें। मुख्यमंत्री के संदेश को एलईडी के जरीये दिखाया गया। विधुत कार्यपालक अभियंता पवन कुमार ने बताया कि इस संवाद में मुख्यमंत्री योजना के लाभ, इसके क्रियान्वयन और इससे जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा किया गया।इसके अलावा उन्होंने बताया की घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को 125 यूनिट हर महीने फ्री बिजली देने का फैसला लिया, जिसका सीधा लाभ उपभोक्ताओं को मिल रहा है. जिनकी बिजली खपत 125 से कम है उन्हें बिजली मुफ्त में मिलेगी लेकिन जिन उपभोक्ताओं की बिजली खपत ज्यादा है उन्हें बिजली की खपत में 125 यूनिट घटा कर बिजली बिल का भुगतान करना होगा। बीडीओ प्रभाकर कुमार ने उपभोक्ताओं को बिजली बचत चाइनीज तार न लगाने आदि के बारे में जागरूक किया आयोजन में सुनिल कुमार वर्मा, आशीष देव, अशोक सिंह उज्जवल कुमार, गोल्डी कुमार, रंजीत पटेल, लालमोहन सिंह, कृष्ण सिंह, संजय केसरी के अलावा बिजली बिभाग से विमलेश कुमार, जितेंद्र कुमार, मनोज कुमार, राजमोहन गुप्ता आदी शामिल रहे।



# एनसीसी कैडेटों ने शहर में निकली तिरंगा रैली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हर तरफ देशभक्ति का जुनून सर चढ़कर बोल रहा है ऐसे में मंगलवार को पुनपुन में 29 बिहार बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अमित कुमार के निर्देशन में एसएमडी कॉलेज पुनपुन के एनसीसी कैडेट्स द्वारा हर घर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य महोदय प्रो (डॉ) मधुरेंद्र और एनसीसी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार के मार्गदर्शन में 65 से अधिक एनसीसी कैडेट्स ने बढ़ चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। तिरंगा रैली में कैडेट्स के हाथों में भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय हिंद जैसे देशभक्ति से स्लोगन वाली पोस्टर लेकर पुनपुन बाजार में मार्च किया। इस रैली का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना प्रोत्साहित किया गया। स्थानीय लोगों ने तिरंगा रैली का जगह जगह पर स्वागत किया और देश के सम्मान में पूरे पुनपुन बाजार वासी भावुक होकर भारत माता की जय वंदे मातरम के नारा लगाने लगा प्रति समर्पण की पहल की सराहना की। तिरंगा रैली के अवसर पर उपस्थित पूर्व प्रधानाचार्य डॉ राकेश कुमार, बर्सर डॉ राजीव रंजन सीमा कुमारी, रंजीत कुमार, राधेश्याम सुमन, मो. मिराज हुसैन, 65 एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।



## बच्चों ने गांव की गलियों में घूम कर देशभक्ति का दिखाया जोश

**मसौढ़ी।** हर घर तिरंगा महोत्सव के तहत मसौढ़ी के प्राथमिक विद्यालय में मिरचक के सभी बच्चों के द्वारा मंगलवार को तिरंगा रैली निकाली गई। प्राध्यापक दिपक कुमार शर्मा ने रैली को तिरंगा फहराकर रवाना किया। विद्यालय के सभी बच्चों ने हाथों में तिरंगा लहराते हुए गांव के लोगों को घर-घर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान नारे लगाते हुए बच्चों ने गांव की गलियों को देशभक्ति से ओत प्रोत कर दिया। ग्रामीणों ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए बच्चों संग नारे लगाए। तिरंगा रैली का मुख्य उद्देश्य भारत के प्रत्येक नागरिक में अपने देश के प्रति आदर सम्मान व देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना है। प्रधानाध्यापक दीपक शर्मा ने बताया की हर घर तिरंगा महोत्सव के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय मिरचक मे बच्चो ने रंगोली बनाया एवं तिरंगा झंडा के साथ गली भ्रमण किया। इस अवसर प्रधान शिक्षक सोनी कुमारी ने राष्ट्रीय पर्व के महत्व को बताया। राखी कुमारी ने राष्ट्रीय झंडा के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतिमा कुमारी ने बच्चों को रंगोली बनाने मे सहयोग कर झंडा के महत्व को बताया। बहरहाल मसौढ़ी के सभी स्कूल मे प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र ठाकुर के आदेशानुसार झंडा महोत्सव मनाया गया।

# पालीगंज में एक ही परिवार के तीन बच्चों की अचानक मौत

## नाना घर गये थे तीनों बच्चे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज।** प्रखंड अंतर्गत खिरीमोड गांव में मंगलवार को अचानक तबीयत बिगड़ने से एक ही परिवार के तीन सगे भाई-बहनों की मौत हो गई। इस घटना से पूरे इलाके के लोगों को विचलित कर दिया है। जानकारी के अनुसार, अरवल जिले के मसूद्पुर गांव निवासी मोहन ठाकुर के बच्चे – 7 वर्षीय निधि कुमारी, 5 वर्षीय निखिल कुमार उर्फ विकास कुमार और 3 वर्षीय मोहित कुमार – अपने नाना कामेश्वर ठाकुर के घर खिरीमोड गांव आए हुए थे। मंगलवार सुबह तीनों की अचानक तबीयत बिगड़ गई। पहले स्थानीय चिकित्सक से इलाज कराया गया, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। इसके बाद परिजनों ने उन्हें पालीगंज अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने निखिल और मोहित को मृत घोषित कर दिया। गंभीर हालत में निधि को पटना पीएमसीएच भेजा गया, लेकिन इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया।

अचानक हुई इन मौतों के कारण का अब तक पता नहीं चल सका है। एक ही घर के तीन बच्चों की मौत से परिवार पर ग़म का पहाड़ टूट पड़ा है। शवों को अरवल स्थित उनके पैतृक गांव ले जाया गया, जहां माहौल ग़मगीन है। पूरे गांव में इस दर्दनाक हादसे की चर्चा है और लोग यह समझ नहीं पा रहे कि ऐसा कैसे हो गया।

# देसी लोडेड पिस्तौल व दो जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** अपराध की योजना बना रहे एक युवक को मसौढी पुलिस ने रंगे हाथ एक देसी लोडेड पिस्तौल दो जिंदा कारतुस के साथ युवक को रंगे हाथ दबोच लिया है, गिरफ्तार युवक का नाम यीशु कुमार पिता इंद्रजीत प्रसाद तारेगना मठ का रहने वाला बताया जाता है। थानध्यक्ष ने बताया कि इसकी गिरफ्तारी तारेगना मुशहरी के पास से हुई हैं, गुप्त सूचना के आधार पर जानकारी मिली थी कि तारेगना मुसहरी के पास हथियार के साथ युवक बैठा हुआ है ऐसे में सूचना मिलते ही सूचना का सत्यापन करते हुए तारीख में मुसहरी के पास से इस युवक की गिरफ्तारी की गई है इसके पास से लोडेड देशी पिस्तौल और कारतूस जब्त किए गए हैं गिरफ्तार युवक से पूछताछ की जा रही है हालांकि गिरफ्तार युवक ने बताया कि यह पिस्तौल अपने किसी दोस्त को देने आया था, पूरे मामले की गहनता से छानबीन की जा रही है कि आखिर यह पिस्तौल किसी को देने आया था या कोई अपराध करने आया था या फिर जिसे देने आया था वह किस तरह प्रवृत्ति का है।

# पक्षकारों तक नोटिस पहुंचना मध्यस्थता अभियान की सफलता की गारंटी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** मध्यस्थता अभियान एवं राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिव गोपाल मिश्र ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों एवं थानाध्यक्षों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता अभियान एवं राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थिति के लिए पक्षकारों को नोटिस जारी किया जा रहा है। पक्षकारों तक नोटिस पहुंचना अभियान की सफलता की गारंटी है। नोटिस के जरिए हीं पक्षकारों को मालूम होता है कि उनका मुकदमा सुलह समझौता के जरिए समाप्त होगा। उन्होंने एसडीपीओ को विशेष रूप से निगरानी करने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जुनैद आलम ने कहा कि नोटिस तामिल करने वाले कर्मी भी पक्षकारों को बताये कि नोटिस सुलह समझौता कराने के लिए भेजा गया है, ताकि पक्षकारों को किसी तरह का संदेह न हो। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव आरती कुमारी ने बताया कि दरभंगा सदर के साथ-साथ बेनीपुर एवं बिरौल न्यायालयों द्वारा भी नोटिस जारी किया जा रहा है। नोटिस तामिले के बाद रिपोर्ट संबंधित न्यायालय अथवा विधिक सेवा के कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिए। राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितंबर को होगा जबकि मध्यस्थता की कर्यवाही प्रतिदिन चल रही है और यह अभियान 30 सितंबर को समाप्त होगा।



# स्थायीकरण की मांग को लेकर भू सर्वेक्षण कर्मियों ने काली पट्टी बांध किया विरोध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर अंचल में विशेष भू सर्वेक्षण कार्य में लगे संविदा कर्मियों ने स्थायीकरण करने और 60 वर्ष सेवा करने की मांग को लेकर 11 अगस्त से हड़ताल पर चले गए हैं। हड़ताल के दूसरे दिन काली पट्टी बांध कर विरोध जताया। 16 अगस्त से राजस्व महा अभियान चला कर भू स्वामियों का जमीन से संबंधित त्रुटियों का निराकरण करने के लिए भूमि सुधार विभाग युद्ध स्तर पर करने की योजना है, जो हड़ताल रहने से कार्य प्रभावित हो रही है। विशेष सर्वेक्षण कानूनगो विमलेश कुमार ने बताया कि विशेष सर्वेक्षण कार्य में लगे संविदा कर्मियों को विभाग द्वारा कार्य करने का आदेश जारी किया है, लेकिन हड़ताल में विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, विशेष सर्वेक्षण अमीन एवं लिपिक सम्मिलित किया गया है जिससे अब कार्य बाधित हो सकता है। कारण विशेष सर्वेक्षण सभी कर्मी सेवा नियमित करने, सेवा 60 वर्ष करने, अन्य विभागों में समायोजन कर कनीय अभियंता, सहायक अभियंता एवं उच्च वर्गीय लिपिक के पद पर 5 अंक प्रतिवर्ष अधिमानता देकर और प्रति वर्ष वेतन बढ़ोतरी को लेकर अपने-अपने अंचल में 11 अगस्त से 14 अगस्त तक काली पट्टी बांध कर सरकार का विरोध कर रहे हैं। सरकार के द्वारा मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार नहीं की जाती है तो 16 अगस्त से पटना गर्दनीबाग धरना स्थल पर अनिश्चितकालीन सत्याग्रह पर जाने के लिए विवश होंगे। इसके पहले भी 2022 एवं 2023 में अपनी सभी मांगों को लेकर धरना सत्याग्रह का रास्ता अपनाया था। तब विभाग के द्वारा खास कर वर्तमान सचिव जय सिंह के द्वारा सहमति जताने के बावजूद अब तक लागू नहीं किया गया जिससे विशेष भू सर्वेक्षण कार्य में लगे संविदा कर्मी निराश है। विभाग के प्रति कर्मियों में उदासीनता देखा जा सकता है। मदनपुर अंचल के एएसो अमित कुमार तिवारी, कानूनगो विमलेश कुमार, सौरभ कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन अंशु कुमारी, नीतू कुमारी, दिव्या भारती, भावना कुमारी, मोनिका राज, मौसम कुमारी, अक्षय कुमार, सन्नी कुमार गुप्ता, विपुल उत्कर्ष, सन्नी कुमार, राहुल कुमार, रवि रंजन कुमार, अभय कुमार गोंड, विशाल कुमार, विकाश कुमार, सचिन कुमार और अन्य सभी कर्मी उपस्थित थे।




## पैसेंजर स्पेशल ट्रेनों का आवागमन

आगामी भाद्र माह एवं जन्माष्टमी की अवधि के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, निम्नलिखित पैसेंजर स्पेशल ट्रेनें निम्नानुसार चलेंगी:–

• **03445/03446 देवघर–सुलतानगंज–देवघर एमईएमयू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन** निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, चलने की तिथियों, ठहराव एवं गठन के अनुसार चलेगी:–

| देवघर–सुलतानगंज पैसेंजर स्पेशल | | | 03445 03446 | सुलतानगंज–देवघर पैसेंजर स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चलने की तिथि | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | चलने की तिथि |
| 15.08.2025 (शुक्रवार) | – | 17.00 | देवघर | 09.40 | – | 16.08.2025 (शनिवार) |
| | 18.10 | 18.15 | बांका | 08.15 | 08.20 | |
| | 18.55 | 18.57 | बाराहाट | 07.35 | 07.37 | |
| | 21.00 | 21.05 | भागलपुर | 06.25 | 06.30 | |
| | 22.00 | – | सुलतानगंज | – | 05.45 | |

**चलने की तिथि: देवघर से – 03445** दिनांक 15.08.2025 (शुक्रवार) को = 01 ट्रिप और **सुलतानगंज से – 03446** दिनांक 16.08.2025 (शनिवार) को = 01 ट्रिप। **गठन:** 12 कार एमईएमयू रेक।

• **03442/03441 जमालपुर – देवघर – जमालपुर पैसेंजर स्पेशल ट्रेन (साप्ताहिक)** का आवागमन रविवार को उनके मौजूदा गठन, ठहराव, समयसूची के अनुसार निम्नानुसार जारी रहेगाः **आवागमन की तिथियाँ: जमालपुर से 03442 और देवघर से 03441** दिनांक 17/08, 24/08, 31/08, 07/09 और 14/09/2025 (रविवार) को = 05 ट्रिप (दोनों दिशाओं)।

• **03444/03443 देवघर – गोड्डा – देवघर पैसेंजर स्पेशल ट्रेन (साप्ताहिक)** का आवागमन रविवार को उनके मौजूदा गठन, ठहराव, समयसूची के अनुसार निम्नानुसार जारी रहेगाः **आवागमन की तिथियाँ: देवघर से 03444 और गोड्डा से 03443** दिनांक 17/08, 24/08, 31/08, 07/09 और 14/09/2025 (रविवार) को = 05 ट्रिप (दोनों दिशाओं)।

**टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी पैसेंजर स्पेशल ट्रेनें मार्ग में सभी स्टेशनों पर भी रुकेंगी।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### धनबाद मंडल में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वतंत्रता दिवस उत्सव-2025 के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत आज धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र की अध्यक्षता में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, धनबाद से हिल कॉलोनी, रेलवे हॉस्पिटल कॉलोनी एवं डीएस कॉलोनी होते हुए धनबाद रेलवे स्टेडियम तक तिरंगा यात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर मंडल के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।




### एक शाम स्वर्गीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नाम

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज फरोग- ए - अदब, गिरिडीह गाजी नगर, बरवाडीह में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा के महानगर उपाध्यक्ष नौशाद अहमद चांद ने कहा कि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जेएमएम नगर अध्यक्ष रॉकी सिंह ने की, मंच संचालन सरफराज चांद ने की, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेएमएम के वरिष्ठ नेता इरशाद अहमद बारिश थे, इस कार्यक्रम के मुख्य रूप से वशिष्ठ अतिथि नौशाद अहमद चांद, सतीश केडिया, राजेश सिंहा, इमरान आलम सहित मुख्य रूप से शामिल रहे, इस सफल आयोजन में विशेष सहयोग सलमान रिजवी, मुख्तार हुस्नी, जावेद हुसैन, सलीम परवाज, सरफराज चांद, एकरामुल हक, राशिद जमील, मोइनद्दीन शम्सी, वसीम अहमद वसीम, क्रांति कुमार सहित कई अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे



### अखिल भारतीय यादव महासभा ने जन्मष्ठमी को लेकर की बैठक

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज अखिल भारतीय यादव महासभा के द्वारा गिरिडीह संकट मोचन मंदिर में जन्मष्ठमी को लेकर बैठक राजेन्द्र प्रसाद यादव के अध्यक्षता में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि समिति के संरक्षक मैं (स्वयं), दिपक यादव, गबर यादव, रंजित यादव, कृष्ण यादव, महेन्द्र यादव,सरजू यादव, अशोक यादव, नंदकिशोर यादव,नमन यादव, अरुण यादव,आशीष यादव समेत उपस्थित रहे।आप सभी गिरिडीह वासियों के सहयोग से लगातार 36 वर्षो से कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया जा रहा है। आप सभी गिरिडीह वासियों से आग्रह है कि कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनावें और पुण्य के भागी बने अखिल भारतीय यादव महासभा के सभी पदाधिकारी ने एक स्वर में बोला की इस बार भी बहुत धूम धाम से कृष्ण जन्माष्टमी मनाया जाएगा।



### अभिनंदन समारोह में सम्मानित हुए डॉ महाचंद्र सिंह

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महाराजगंज प्रखंड के बजरहिया में स्थित प्रो सुबोध कुमार सिंह के निवास स्थान पर भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री बिहार सरकार डॉक्टर महाचंद्र प्रसाद सिंह का नागरिक अभिनंदन एक समारोह आयोजित कर किया गया। इस अवसर पर महाराजगंज के पूर्व विधायक हेम नारायण शाह तथा काफी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थे। मौके पर प्रो सुबोध कुमार सिंह द्वारा डॉक्टर महाचंद्र प्रसाद सिंह एवं उपस्थित सभी माननीय गणमान्य व्यक्तियों को अंग वस्त्र एवं कलम देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले प्रो सुबोध सिंह ने पूर्व मंत्री बिहार सत्कार डॉ महाचंद्र सिंह को स्वर्ण आयोग का अध्यक्ष बनने पर बधाई देते हुए अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस उपलब्धि के बाद महाचंद्र बाबू द्वारा स्वर्ण समाज को उचित अधिकार प्राप्त होगा। वही डॉक्टर महाचंद्र प्रसाद सिंह ने विश्वास दिलाया कि समाज के उत्थान के लिए मैं हमेशा प्रयत्नशील रहूंगा.



### दिशोम गुरु शिबू सोरेन को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री सह दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के बाद न सिर्फ झारखंड बल्कि पुरे देश में शोक की लहर है, हर कोई दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर दुःख व्यक्त कर रहा है और उन्हें श्रद्धाजलि दे रहा है। इसी कड़ी में गिरिडीह चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा बरगंड़ा स्थित चैम्बर ऑफ कॉमर्स के कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस शोक सभा का आयोजन चैम्बर ऑफ कॉमर्स, वस्त्र व्यवसायी संघ, माईका एक्स्पोर्ट्स एसोसिशन व सीए एसोसिशन ने संयुक्त रूप से किया इस दौरान जहां उपस्थित लोगों ने सबसे पहले दिशोम गुरु शिबू सोरेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा झ सुमन अर्पित किया, वंही उपस्थित लोगों ने झारखण्ड अलग राज्य निर्माण में दिशोम गुरु के द्वारा किये गए आंदोलन ओर उनके योगदान को विस्तार से बताया और कहा की दिशोम गुरु न सिर्फ आदिवासियों बल्कि पिछडों, शोषितों, वंचितों के लिए कई ऐसे कार्य किये हैं जिन्हे कभी भूला नहीं जा सकता, शिबू सोरेन को ऐसे ही नहीं दिशोम गुरु कहा जाता है।

# साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन, जांचोपरांत यथोचित कार्रवाई का मिला आश्वासन



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनता दरबार आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है। इसका उद्देश्य लोगों की वास्तविक समस्याओं को सुनना और उन्हें त्वरित समाधान प्रदान करना है जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया। आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु आए करीब दर्जनों लोगों से उपायुक्त ने मिलकर उनकी समस्याएं सुनी तथा जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस प्रकार बारी-बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट भी निष्पादन किया गया। जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से भूमि विवाद, मईया समान योजना से जुड़ी समस्याएं, दिव्यागजन हेतु ट्राई-साइकिल की मांग, भूमि विवाद, दाखिल खारिज, स्वास्थ्य विभाग, पेंशन, राशन, भू अर्जन, पेयजल, अबुआ आवास योजना, शिक्षा विभाग व विद्यालय संचालन से संबंधित मुद्दे, स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता एवं अन्य व्यक्तिगत व सामुदायिक समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। उपायुक्त ने सभी आवेदकों की समस्याएं सहजता, संवेदनशीलता एवं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें ताकि आमजन को राहत मिल सके। उपायुक्त ने बताया कि मंगलवार एवं शुक्रवार के अलावा भी आमजन अपनी समस्याओं को लेकर समाहरणालय आ सकते हैं, संबंधित विभाग को अपना आवेदन दे सकते हैं, उनके आवेदन का त्वरित निराकरण किया जायेगा। जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने कहा कि जनता दरबार आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है। इसका उद्देश्य लोगों की वास्तविक समस्याओं को सुनना और उन्हें त्वरित समाधान प्रदान करना है। हमारा प्रयास है कि जिला प्रशासन हर नागरिक तक प्रभावी ढंग से पहुँचे और विश्वास का वातावरण बने। गौरतलब हो कि समाहरणालय में प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है, जिसमें जिलेवासी उपायुक्त से मिलकर अपनी समस्याएं साझा करते हैं तथा उनकी समस्याओं का ऑन द स्पॉट निराकरण भी किया जाता है। उपायुक्त ने कहा कि जन समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निष्पादन और प्रभावी समाधान करना जनता दरबार का उद्देश्य है।

## किशोर कुमार मंडल के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई

**विष्णुगढ़ /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय में 12 अगस्त मंगलवार को विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल प्रभारी मिथिलेश पाठक, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र कुमार बरनवाल (दीपू भाई) की गरिमामई उपस्थिति में मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल के नेतृत्व में सार्वजनिक दुर्गा मंदिर रमुआ से भव्य तिरँगा यात्रा निकाली गई। तिरँगा यात्रा सात मील चौक से प्रखंड मुख्यालय होते हुए अस्पताल चौक,अखाड़ा चौक ,चेडरा पंचायत के ढंगरटोली में समापन किया गया।इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने भारत के वीर सपूतों आजादी के जननायकों को याद कर नारे लगाए। तिरंगा यात्रा में विष्णुगढ़ पश्चिम मंडल के सभी शक्ति केन्द्रों से पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सम्मिलित हुए तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से मधुसूदन प्रसाद, सुनील मिश्रा, शंकर प्रसाद बर्मन, रवि पांडे, डोमन प्रसाद गुप्ता, सुखदेव मंडल, गोवर्धन महतो, अशोक कुमार, प्रभु प्रसाद विश्वकर्मा, राजेश सोनी, डब्ल्यू सोनी, विनोद गुप्ता द्वारका साव, संतोष साव नकुल साव, राजू साव, दीपक रजक, अनूप कसेरा, शंकर सिंह, वकील सिंह, तिलेश्वर साव, राजेंद्र प्रसाद, संजय प्रसाद, रामधन माली, विनोद साव, तुकलाल महतो समेत भाजपा कार्यकर्ता दर्जनों शामिल थे ।



## उपायुक्त ने किया सहायक आचार्य नियुक्ति को लेकर डीआरडीए सभागार में चल रही जिला स्तरीय काउंसलिंग का निरीक्षण

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने समग्र शिक्षा अभियान कार्यालय में सहायक आचार्य नियुक्ति को लेकर डीआरडीए सभागार में चल रहे जिला स्तरीय काउंसलिंग कार्य का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त ने सहायक आचार्य (6-8 वर्ग, गणित एवं विज्ञान) पद के लिए चल रहे काउंसलिंग को लेकर संबंधित अधिकारियों व कर्मियों को निर्देशित किया कि सरकार का आदेश विज्ञापन प्रकाशन में दिए गए मानदंड तथा नियुक्ति नियमावली के नियमों को शत प्रतिशत अनुपालन करते हुए कार्य करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु बनाए गए हेल्प डेस्क द्वारा किये जा रहे कार्यों का जायजा लिया दस्तावेजों का किया जा रहा है सत्यापन काउंसलिंग में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को अपने सभी मूल प्रमाण-पत्रों के साथ-साथ दो-दो स्वप्रमाणित प्रतियों की जांच की जा रही है। ये दस्तावेज दो अलग-अलग फोल्डरों में क्रमवार जमा किये जा रहे हैं। जिन पर अभ्यर्थी का नाम, अनुक्रमांक, विषय, पिता का नाम और श्रेणी स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए। दस्तावेजों की जांच के दौरान यदि कोई कमी पाई जाती है, तो मौके पर ही सुधार का विकल्प दिया जाएगा, लेकिन अंतिम निर्णय प्रशासनिक मानकों पर आधारित होगा। इसके अतिरिक्त दस्तावेज सत्यापन के बाद चयनित अभ्यर्थियों को पदस्थापन पत्र जारी किए जाएंगे और उन्हें संबंधित विद्यालयों में नियुक्त कर दिया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से यह प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ संचालित की जा रही है। उपायुक्त के निर्देश पर शिक्षा विभाग और चयन आयोग समन्वय बनाकर कार्य कर रहा है, ताकि जिले के सरकारी विद्यालयों में योग्य शिक्षकों की बहाली जल्द से जल्द पूरी की जा सके।



## अति शीघ्र जमीन सर्वे शुरू होने की प्रबल संभावना

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एक ओर अति शीघ्र जमीन सर्वे शुरू होने का प्रबल संभावना तथा दूसरी ओर माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी अंचल अधिकारी तिसरी द्वारा किसानों के जमीन से संबंधित मूल रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति नहीं देने के तानाशाही रवैये के साथ उपायुक्त गिरिडीह श्री राम निवास यादव एवं नेता प्रतिपक्ष श्री बाबूलाल मरांडी के खड़े होने से उत्पन्न हुई चुनौतियों का सामना करने हेतू रणनीति बनाने को लेकर किसान जनता पार्टी के संस्थापक सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक किजपा कार्यालय न्यू बरगंडा गिरिडीह में हुआ । बैठक को संबोधित करते हुए किसान जनता पार्टी के केंद्रीय कमिटी अध्यक्ष सह अधिवक्ता अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि पूरे मौजा के रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति किसी रैयत के पास नहीं होने के वजह से ही आज अंचल अधिकारी किसी रैयत का जमीन ऑनलाइन रजिस्टर टू में अवैध तरीके से भूमाफियाओं के नाम पर चढ़ा दे रहे हैं। यदि एक बार किसी मौजा के संपूर्ण रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति निकल जाएगा तो अंचल अधिकारी उस मौजा के रजिस्टर टू में छेड़ छाड़ नहीं कर सकेंगे और गरीब रैयत का जमीन कोई हड़प नहीं सकेगा। उपायुक्त का यह सवाल कि एक आदमी पूरे मौजा के रजिस्टर टू का प्रति मांगनेवाला होता कौन है, पर नाराजगी जताते हुए किसान जनता पार्टी के कार्यालय सचिव विजय कुमार ने कहा कि एक ओर उपायुक्त कार्यालय से गिरिडीह जिला के सभी अंचल अधिकारी को माननीय झारखंड उच्च न्यायालय के रिट याचिका संख्या 5925/2022 के आलोक में रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति याचिकाकर्ता अवधेश कुमार सिंह को देने का आदेश दिया जाता है वहीं दूसरी ओर मौखिक रूप से उपायुक्त महोदय रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति नहीं देने को कहते हैं जो जिला प्रशासन का दोहरा चरित्र है। जिला प्रशासन के इस दोगलापन का मजबूती से खिलाफत करना होगा। किसान जनता पार्टी के तिसरी अंचल अध्यक्ष नीलम कुमारी ने कहा कि हम तिसरी अंचल के 32 मौजा के किसानों से रजिस्टर टू का प्रति हेतू रुपैया लेकर नाजीर रसीद तक काट दिया है और अब उपायुक्त महोदय पूछते हैं कि पूरे मौजा का रजिस्टर टू का प्रति एक व्यक्ति को क्यों दें? तो उपायुक्त महोदय को भी यह बताना पड़ेगा कि अंचल अधिकारी ने एक ही व्यक्ति से पूरे मौजा के रजिस्टर टू के प्रति हेतू राशि अब से 20 महीना पहले क्यों लिया था? उपायुक्त कार्यालय से एक व्यक्ति को पूरे गिरिडीह जिला के रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति देने को अंचल अधिकारी को क्यों कहा गया था? बुद्धूडीह, बूढ़ाचांच, बहुरियाडीह, दूधवाटोल, लोहारी सहित अन्य मौजा में एक ही व्यक्ति को पूरे मौजा का रजिस्टर टू का प्रति क्यों दिया गया और तिसरी अंचल के हरिजन आदिवासी गांवों के पूरे मौजा का रजिस्टर टू का प्रति क्यों नहीं दिया जाता है? बैठक में सर्वसम्मति से, गिरिडीह जिला के सभी मीडिया कार्यालय के प्रमुख से यह प्रार्थना करने का निर्णय लिया गया कि वे पीड़ित किसानों की ओर से उपायुक्त गिरिडीह से यह सवाल पूछें कि माननीय झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी वे तिसरी अंचल के रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति याचिकाकर्ता को क्यों नहीं दिलाना चाहते हैं? रजिस्टर टू का प्रति हेतू तिसरी अंचल में शुल्क जमा लेने और रजिस्टर टू का प्रति नहीं देने को उपायुक्त उचित कैसे मान रहे हैं। बैठक में कुंजलाल साव, दासो मुर्मू, जोशील मरांडी, घनश्याम पंडित, टिप्पण ठाकुर, मुंशी मुर्मू, खुशबु देवी, गीता देवी, महादेव विश्वकर्मा, भागीरथ राय, जहाँगीर अंसारी, ललिया देवी, दहनी देवी, सामू हेम्ब्रोम, संतोष बास्के, बसिया टुडू, ठुडा हेम्ब्रोम, मालती देवी, बडकी किस्कु, संझली हेम्ब्रोम, सबीना हेम्ब्रम सहित अनेको किसान उपस्थित रहें बैठक के बाद सभी किसान सभी अखबार के कार्यालय प्रमुख को जाकर ज्ञापन दिए।

## झोलाछाप चिकित्सक की लापरवाही से एक महिला मरीज की हुई मौत, ग्रामीणों ने किया हंगामा

**विष्णुगढ़ हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विष्णुगढ़-गोमियां मार्ग एक्सिस बैंक के समीप चेडरा पंचायत में स्थित लक्ष्मी नर्सिंग होम में झोलाछाप चिकित्सक की लापरवाही से एक महिला मरीज की मौत हो गई। इसको लेकर गुस्साए ग्रामीणों ने लक्ष्मी नर्सिंग होम में ताला जड़ दिया और लाश को बाहर रखकर हंगामा खड़ा कर दिया। इस संबध में ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उक्त अस्पताल में महिला मरीज का एपेंडिक्स तथा बच्चेदानी का ऑपरेशन करना था और महिला मरीज की खून की कमी थी उसके बावजूद भी ऑपरेशन किया गया। दो दिनों के इलाज के उपरांत मरीज की तबियत बिगड़ने लगी तो मरीज को रेफर कर दिया गया, जिसके कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। सोमवार की सुबह जब मृतका के परिजन अस्पताल में शव लेकर आये तो अस्पताल के सारे स्टाफ और कथित डॉक्टर वहाँ से फरार हो गए। यह लक्ष्मी नर्सिंग होम में मरीजों का मौत का अड्डा बन गया है, ग्रामीणों ने बताया कि इसके पूर्व भी एक बुजुर्ग महिला की हल्की फुल्की बुखार में चालीस सलाइन की बोतल उस महिला के शरीर में चढ़ा दी गई थी, जिसके चलते बुजुर्ग महिला की मौत हो गई थी, जिसके बाद में ग्रामीणों ने हंगामा किया था। विष्णुगढ़ में कई ऐसे नर्सिंग होम है जो धडल्ले से चलाए जा रहे हैं, निजी नर्सिंग होम में मरीजों के साथ प्रायः घटना घटती रहती है, बिचौलियों एवं हनक रखनेवालो की वजह से मामले ऐसे हीं दबा दिए जाते है। विष्णुगढ़ में निजी अस्पताल संचालको एवं अल्ट्रासाउंड सेंटरों में भ्रूण की अवैध जाँच, गर्भपात धड़ल्ले से किए जाते है, वहीँ निजी अस्पतालों में कन्या भ्रूण हत्या आम सी हो गई है। बिना डिग्री के फर्जी डॉक्टर भी बेरोकटोक बड़े-बड़े ऑपरेशन करते है, जिससे मरीजो की जान पर बन आना या मौत आम सी घटना हो गई है।

## सीएससीए के 36वें चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

### पहले दिन पदमा, एकतारा, तुरिया करमा और मलकपुर की जीत

**चौपारण (हजारीबाग) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में चौपारण स्पोर्ट्स एंड कल्चरल एसोसिएशन द्वारा आयोजित 36वां चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ मंगलवार को धूमधाम से हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन दृष्टि आई हॉस्पिटल के संचालक इमरान खान, सीएससीए अध्यक्ष तस्लीम रजा और सेना के जवान राहुल कुमार ने संयुक्त रूप से किया। पहले दिन खेले गए मुकाबलों में दर्शकों ने रोमांचक खेल का आनंद लिया। उद्घाटन मैच में पदमा ने मयुरहंड को एकतरफा अंदाज में 4-0 से पराजित किया। दूसरे मुकाबले में एकतारा ने गंगा आहार को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। तीसरे मैच में तुरिया करमा ने सिंघरांवा को 2-0 से मात दी, जबकि चौथा मुकाबला मलकपुर और सेवाल करमा के बीच खेला गया। टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल कौशल और टीम वर्क का प्रदर्शन किया। इस आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान देने वालों में राहुल कुमार, अजय यादव, अंशु राय, राजा कुमार, सूरज कुमार, अमरजीत कुमार, विक्रम कुमार, सचिन कुमार, बबन कुमार और अमन कुमार के नाम उल्लेखनीय रहे। सीएससीए परिवार द्वारा बताया गया कि इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 15 अगस्त को खेला जाएगा। उस दिन विविध खेलकूद कार्यक्रम होंगे। पुलिस प्रशासन और स्थानीय टीम का प्रदर्शनी मैच भी होगा। आयोजन स्थल चौपारण ब्लॉक मैदान पर खेल प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ रही है, जिससे खिलाड़ियों का उत्साह दोगुना हो गया है।



## उपायुक्त ने गाण्डेय प्रखण्ड में समुदाय आधारित ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु गण्डेय एस एक्शन फोर रिसाइकिलिंग वास्ते एंड वैल्यू चैन (प्रोजेक्ट गर्व) से संबंधित समन्वय बैठक की, दिए जरूरी दिशा-निर्देश

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में गिरिडीह जिला अन्तर्गत गाण्डेय प्रखण्ड में समुदाय आधारित ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु गण्डेय एस एक्शन फोर रेसाइकिलिंग वास्ते एंड वैल्यू- चैन (प्रोजेक्ट गर्व) से संबंधित समन्वय बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि गांडेय प्रखंड अंतर्गत सभी 26 पंचायतों में समुदाय आधारित ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु प्रसंस्करण का कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कूड़ा कचड़ा और ठोस एवं तरल अपशिष्ट पदार्थो को रीसाइकल किया जाएगा। आगे उपायुक्त ने कहा कि गांडेय प्रखंड के सभी 26 पंचायतों में ठोस अपशिष्ट को संग्रहित करना, परिवहन करना और वैज्ञानिक तरीके से उसका प्रबंधन करने की आवश्यकता है। इस कार्य हेतु उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को अलग-अलग टास्क सौंपे। साथ ही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु रणनीति तैयार करने हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा उपायुक्त ने कहा कि इस कार्य में जनसहभागिता भी काफी महत्वपूर्ण है। सभी के सहयोग और समन्वय से ही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु बनाए गए रणनीति को लागू किया जा सकेगा, जिसका लाभ वहां के स्थानीय लोगों मिल सकेगा। बैठक में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल 1/2, श्री कुमार प्रेमचन्द, वॉश विशेषज्ञ, यूनिसेफ, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जसलपीएस समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।




## एनटीपीसी बादाम कोल ब्लॉक मुआवजा कार्यक्रम में बवाल, ग्रामीणों ने अधिकारियों व पुलिस पर किया पथराव

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हजारीबाग जिले के बड़का गांव प्रखंड में मंगलवार को एनटीपीसी बादाम कोल ब्लॉक के भूमि मुआवजा भुगतान कार्यक्रम के शुरू होने से पहले ही माहौल तनावपूर्ण हो गया। यह कार्यक्रम किसानों को अर्जित भूमि के लिए मुआवजा राशि देने और उससे जुड़ी समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। जिला भू-अर्जन कार्यालय के कर्मी, अंचल निरीक्षक, राजस्व कर्मचारी एवं एनटीपीसी के कुछ अधिकारी कार्यक्रम में मौजूद थे। पहले यह आयोजन प्रखंड मुख्यालय में होना था, लेकिन बाद में स्थान बदलकर महंगाई कला पंचायत भवन कर दिया गया। कार्यक्रम शुरू होने से पूर्व ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अधिकारियों एवं पुलिस के साथ तीखी नोकझोंक हुई, जो देखते-देखते हिंसक रूप ले ली। आक्रोशित ग्रामीणों ने पत्थरों से हमला कर एनटीपीसी बादाम परियोजना के अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को घायल कर दिया। इस दौरान सरकारी व पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ की गई तथा कुछ समय के लिए अधिकारियों को बंधक बना लिया गया। सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा और किसी तरह स्थिति को काबू में किया गया। फिलहाल इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है, लेकिन भारी पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही हमले में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में मनाया गया एंटी-रैगिंग डे और सप्ताह

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के अंगीभूत महाविद्यालय बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय और संजय गांधी गव्य प्रौद्योगिकी संस्थान में एंटी-रैगिंग डे एवं सप्ताह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर बिहार वेटरनरी कॉलेज में हिंदी और अंग्रेजी में वाक्पटुता प्रतियोगिता तथा ई-पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ह्लसीनियर और जूनियर के बीच मित्रतापूर्ण संबंध रैगिंग के बिना भी संभव हैह्व विषय पर आधारित इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रैगिंग न करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी जब बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण कर पेशेवर शिक्षा के संस्थानों में प्रवेश लेते हैं, तो उन्हें घर से अलग एक नया माहौल मिलता है, जिसमें खुद को ढालना कभी-कभी चुनौतीपूर्ण होता है। ऐसे में हर छात्र और उनके अभिभावक चाहते हैं कि उन्हें सुरक्षित, मित्रतापूर्ण और सहज वातावरण मिले। इस माहौल को बनाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी सीनियर विद्यार्थियों की होती है। उन्होंने कहा कि पहले कई संस्थानों में रैगिंग के मामले सामने आते थे, जिनमें विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब सिस्टम ने इसे गंभीरता से लिया है और किसी भी हाल में इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कुलपति ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे करियर निर्माण के इस दौर में रैगिंग से दूर रहें और अपने जूनियर्स के लिए प्रेरणादायक, सहयोगी और प्रोत्साहन देने वाला माहौल तैयार करें, जिससे उनकी प्रतिभा पूरी शक्ति से विकसित हो सके। बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. जे.के. प्रसाद ने कहा कि कोई भी प्रतिभा कुंठित माहौल में विकसित नहीं हो सकती, इसलिए स्वच्छ और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है, विशेषकर विद्यार्थियों की कि वे अपने जूनियर्स का ख्याल रखें और उन्हें प्रोत्साहित करें। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण पदाधिकारी डॉ. ए.के. शर्मा ने ह्यशेयरिंग इज केयरिंगह्ण के मंत्र को आत्मसात करने की अपील करते हुए कहा कि सीनियर छात्र अपने जूनियर्स के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें। उन्होंने रैगिंग से जुड़ी शिकायतों के गंभीर परिणामों पर भी चर्चा की और छात्रों से प्रोफेशनलिज्म के साथ आगे बढ़ने तथा अपने जूनियर्स को सदैव मोटिवेशन, स्नेह और सहयोग देकर आगे बढ़ाने की सलाह दी। वाद-विवाद प्रतियोगिता में स्वाति कुमारी ने प्रथम, आयुष आर्यन ने द्वितीय और अनुष्का प्रिय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, ई-पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में रहनुमा अंजुम प्रथम, निखिल कुमार झा द्वितीय और अमृत कुमार तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को कुलपति डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. रत्नेश कुमार चौधरी, डॉ. शाहदेव डे, डॉ. सिउली शाहा रॉय, डॉ. भूमिका, डॉ. सोनी, डॉ. रोहित सहित अन्य संकाय सदस्यों ने सक्रिय योगदान दिया।



CMYK

# 125 यूनिट मुफ्त बिजली से लाखों परिवारों को मिलेगी आर्थिक राहत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के लाखों विद्युत उपभोक्ताओं के साथ सीधा संवाद किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य सरकार द्वारा बिजली उपभोक्ताओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं विशेषकर 125 यूनिट पर पूर्ण अनुदान योजना की जानकारी सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाने और उन्हें योजना से संबंधित सभी प्रश्नों के उत्तर प्रदान करना था। राज्य स्तरीय इस संवाद कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एवं लाइव वेबकास्टिंग पूरे बिहार में किया गया, ताकि सभी जिलों एवं चयनित स्थलों के उपभोक्ता रीयल टाइम में मुख्यमंत्री की बात सुन सकें और योजना के लाभ को समझ सकें। औरंगाबाद जिले में यह कार्यक्रम नगर भवन में विद्युत विभाग के तत्वावधान में भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने की। उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, जिला कार्यव्ययन कार्यक्रम समिति के उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य कार्यक्रम के अतिरिक्त जिले के 54 चयनित स्थलों पर भी सीधा प्रसारण से जुड़ने की व्यवस्था की गई थी। इन सभी स्थानों पर बड़ी स्क्रीन, साउंड सिस्टम एवं इंटरनेट कनेक्टिविटी की विशेष व्यवस्था की गई, जिससे उपस्थित उपभोक्ता निर्बाध रूप से संवाद कार्यक्रम का लाभ उठा सकें। कार्यक्रम के सुचारू संचालन एवं सुरक्षा हेतु सभी स्थलों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की गई। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य में बिजली उत्पादन एवं वितरण के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि बिहार में ऊर्जा क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। उन्होंने बताया कि 125 यूनिट पर पूर्ण अनुदान योजना लाखों परिवारों को आर्थिक राहत प्रदान करेगी और इससे उपभोक्ताओं का मासिक बिजली बिल लगभग समाप्त हो जाएगा। साथ ही, उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु बिलिंग एवं मीटरिंग प्रणाली को भी तकनीकी रूप से सुदृढ़ किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह योजना राज्य के ऊर्ज़ा क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगी। इससे न केवल उपभोक्ताओं का आर्थिक बोझ घटेगा, बल्कि विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता भी बढ़ेगी। मुख्य कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी ने प्रतीक स्वरूप चयनित लाभार्थियों को शून्य बिजली बिल की रसीद प्रदान की, जिसे उपस्थित उपभोक्ताओं ने उत्साहपूर्वक स्वीकार किया।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शनी, नगर परिषद अध्यक्ष उदय कुमार गुप्ता, रेड क्रॉस सोसाइटी सतीश कुमार सिंह, विद्युत विभाग के वरीय अधिकारी एवं कर्मी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में बिजली उपभोक्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित उपभोक्ताओं ने राज्य सरकार की इस पहल का स्वागत किया और कहा कि यह योजना उनके जीवन में वास्तविक परिवर्तन लाने वाली है। उन्होंने मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।




# 14 अगस्त को पंजाब नैशनल बैंक का मेगा ऋण मुक्ति शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पंजाब नैशनल बैंक आगामी 14 अगस्त 2025 को औरंगाबाद, अरवल एवं रोहतास जिलों में अपनी सभी शाखाओं में 'अनर्जक ऋण शोधक शिविर' के रूप में मेगा ऋण मुक्ति शिविर आयोजित करने जा रहा है। इस विशेष अभियान का उद्देश्य चूककर्ताओं को एकमुश्त निपटान (ओटीएस) या भुगतान के माध्यम से अपने ऋण खाते नियमित करने का अवसर प्रदान करना है। शिविर का मुख्य आयोजन अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय, अरवल, अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय, रोहतास एवं बैंक के मंडल कार्यालय, औरंगाबाद में होगा। बैंक ने स्पष्ट किया है कि बकाया ऋण समय पर न चुकाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। अब तक कई चूककर्ताओं के खिलाफ जिला नीलाम शाखा में सर्टिफिकेट केस दर्ज कर वारंट निर्गत किए गए हैं और गिरफ्तारी भी हुई है। बैंक ने अपील की है कि जिन ग्राहकों के ऋण खाते अनियमित हैं, वे नजदीकी शाखा या शिविर में पहुंचकर अपने बकाया का निपटान करें। समय रहते कार्रवाई करने पर न केवल ब्याज व दंड से राहत मिल सकती है, बल्कि कानूनी कार्रवाई से भी बचा जा सकता है।

## सिन्हा कॉलेज में प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र की दूसरी प्रवेश परीक्षा संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय स्थित प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र में ग्रीष्मकालीन सत्र के लिए दूसरी प्रवेश परीक्षा मंगलवार को संपन्न हुई। इससे पूर्व 6 अगस्त को पहली प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गौरतलब है कि यह केंद्र बिहार सरकार के बिहार राज्य पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित है। यहां पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को बीपीएससी, एसएससी, रेलवे, बीएड, बैंकिंग सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क तैयारी कराई जाती है। मंगलवार को आयोजित जांच परीक्षा के माध्यम से प्रशिक्षण केंद्र में नामांकन के लिए चयन प्रक्रिया पूरी की गई। परीक्षा का सफल संचालन प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक एवं जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. मोहम्मद मसऊद आलम, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक शशिकांत कुमार, चंदन कुमार और आमिर गुफरान की देखरेख में हुआ। परीक्षा के दौरान व्यवस्था सुचारू रखने के लिए पूरे स्टाफ ने सक्रिय भूमिका निभाई। अधिकारियों ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को आगामी सत्र से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की व्यवस्थित और निशुल्क कोचिंग दी जाएगी, ताकि वे प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें।



## विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी से रेड रन अभियान हुआ सफल : डॉ. सुधीर मिश्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय परिसर में मंगलवार को जिला स्तरीय रेड रन 2025 का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सच्चिदानन्द सिन्हा कॉलेज औरंगाबाद, राम लखन सिंह यादव कॉलेज औरंगाबाद, अनुग्रह मेमोरियल सिंह कॉलेज नबीनगर और दाउदनगर कॉलेज दाउदनगर के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बिहार एड्स नियंत्रण समिति, पटना के निर्देश पर पूरे राज्य में रेड रन का आयोजन किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के तहत औरंगाबाद जिला के लिए तिथि तय थी, जिसके तहत सुबह 11 बजे से दौड़ प्रतियोगिता संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन रेड रन क्लब के जिला नोडल पदाधिकारी बहादुर भीम कुमार सिंह के निर्देशन में और पटना से आए साधन सेवी असीम के मार्गदर्शन में किया गया। दाउदनगर से देव, नबीनगर से मुकेश अपने छात्रों के साथ विशेष रूप से उपस्थित थे। पुरुष वर्ग में नितीश कुमार (राम लखन सिंह यादव कॉलेज) प्रथम, नंदन कुमार (राम लखन सिंह यादव कॉलेज) द्वितीय, धीरज कुमार (सच्चिदानन्द सिन्हा कॉलेज) तृतीय, आनंद कुमार रजक (अनुग्रह मेमोरियल सिंह कॉलेज) चतुर्थ और अंकित कुमार (दाउदनगर कॉलेज) पंचम स्थान पर रहे। महिला वर्ग में साक्षी कुमारी (राम लखन सिंह यादव कॉलेज) प्रथम, रेशम कुमारी (राम लखन सिंह यादव कॉलेज) द्वितीय, अंजनी कुमारी (दाउदनगर कॉलेज) तृतीय, सोनाली कुमारी (राम लखन सिंह यादव कॉलेज) चतुर्थ और संध्या कुमारी (राम लखन सिंह यादव कॉलेज) पंचम स्थान पर रहीं। प्रथम पांच स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया, जिनमें से तीन प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी से ऐसे आयोजनों का उद्देश्य सार्थक होता है। कार्यक्रम में डॉ. संजीव रंजन, डॉ. नागेंद्र कुमार, सूबेदार मेजर एनसीसी, राजेंद्र बाबू और शशिकांत कुमार भी मौजूद रहे।




## दावा एवं आपत्ति पंजीकरण कार्यों की अपर समाहर्ता ने की गहन समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2025 के तहत आज औरंगाबाद जिले के हसपुरा प्रखंड में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह ने दावा एवं आपत्ति पंजीकरण कार्यों की गहन समीक्षा की। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी भी उनके साथ मौजूद रहे। श्री सिंह ने प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए वहाँ कार्यरत ब्लॉक लेवल ऑफिसर्स से अभियान की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने तथा गलत प्रविष्टियों के संशोधन की प्रक्रिया को सावधानीपूर्वक और समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता ने निर्देश दिया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2025 की कार्ययोजना के अनुसार प्रत्येक पात्र नागरिक से घर-घर संपर्क कर उनके नाम, पते और पहचान संबंधी विवरणों की पुष्टि की जाए, ताकि कोई भी योग्य मतदाता मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मतदाता सूची की शुद्धता ही स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया की नींव है, इसलिए इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने बीएलओ को यह भी कहा कि यदि किसी मतदाता के दस्तावेज़ की पुष्टि में कोई कठिनाई आती है तो उसे तत्काल उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया जाए, जिससे समय रहते समाधान सुनिश्चित किया जा सके। जिला प्रशासन ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे अपने-अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदाता सूची में दर्ज अपने नाम, पते और अन्य विवरण की जांच करें तथा जिनका नाम सूची में नहीं है या जिनके विवरण में त्रुटि है, वे निर्धारित अवधि में दावा या आपत्ति अवश्य दर्ज कराएं।

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2025 के अंतर्गत यह अभियान 1 अगस्त से 1 सितंबर 2025 तक संचालित किया जा रहा है और अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 30 सितंबर 2025 को किया जाएगा। प्रशासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी योग्य मतदाता मताधिकार से वंचित न हो।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

औरंगाबाद। जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र में सोमवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मो. जब्बार अंसारी के 25 वर्षीय पुत्र एजाज के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, एजाज अपने चचेरे भाई आलम अंसारी के साथ बाइक से ससुराल कुसुमी गांव जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे एजाज गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें आनन-फानन में दाउदनगर अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे और शव देखते ही मातम मचा। मृतक मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके निधन से परिवार पर गहरा आर्थिक संकट आ गया है। घटना की सूचना पर दाउदनगर थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।




## अंजनी दौड़ेगी राज्य स्तर की 'रेड रन' मैराथन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन के रेड रिबन कार्यक्रम के अंतर्गत 'रेड रन' रेस का आयोजन एस सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद में हुआ। दाउदनगर महाविद्यालय से प्रतिभागियों की टीम लेकर एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ देव प्रकाश ने इसमें दाउदनगर महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। रेस के पुरुष वर्ग में पांचवा स्थान प्राप्त दाउदनगर महाविद्यालय के छात्र अंकित कुमार को पुरस्कृत किया गया। वहीं रेस में महिला वर्ग में तृतीय स्थान दाउदनगर महाविद्यालय की बी.ए सेमेस्टर तीन की बॉटनी की छात्रा अंजनी कुमारी को मिला जो अब पटना में राज्य स्तर पर होने वाली रेड रिबन रेस में औरंगाबाद जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।

## मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह थाना क्षेत्र के अकौनी गांव में मारपीट में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव निवासी रामलखन यादव के 30 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार के रूप में हुई है। मृतक के बड़े भाई मुकेश यादव के अनुसार, घटना 21 जुलाई की रात हुई थी। उनके चचेरे भाई अजित कुमार गांव के ही कर्ण पासवान के घर कुत्ता काटने की शिकायत करने गए थे, इसी दौरान विवाद बढ़ गया। आरोप है कि कर्ण पासवान ने ईंट और पत्थर से हमला कर दिया। उस समय राकेश अपने घर की छत पर बैठे थे, लेकिन उन पर भी ईंट और पत्थर से हमला कर दिया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद उन्हें तुरंत गोह सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। इलाज के क्रम में सोमवार देर रात उनकी मौत हो गई। मंगलवार सुबह शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी सेम्फुला देवी बार-बार बेहोश हो रही थीं। मृतक के चार छोटे-छोटे बच्चे हैं – उत्कर्ष कुमार, अंशु कुमारी, निशा कुमारी और आयुषी कुमारी। थानाध्यक्ष मो. इरशाद ने बताया कि मारपीट के मामले में पहले ही प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट होंगे, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक – कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

## प्रसव के दौरान महिला की मौत ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** रफीगंज रोड स्थित एक निजी क्लिनिक में मंगलवार को प्रसव के दौरान एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान दामोदरपुर गांव निवासी साजन आलम की 30 वर्षीय पत्नी रोजी खातून के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 9 बजे परिजन रोजी खातून को प्रसव के लिए डॉ. एन. आलम के निजी क्लिनिक में भर्ती कराए थे। दोपहर लगभग 12 बजे ऑपरेशन से पहले उन्हें एक इंजेक्शन लगाया गया, जिसके कुछ ही देर बाद उनकी हालत बिगड़ गई और मृत्यु हो गई। अचानक हुई इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने रफीगंज-बैदरबाद मुख्य सड़क को टायर जलाकर जाम कर दिया और विरोध प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर गोह थानाध्यक्ष मो. इरशाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतका के परिजनों से आवेदन मिलने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। लगभग डेढ़ घंटे तक चले जाम के कारण राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।



## शहर में बने प्याऊ केंद्र की स्थिति बदहाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** शहर में बनाए गए प्याऊ केंद्र की स्थिति इन दिनों काफी बदहाल हो गई है। बता दें वर्षों पहले शहर में नागरिकों का प्यास बुझाने के लिए प्याऊ केंद्र का निर्माण कराया गया था परंतु अब लोगों को नल से जल नहीं मिल रहा है। योजना को धरातल पर उतारने की सोच प्यासे को प्यास बुझाना था। किसी को प्यास से तड़पते देना नहीं था लेकिन स्थिति क्या है अब धरातल पर देखा जा सकता है। प्याऊ केंद्र का देखभाल कौन करेगा यह जिम्मेवारी किसकी है किसी को पता नहीं है। प्याऊ केंद्र में पानी नहीं है। बता दें कि शहर के ब्लाक मोड़ के पास वर्षों पहले पूर्व सांसद सुशील कुमार सिह की निधि से प्याऊ केंद्र का निर्माण कराया गया था। उस समय उनकी सोच थी कि यहां आने वाले नागरिकों को पानी मिलेगा परंतु ऐसा नहीं हो सका। प्याऊ केंद्र में जलापूर्ति की सुविधा नहीं है। यहां रहे नागरिकों ने बताया कि कुछ दिन प्याऊ से लोग प्यास बुझाए फिर बेकार हो गया। यही हाल शहर के नावाडीह मोड़ स्थिति महावीर मंदिर के पास बना प्याऊ खराब पड़ा है। मंदिर में पूजा करने जाने वाले श्रद्धालु हाथ पांव धोकर मंदिर में प्रवेश करते थे। नावाडीह निवासी दिनेश सिंह, पप्पू कुमार सहित बताते हैं कि जब प्याऊ केंद्र का निर्माण कराया गया था तो कुछ समय तक अच्छा से चला परंतु इसके बाद देखरेख के अभाव में प्याऊ केंद्र खराब हो गया। पानी के लिए आमजन को इधर-उधर भटकना पड़ता है। इतना होने के बावजूद भी जनप्रतिधियों और अधिकारियों का ध्यान नहीं है।



**वर्षों पहले बने प्याऊ केंद्र से नागरिकों को नहीं मिल रहा पानी**

## कूड़ा रखने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** रफीगंज प्रखंड के पौथु थाना क्षेत्र के दल बिगहा गांव में कूड़ा रखने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना घटी। इस घटना में पिता-पुत्र जख्मी हो गए। जख्मियों में उक्त गांव निवासी विभीषण यादव एवं पुत्र रंजय कुमार शामिल है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मियों ने बताया कि घर के बाहर एक कूड़ा रखने को लेकर पड़ोसियों से विवाद हुआ। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच बहसबाजी शुरू हो गई। मामला धीरे-धीरे तूल पकड़ लिया। आवेश में पड़ोसियों ने लाठी-डंडे से मारपीट की, जिससे दोनों पिता पुत्र जख्मी हो गए। घटना के बाद परिजनों ने दोनों जख्मी पिता-पुत्र को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में सदर अस्पतालों रेफर कर दिया।

## राम लखन सिंह यादव कॉलेज से निकाली गई हर घर तिरंगा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत संचालित हर घर तिरंगा अभियान के तहत, जो 02 अगस्त से 15 अगस्त तक चलाया जा रहा है, मंगलवार को रामलखन सिंह यादव कॉलेज, औरंगाबाद के प्रांगण से एक भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। यह रैली कॉलेज परिसर से प्रारंभ होकर धर्मशाला, अदरी नदी किनारे स्थित सूर्य मंदिर, शाहपुर होते हुए पुनः कॉलेज परिसर में संपन्न हुई। रैली में लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान मेरा तिरंगा - मेरा अभिमान, भारत माता की जय वंदे मातरम और ल्हर घर तिरंगा - घर-घर तिरंगा जैसे राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत नारों की गूंज ने पूरे मार्ग का वातावरण देशभक्ति से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर रैली प्रतिभागियों ने नगरवासियों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. विजय राजक ने कहा कि ल्तिरंगा हमारी एकता, अखंडता और गर्व का प्रतीक है। इस अभियान के माध्यम से हम हर नागरिक को तिरंगे के सम्मान और देशप्रेम का संदेश देना चाहते हैं। बरसर डॉ. विवेक कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में देशभक्ति की भावना और मजबूत होती है तथा समाज में जागरूकता का प्रसार होता है। प्रधान सहायक कार्तिकेय तिवारी ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में सभी की सहभागिता आवश्यक है, क्योंकि यह अभियान केवल ध्वज फहराने का नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्र के गौरव को सलाम करने का है। रैली में विशेष रूप से डॉ. नरेश कुमार सिंह, डॉ. सुनील कुमार गुप्ता, डॉ. इरशदुल्लाह, डॉ. संजय कुमार रमन, अकाउंटेंट विवेक कुमार, राज कुमार सिंह, मुकेश कुमार, आर्यन कुमार सहित अन्य शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।



